




# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची,धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

वर्ष : 2,अंक : 244


मूल्य ₹ 6

आमंत्रण मूल्य ₹ 3 मात्र

पृष्ठ संख्या 12

धनबाद, रविवार 15 दिसंबर 2024, मार्गशीर्ष पूर्णिमा संवत 2081


## न्यूज इन ब्रीफ



### लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत बिगड़ी

**नयी दिल्ली।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वे आईसीयू में भर्ती हैं. अस्पताल के मुताबिक उनकी हालत स्थिर है. 97 साल के आडवाणी को करीब दो दिन पहले अस्पताल लाया गया था. उनके परिवार ने बताया कि उन्हें सर्दी-खांसी की परेशानी हुई थी, जो प्रदूषण के चलते और बढ़ गई. फिलहाल उन्हें 48 घंटे के लिए न्यूरोलॉजी विभाग में डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में रखा गया हैं.

### अल्लू अर्जुन घर लौटे घर पर जुटे प्रशंसक

**हैदराबाद।** एक्टर अल्लू अर्जुन शनिवार सुबह जेल से निकलकर अपने घर आकर आ गए. उनके घर पर मिलने वालों का तांता लग गया. अल्लू अर्जुन को घर पर देखकर विजय देवरकोंडा का चेहरा खिल उठा. वह अपने दोस्त को देखकर इमोशनल हो गए. विजय ने अल्लू को देखते ही गले लगा लिया. दोनों बहुत देर तक गले मिलते रहे। ऐसा लग रहा था कि विजय को अल्लू अर्जुन के जेल जाने का बहुत दुख हुआ. अल्लू के घर के बाहर भी प्रशंसकों की भीड़ जमा हो गयी.

### भाजपा शासित राज्यों में हिंदू खतरे में : ठाकरे

**हैदराबाद।** महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी नेता और विधायक आदित्य ठाकरे ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी है. आदित्य ने हिंदुत्व के अलावा महाराष्ट्र की नई सरकार, संसद में प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि बीजेपी का चुनावी हिंदुत्व सभी के सामने लेकर आए. बीजेपी चुनाव के लिए हिंदुत्व का इस्तेमाल करती है.

### नूह में फिर से तनाव छावनी में तब्दील हुआ

**नूह (यूपी)।** हत्या के मामले में संलिप्त आरोपियों की पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं होने व फरार आरोपियों को गांव में बसाने के विरोध में लहरवाडी गांव में दो पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ. इसी संघर्ष में एक युवती की आग लगने से मौत हो गई। पीड़ित पक्ष जहां युवती की मौत को लेकर आरोपी पक्ष पर हत्या का आरोप लगा रहा है तो वहीं दूसरा पक्ष युवती के आत्मदाह की बात कह रहा है. इस बारे में फिलहाल पुलिस कुछ बोलने को तैयार नहीं है.

**सौगात :** संथाल दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री पहुंचे बरहेट, कई योजनाओं का उदघाटन-शिलान्यास किया

# मंईयां सम्मान महिलाओं को महंगाई से राहत दिलाने का एक प्रयास : हेमंत

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने दो दिवसीय संथाल दौरे के क्रम में शनिवार को दूसरे दिन साहेबगंज जिले के अपने विधानसभा क्षेत्र बरहेट के भोगनाडीह पहुंचे. मौके पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया और परिसंपत्तियों का वितरण किया. उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य की 50 लाख महिलाओं के खाते में हर माह 1000 रूपये पहुंचाने का काम किया. आज जहां देश में महंगाई आसमान छू रही है, दिन-ब-दिन हमारी आय की बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही. ऐसे में महिलाएं नया रोजगार शुरू कर सकें और उन्हें इस महंगाई से राहत मिल पाए. इसे लेकर हमने महिलाओं के खातों में 1000-1000 रुपये डालने का काम किया. चुनाव प्रचार के दौरान भी हमने लगातार विकास कार्यों को जारी रखने के लिए आपसे सरकार को दोबारा मौका देने का आग्रह किया. आप लोगों ने भी फिर से अपने राज्य को हौसला देने और एकता को चुनने का काम किया. कार्यक्रम में विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू, हेमलाल मुर्मू सहित कई उपस्थित थे.

### 24784.550 लाख की योजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री ने साहिबगंज जिले को लगभग 24784.550 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी. कुल 224 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया. 53 योजनाओं का उद्घाटन व 171 योजनाओं का शिलान्यास हुआ. वहीं पाकुड़ जिला को लगभग 10084.879 लाख रु की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी. कुल 107 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया. 34 योजनाओं का उद्घाटन किया.

## आजादी के बाद पहली बार किसी राज्य की महिलाओं को दी जा रही है इतनी बड़ी राशि



सीएम ने आगे कहा कि देश आजाद होने के बाद पहली बार किसी राज्य की महिलाओं को इतनी बड़ी राशि दी जा रही है, जबकि झारखंड देश का सबसे गरीब राज्य है. यहां सबसे ज्यादा बेरोजगारी है. यह राज्य पलायन का दंश भी झेल रहा है. हमारे खनिज संपदा से देश जगमगाता है. लेकिन हमारे आदिवासी-मूलवासी के जीवन स्तर में कोई अंतर नहीं देखने को मिलता है. हमने ये संकल्प लिया है कि इस कलंक को मिटाने का काम करेंगे. झारखंड में हो रहे महिला सशक्तिकरण के कार्यों को पूरा देश देख रहा है. इसलिए अब दोबारा सरकार आपके द्वार का कैंप लगेगा और हम विकास की गठरी आपके द्वार तक ले जाने का काम करेंगे. दिशोम गुरू शिबू सोरेन के लंबे संघर्ष के बाद हमें झारखंड राज्य मिला. इसलिए चुनौती बहुत बड़ी है. यह राज्य हमलोग ले सकते हैं. यहां हम सरकार बना सकते हैं, तो हम इस राज्य का सर्वांगीण विकास भी कर सकते हैं. आपलोगों ने जो आशीर्वाद हमें दिया है, जो विश्वास हम पर जताया है. उसे हम टूटने नहीं देंगे। बस आपसे एक अपील है कि आप सरकार के साथ खड़े रहे और सरकार की योजनाओं पर भरोसा दिखाएं.

**शहीदों को किया नमन :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन सिदो-कान्हू मुर्मू पार्क भोगनाडीह, बरहेट, साहिबगंज में अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव एवं वीरांगना फूलो-झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की.

**विरोध :** प्रशासन अलर्ट, निषेधाज्ञा लागू, तीन-चार छात्र नेता हिरासत में

# राज्य भर से जुटे आक्रोशित छात्र आज घेरेंगे जेएसएससी कार्यालय

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षा में अनियमितता का आरोप लगाते हुए छात्र आंदोलित हैं. परीक्षा में अनियमितता की जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर छात्रों ने रविवार को जेएसएससी कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया गया है. राज्य भर से छात्रों का जुटान रांची में होगा. शनिवार को ही विभिन्न जिलों से छात्रों का रांची पहुंचना शुरू हो गया है. पुलिस ने तीन-चार छात्र नेताओं को हिरासत में भी लिया है.छात्र आर-पार की लड़ाई के मूड में रांची में जुट रहे हैं. उधर जेएसएससी के अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है, लेकिन छात्र आंदोलन पर अडिग हैं.

**घेराव को अडिग, पूरे राज्य से पहुंच रहे हैं छात्र व छात्र नेता :** संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएल) 2023 के परिणाम रद्द करने की मांग पर छात्रों का विरोध तेज हो गया है. रविवार को हजारों की संख्या में छात्रों के रांची के नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय के बाहर घेराव-प्रदर्शन करने की तैयारी है. इसे लेकर रांची पुलिस और प्रशासन अलर्ट पर है. झारखंड पुलिस के खुफिया विभाग ने सभी जिलों के एसपी को सतर्क किया है. स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट के अनुसार, रांची हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद, बोकारो. गिरिडीह, जमशेदपुर, दुमका, सरायकेला, पलामू और गढ़वा से करीब 4000-5000 छात्र इस प्रदर्शन में शामिल हो सकते हैं.

**जेएसएससी ने कहा** सीजीएल परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं, उपलब्ध कराया गया सीडी ब्लैंक



### आंदोलन को राजनीतिक दलों का समर्थन

छात्रों के आंदोलन को कई प्रमुख विपक्षी राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिल रहा है. भाजपा ने इस मुद्दे को सदन में भी उठाया है. वहीं विधायक जयराम महतो ने भी माले को जोरदार ढंग से सदन में उठाते हुए सरकार को घेरने की कोशिश की थी.

### पुलिस अलर्ट, लगाई गई बैरिकेडिंग

छात्रों के आंदोलन को देखते हुए रांची पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं. नामकुम थाना क्षेत्र में जेएसएससी कार्यालय के पास बैरिकेडिंग लगाई गई है. पुलिस को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं. स्पशेल ब्रांच ने सभी जिलों को अलर्ट करते हुए कहा है कि छात्र शनिवार से ही रांची पहुंचने वाले हैं. इसे लेकर सभी थानों और जिला पुलिस को सतर्क रहने और स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं.

## इधर जेएसएससी ने रखा पक्ष- जांच में नहीं मिली गड़बड़ी

राज्यपाल संतोष गंगवार के पत्र के आलोक में और छात्र संगठनों द्वारा घोषित आंदोलन, आरोप-प्रत्यारोप के बीच जेएसएससी ने शुक्रवार को अपना पक्ष रखा. जेएसएससी कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा है कि सीजीएल परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है. हर तरह की जांच के बाद वह यह कहने की स्थिति में हैं कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है. हाल में जेएसएससी के पदाधिकारियों को ई-मेल के जरिये जान से मारने तक की धमकी दी गई है. **सीडी ब्लैंक, शपथ पत्र के जरिये मांगा गया था, मगर अब तक नहीं मिला :** गुप्ता ने कहा कि गड़बड़ी की बात कहते हुए प्रदर्शन करने वालों ने जो सीडी उपलब्ध कराया था, वह ब्लैंक पाया गया. शिकायतकर्ताओं द्वारा जो आरोप लगाये गए थे, उसे शपथ पत्र के जरिये देने के लिए कहा गया, लेकिन नहीं दिया गया.

### शिकायतों की हुई जांच, प्रश्न पत्र वायरल होने की खबर भी गलत

गुप्ता ने कहा कि शिकायत में जो आरोप लगाये गए थे, उनकी जांच में यह पाया गया कि जिस सीट का जिक्र किया गया है, वहां छात्र परीक्षा में शामिल ही नहीं हुआ. प्रश्न पत्र वायरल होने का जो पत्र उपलब्ध कराया गया, वह शाम के पांच बजे के बाद ली गई तस्वीर है. किसी भी परीक्षा का परिणाम सामान्य पाया गया है. हर परीक्षा केंद्र से अभ्यर्थी सफल हुए हैं.

### सचिव ने कहा - कुछ अफवाह और भ्रम भी फैलाया जा रहा है

सचिव ने कहा कि कुछ अफवाह व भ्रम भी फैलाया जा रहा है. कहा जा रहा है कि दो दिनों में जो परीक्षा हुई, उसमें दूसरे दिन के ज्यादा छात्रा सफल हुए. उन्हें पता होना चाहिए कि दूसरे दिन सिर्फ स्थानीय भाषा की परीक्षा ली गई थी. पहले दिन हिंदी भाषा में परीक्षा ली गई थी. दूसरे दिन जनजातीय और स्थानीय भाषाओं में परीक्षा ली गई थी.

### प्रकाशित सूची रिजल्ट नहीं, यह तो सिर्फ वेरिफिकेशन के लिए है

गुप्ता ने कहा कि अभ्यर्थियों की जो सूची प्रकाशित की गयी है, वह न तो रिजल्ट है न ही मेरिट लिस्ट. अभी सिर्फ वेरिफिकेशन के लिए है. रिजल्ट व मेरिट लिस्ट बाद में प्रकाशित होंगे.

### दूसरे राज्यों की नियुक्ति की बात भी गलत

एक आरोप यह लगाया जा रहा है कि दूसरे राज्य के लोगों को नियुक्ति की गई. ऐसा नहीं है. आरक्षण नियमों का पालन करते हुए रिजल्ट प्रकाशित किया गया है.

**हेमंत सरकार का फैसला**

# 15 दिन में बनेगा जाति और स्थानीय प्रमाण पत्र

- कार्मिक विभाग ने जारी की अधिसचूना

विशेष संवाददाता। रांची

राज्य सरकार ने जनता की सुविधा के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा अपने अधीन राज्यवासियों को दी जाने वाली सेवाओं की एक समय सीमा निर्धारित कर दी गई है. ये सेवाएं जाति प्रमाण पत्र और स्थानीय निवासी पत्र के संदर्भ में हैं। इसके अंतर्गत अब जिला स्तर पर जारी जाति प्रमाण पत्र बनाने की समय अवधि 15 दिन और अनुमंडल स्तर पर 30 दिन तय कर दी गई है। इसके साथ ही विभाग ने कहा है कि स्थानीय प्रमाण पत्र भी अब केवल 30 दिनों के अंदर जारी कर दिया जाएगा. विभाग ने सेवा देने वाले और अपीलीय अधिकारियों की भूमिका भी तय कर दी है. इसे लेकर कार्मिक विभाग की ओर से 11 दिसंबर को एक सिटीजन चार्टर जारी किया गया है। इसमें विभाग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आम लोगों द्वारा शिकायतों का निपटारा हर सप्ताह किया जाना सुनिश्चित करें.

### जाति प्रमाण पत्र बनने में लगेगा इतना समय

बता दें कि अगर आपने जिला स्तर पर जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य उपायुक्त को अधिकृत किया गया है. तो, वे इसे 15 दिनों के अंदर जारी करेंगे। तय अवधि तक जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं होने पर प्रमंडलीय आयुक्त के पास अपील की जाएगी. इसके बाद 15 दिनों के अंदर प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा. इसके बाद भी अगर प्रणाम पत्र जारी नहीं होता है। फिर द्वितीय अपीलीय अधिकारी प्रधान सचिव या सचिव के स्तर पर 15 दिनों में निर्णय लिया जाएगा.

**अनुमंडल स्तर पर जाति प्रमाण पत्र बनने की अवधि :** वहीं, अनुमंडल स्तर पर जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य अनुमंडल अधिकारियों को अधिकृत किया गया है. वे इसे 30 दिनों के अंदर जारी करेंगे. तय अवधि तक प्रमाण पत्र जारी नहीं होने पर उपायुक्त के यहां अपील की जाएगी. इस स्तर पर 15 दिनों के अंदर सुनवाई कर प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा.

## पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष की गोली मारकर हत्या, रोष

संवाददाता। सरायकेला

जिले के गम्हरिया थाना अंतर्गत यशपुर पंचायत की मुखिया पार्वती सरदार के पति और पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सोनू सरदार की शुक्रवार रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी. यह घटना उनके बडडीह गांव की है. शुक्रवार रात करीब 11 बजे के आसपास गम्हरिया थाना क्षेत्र के बडडीह गांव में स्कूल के पास शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सोनू सरदार की गोली मार कर हत्या कर दी है. सोनू सरदार गंजिया से एक शादी समारोह से लौट रहे थे. सोनू सरदार जब अपने स्कूल के पास पहुंचे तो पहले से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची.

## ईडी ने जेएसडब्ल्यू को लौटायी 4025 करोड़ रुपये की संपत्ति

विशेष संवाददाता। रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेएसडब्ल्यू को 4025 करोड़ रुपये की संपत्ति लौटा दी है. ईडी ने शनिवार की सुबह सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट करके यह जानकारी दी है. ईडी के अनुसार दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) के तहत पूर्ववर्ती भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड की संपत्तियों के लिए एक सफल समाधान आवेदक थी. ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 5 के तहत इन संपत्तियों को अस्थायी रूप से संलग्न किया था, क्योंकि पूर्ववर्ती प्रमोटरों ने बैंकों को धोखा देकर निजी निवेश के लिए बैंक के धन का दुरुपयोग किया था. 11 दिसंबर को सर्वोच्च न्यायालय की मंजूरी के साथ संपत्ति की बहाली की गई. यह बहाली पीएमएलए की धारा 8(8) के तहत नियम 3ए के साथ जोड़ी गई, जो यह निर्धारित करता है कि मुकदमा लंबित रहने तक संपत्ति को बहाल किया जा सकता है. सर्वोच्च न्यायालय ने आईबीसी की धारा 32ए (2) के संदर्भ में ईडी की शक्तियों को स्पष्ट नहीं किया, जो कॉर्पोरेट देनदारों की संपत्तियों को संलग्न करने से संबंधित है और इस मुद्दे को खुला छोड़ दिया. इस प्रक्रिया से यह स्पष्ट होता है कि ईडी और न्यायालयों के बीच समाधान प्रक्रिया में संभावित कानूनी जटिलताएं अभी भी बरकरार हैं.

**संसद** संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर बहस पर पीएम ने रखे विचार

# कांग्रेस के माथे पर ये जो पाप है न, यह धुलने वाला नहीं

एजेंसी। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में भारतीय संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर बहस में हिस्सा लिया. इस दौरान पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत में तीन महापुरुषों के वक्तव्यों का जिक्र किया. पीएम मोदी ने कहा- भारत का लोकतंत्र और अतीत बहुत ही समृद्ध रहा है. विश्व के लिए बहुत प्रेरक रहा है. इसीलिए भारत आज मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में जाना जाता है. मैं तीन महापुरुषों के कोट इस सदन के सामने पेश करना चाहता हूं. राजर्षि टंडन जी, उन्होंने कहा था कि सदियों के बाद हमारे देश में एक बार फिर ऐसी बैठक बुलाई गई है. यह हमारे मन में हमारे गौरवशाली अतीत की याद दिलाती है. जब हम स्वतंत्र हुआ करते थे, जब सभाएं आयोजित की जाती थीं, जब विद्वान लोग चर्चा के लिए मिला करते थे. पीएम मोदी ने अपने भाषण में आगे कहा कि, मैं दूसरा कोट पढ़ रहा हूं राधाकृष्णन जी का, उन्होंने कहा था कि इस देश के लिए गमतांत्रिक व्यवस्था नई नहीं है. यह इतिहास की शुरुआत से ही है. पीएम ने कहा- तीसरा कोट मैं बाबासाहेब आंबेडकर का कह रहा हूं ऐसा नहीं है कि भारत के लोगों को पता नहीं है कि लोकतंत्र कैसा होता है. एक समय था जब भारत में कई गणतंत्र हुआ करते थे.

अपने भाषण में पीएम मोदी संविधान के 25 और 50वीं बरसीं का भी जिक्र किया. पीएम मोदी ने कहा- संविधान के जब 25 साल थे, तब हमारे देश में इमरजेंसी लाई गई. नागरिकों के अधिकारों को लूट लिया गया. प्रेस की स्वतंत्रता को ताले लगा दिए गए. कांग्रेस के माथे पर ये जो पाप है न, यह धुलने वाला नहीं है. लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था. और संविधान के जब 50 साल हुए तब क्या संविधान को भुला दिया गया था. तब अटल जी की सरकार थी. जब देश संविधान का 50 वर्ष मना रहा था. तब यह मेरा भी सौभाग्य था कि मुझे संवैधानिक प्रक्रिया से मुख्यमंत्री बनने का मौका मिल गया था. तब मैंने तय किया था मुख्यमंत्री के नाते कि हम संविधान के 60 साल मनाएंगे.

### हमारा संविधान भी भारत की एकता का आधार



पीएम मोदी ने आगे कहा कि- हमारा संविधान भी भारत की एकता का आधार है. हमारे संविधान के निर्माण में इस देश के बड़े दिग्गज रहे हैं. समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व था. सभी भारत की एकता के लिए बहुत संवेदनशील थे. बाबासाहेब आंबेडकर जी ने चेताया था कि समस्या यह है कि देश में जो विविधता से भरा जनमानस है, उसे किस तरह एकमत किया जाए.

## ...तो बिहार में माई-बहिन योजना लागू करेंगे तेजस्वी यादव

संवाददाता। पटना

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को वादा किया कि बिहार में आरजेडी सरकार बनी तो वह माई-बहिन मान योजना लागू करेंगे और महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देंगे. उन्होंने कहा कि 2500 सीधे उनके खाते में जाएगा. सरकार बनते ही 1 महीने बाद इस योजना की शुरुआत कर देंगे. तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग लगातार यात्रा पर निकले हैं. पार्टी समर्थकों से फीडबैक मिल रहा है. पंचायत, ब्लॉक और जिला के पार्टी समर्थकों से जानकारी मिल रही है. लोग गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से परेशान हैं. पूरे यात्रा में घूमे तो सरकार की कमियों को उजागर करने का काम किया.

### रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और हजारीबाग में अलग-अलग गिरोह

# राज्य के आठ जिलों में सक्रिय है संगठित आपराधिक गिरोह, पुलिस चला रही अभियान

संवाददाता। रांची

झारखंड के वैसे जिले, जहां संगठित अपराधिक गिरोह सक्रिय है, वहां एटीएस और जिला पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है. पुलिस गिरोह से जुड़े अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान भी चला रही है. हालांकि पुलिस की सख्ती के बावजूद संगठित अपराध से जुड़े अपराधी गोलीबारी, रंगदारी और वाहनों में आगजनी जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. फिलहाल झारखंड के आठ जिले संगठित आपराधिक गिरोह के चंगुल में हैं. इनमें रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और हजारीबाग जिला शामिल है. इन आठों जिले में अलग-अलग अपराधिक गिरोह सक्रिय है, जो रंगदारी वसूली से लेकर आये दिन कारोबारियों को धमका रहा है. रंगदारी नहीं मिलने पर हत्या और गोलीबारी जैसी घटनाओं को अंजाम दिला रहे हैं.

**खास बातें**

- पुलिस की सख्ती के बावजूद संगठित अपराध से जुड़े अपराधी गोलीबारी
- रंगदारी और वाहनों में आगजनी जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं.



**हाल के दिनों में संगठित अपराध के खिलाफ हुई कार्रवाई**

13 दिसंबर : हजारीबाग जिले में पिछले डेढ़ माह के दौरान हुई चार हत्याओं व रंगदारी से जुड़े कुछ मामले में एटीएस की टीम ने एक साथ रांची व हजारीबाग में आठ से दस स्थानों पर छापा मारा था और पांडेय गिरोह से जुड़े कई लोगों को हिरासत में लिया था.

05 दिसंबर : लातेहार पुलिस ने हाइवा में आगजनी और फायरिंग मामले में संगठित अपराधिक गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार किया था. इसके पास से हथियार और कारतूस बरामद हुए थे.

12 दिसंबर : रामगढ़ पुलिस ने निर्माण कार्य में रंगदारी मांगने के आरोप में पांडेय-तिवारी गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया था.

05 दिसंबर : रांची के ओरमांझी में जमीन कारोबारी पर फायरिंग मामले में सुजीत सिन्हा का सहयोगी गिरफ्तार हुआ था.

**जानिए किस जिले में कौन सा आपराधिक गिरोह सक्रिय**

- **अमन साहू गिरोह** : रांची, लातेहार, रामगढ़, चतरा और हजारीबाग.
- **प्रिंस खान गिरोह** : धनबाद, बोकारो.
- **विकास तिवारी गिरोह** : हजारीबाग, रामगढ़.
- **अमन श्रीवास्तव गिरोह** : रामगढ़, हजारीबाग.
- **अखिलेश सिंह गिरोह** : जमशेदपुर.

**जेल में मोबाइल के इस्तेमाल पर रोक से रुकेगा अपराध**

झारखंड की जेलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगने के बाद ही संगठित अपराध पर लगाम लग सकेगा. पूरे झारखंड में 31 जेल हैं, जिनमें सात सेंट्रल, 17 जिला और छह अनुमंडल कारा है. एक ओपेन जेल हजारीबाग में है. इन जेलों में कई छोटे बड़े अपराधी बंद हैं, जो जेल में रहते हुए ही कारोबारियों से रंगदारी मांगने का काम कर रहे हैं. जेल में बंद अपराधी रंगादारी नहीं देने पर हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम भी दिला रहे हैं.

## औद्योगिक इको सिस्टम में सुधार के लिए चर्चा

**रांची।** झारखंड में औद्योगिक इको सिस्टम में सुधार के लिए जियाडा और स्टेकहोल्डर्स के सहयोगात्मक प्रयासों पर चर्चा के लिए शनिवार को जियाडा के सचिव राजेश कुमार सिंह और फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदधारियों की बैठक जियाडा भवन में हुई. बैठक का आयोजन जियाडा सचिव की ओर से किया गया, जिसमें राज्य के औद्योगिक विकास से जुड़े बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई. गहन विमर्श के उपरांत यह तय किया गया कि इस तरह की एक वृहद् बैठक कुछ दिनों बाद पुनः जियाडा के प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में की जाए. औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं पर चैंबर ने अपने पूर्व में दिये गये ज्ञापन के निष्पादन पर भी चर्चा की.

## अंजुमन तरक्की का राज्य सम्मेलन फरवरी में

**रांची।** अंजुमन तरक्की उर्दू रांची की बैठक शनिवार को कर्बला चौक स्थित गुलशन हॉल में नजमा नाहीद अंसारी की अध्यक्षता में हुई. मौके पर केंद्रीय प्रतिनिधि एमजेड खान ने अंजुमन की गतिविधियों का जिक्र करते हुए कहा कि अंजुमन का राज्य सम्मेलन वर्ष 2025 के फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में करने का निर्णय लिया गया है. मौके पर डॉ असगर जमील, डॉ महताब आलम, सैयद इकबाल अहमद, रेहाना मोहम्मद अली, डॉ एस बानो, अब्दुल समद, डॉ जमशेद कमर, डॉ महफूज आलम, मोहम्मद शकील अहमद, मोहसिन सईद, मोहम्मद इलियास, सैयद गफरान अशरफी, कैसर आलम, मो अमान आदि मौजूद थे.

# अडाणी और मणिपुर मामले पर कांग्रेस का राजभवन मार्च 18 को

विशेष संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस 18 दिसंबर को राजभवन मार्च का आयोजन करेगी. यह कार्यक्रम गौतम अडाणी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए आरोपों ने भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और छल की कथित जालसाजी का पर्दाफाश करने व मणिपुर की घटना को लेकर को लेकर आयोजित की गयी है. 18 दिसंबर को सुबह 11:30 बजे से कांगेस भवन राजभवन मार्च का आयोजन किया गया है. यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मंत्रीं, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों, अग्रणी संगठन, विभाग, प्रकोष्ठों की व्यापक भागीदारी अपेक्षित है, जो लोकतंत्र में जवाबदेही और न्याय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को फिर से पुष्ट करने के लिए अति आवश्यक है.

**अडाणी पर लगे आरोप गंभीर:** उन्होंने बताया कि हाल ही में गौतम अडाणी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए आरोपों ने भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और छल की कथित जालसाजी का पर्दाफाश किया है. इन आरोपों ने रिश्वतखोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और बाजार में हेरफेर के एक परेशान करने वाले पैटर्न को उजागर किया है, जो भारतीय व्यापार और वित्त की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं. यह घटना भारत में कॉरपोरेट गवर्नेंस और नियामक निगरानी के संबंध में गंभीर चिंताएं उत्पन्न करती है. घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के बीच विश्वास की हानि चिंताजनक है. पूंजी के संभावित पलायन से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और समग्र विकास बाधित हो सकता है. इसके अलावा, सरकार द्वारा संसदीय चर्चा को जानबूझकर रोकना और इस मुद्दे पर मौन रहना जिम्मेदारी और जवाबदेही से बचने का एक चिंताजनक संकेत है.



**मणिपुर में अब तक पीएम का नहीं जाना हैरानी वाली बात**

सिन्हा ने बताया कि मणिपुर निरंतर हिंसा, गोलीबारी, कर्फ्यू और व्यापक अराजकता के एक अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है. कई लोगों की जानें चली गई हैं और नागरिक एक अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं. संकट की गंभीरता के बावजूद, केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार इस स्थिति को संबोधित करने या इसे कम करने में पूरी तरह विफल रही है. हैरानी की बात यह है कि प्रधानमंत्री ने अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं किया है.

## कांग्रेस के स्थापना दिवस पर 26 और 28 को होंगे कई कार्यक्रम

**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बेलगाम सत्र में कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने के 26 दिसंबर को 100 वर्ष पूरे होने पर तथा 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. कार्यक्रम आयोजन के लिए संचालन समिति की बैठक कांग्रेस भवन में संयोजक अनादि ब्रह्म की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में लिए निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया सर्वसम्मति से कार्यक्रम को भव्य स्तर पर पूरे राज्य में आयोजित करने का निर्णय लिया गया. कार्यक्रम के आयोजन के लिए नियुक्त जिला प्रभारीयों को 19 से 22 दिसंबर के बीच जिलों का दौरा कर जिला कमेटी की बैठक करने का निर्देश दिया गया है. जिला प्रभारी बैठक में 26 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए जिला पदाधिकारी, प्रखंड, पंचायत अध्यक्षों,पूर्व एवं वर्तमान सांसद-विधायक, एआईसीसी डेलीगेट,सभी प्रकोष्ठों, विभागों के अध्यक्ष, स्वतंत्रता सेनानियों, बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों, कांग्रेस समर्थकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, कांग्रेस से जुड़े मजदूर संगठनों, खेल समितियों की सूची तैयार करेंगे. प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक गांधी जी के विचारों को दर्शाते हुए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार आयोजित करने की रूपरेखा तैयार कर निर्णय लेंगे।राम धुन के साथ प्रभात फेरी निकालने के लिए उचित दिशा निर्देश देंगे. 26 दिसंबर को जिला स्तर पर ₹गांधीजी प्रासंगिक थे, हैं और रहें. विषय पर परिचर्चा आयोजित करने हेतु आवश्यक निर्देश देंगे. बैठक में समिति के सदस्य प्रदीप तुलस्यान, सतीश पॉल मुंजनी, आलोक कुमार दुबे, रमा खलखो, आभा सिन्हा के अलावा विशेष रूप से मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह, राजन वर्मा उपस्थित थे.

## जेएसएससी की बातें जांच को प्रभावित करने की कोशिश : भाजपा

**रांची ।** भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इस बात पर गहरा आश्चर्य व्यक्त किया कि एक तरफ मुख्यमंत्री ने सीजीएल परीक्षा की सीआईडी जांच के आदेश दिए, वहीं दूसरी ओर आज जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुद को क्लीन चिट दे दिया. यह सीधे तौर पर मुख्यमंत्री द्वारा सीआईडी जांच के आदेश को प्रभावित करने का मामला प्रतीत होता है. प्रतुल ने कहा यह हड़बड़ी पूरे मसले को और भी संदिग्ध बना देता है. ये सारे तथ्य जेएसएससी सीआईडी जांच के क्रम में जांच अधिकारी को बताता तो बेहतर होता. प्रेस कांफ्रेंस करके आयोग सीधे तौर पर पब्लिक ओपिनियन बनाने का और जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है. प्रतुल ने कहा कि अब मुख्यमंत्री को पहल करते हुए सीबीआई जांच की अनुशंसा करनी चाहिए.

**सिर्फ स्थानीय छात्रों के चयनित होने का दावा कर रही? :** प्रतुल शाह देव ने कहा कि जेएसएससी ने दावा किया कि परीक्षा में 80 प्रतिशत से भी ज्यादा स्थानीय छात्रों का चयन हुआ है. जब सरकार के स्तर पर आज तक स्थानीयता का कट ऑफ डेट परिभाषित नहीं है. तो फिर किस आधार पर जेएसएससी ये दावा कर रहा है. प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने तो शत प्रतिशत यहां के आदिवासी -मूलवासी छात्रों को तृतीय और चतुर्थ ग्रेड में नौकरी देने की बात कही थी. दरअसल सरकार छात्रों के आंदोलन से भयभीत नजर आ रही है.

## अर्जुन मुंडा के भाई के श्राद्धकर्म में शामिल हुए राज्यपाल, श्रद्धांजलि दी



संवाददाता। रांची

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शनिवार को जमशेदपुर जाकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के दिवंगत भाई भीमसेन मुंडा के श्राद्ध कर्म में सम्मिलित हुए। उन्होंने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने शोकाकुल परिवार से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

## सीएम की पहल पर 17 साल बाद आदिम जनजाति युवा को मिली नौकरी

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हस्तक्षेप पर 17 वर्ष के संघर्ष के बाद आखिरकार लातेहार निवासी आदिम जनजाति के युवा सुनील ब्रिजिया को उसका हक-अधिकार मिल गया. मुख्यमंत्री के आदेश के बाद उसे अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिल गई. इस संबंध में मुख्यमंत्री को सूचित करते हुए लातेहार के उपायुक्त ने बताया कि उक्त मामले में अनुकंपा समिति के निर्णय के आधार पर सुनील ब्रिजिया को नियुक्त करते हुए योगदान की तिथि से पदस्थापित किया गया है.

**ये है मामला**

मुख्यमंत्री को जानकारी मिली थी कि लातेहार के हेनार गांव निवासी सुनील ब्रिजिया के पिता रामदास बृजिया सरकारी शिक्षक थे। वर्ष 2007 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकारी प्रावधान के तहत अनुकंपा के आधार पर उन्हें सरकारी नौकरी दी जानी थी। लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली थी।

## हेमंत और कल्पना स्पीकर के घर पहुंचे, दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि दी



संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन शनिवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के जामताड़ा जिला के नाला स्थित आवास पहुंचे. मुख्यमंत्री वहां विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के दिवंगत पिता स्व. गोलक बिहारी महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की. विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्व. गोलक बिहारी महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो एवं उनके अन्य परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की.

## चंद्रप्रकाश चौधरी ने की कुरमी को एसटी सूची में शामिल करने की मांग

**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने लोकसभा में कुड़मी को एसटी में शामिल करने की मांग रखी. केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुएल ओराम से यह जानना चाहा है कि किन कारणों से कुड़मी समुदाय को 1931 के ट्राइब्स में शामिल होने के बावजूद 1950 में शेड्यूल ट्राइब नहीं बनाया गया. सांसद ने कहा कि अखंड भारत में पहले हुए जनगणना में ही कुड़मियों/कुरमी को झाड़ी ट्राइब्स और वुड ट्राइब्स चिन्हित किया गया था. इस जनगणना के बाद ही वृहद छोटानागपुर शेड्यूल डिस्ट्रिक्ट घोषित कर शेड्यूल डिस्ट्रिक्ट एक्ट 1874 पारित किया गया था, जो 25 नवंबर 1949 तक लागू था. इस वृहद छोटानागपुर में कुड़मी जनजाति की आबादी सभी जनजाति से अधिक थी.सांसद ने कहा कि बिहार- ओडिशा राज्य बनने के पूर्व ही छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट 1908 पारित किया गया, जिसमें कुड़मी को आदिवासी रैयत कहा गया था.

### नव संकल्प महासभा सह अभिनंदन समारोह का आयोजन

# झूठ बोल फिर बनी लुटेरों की सरकार : चिराग

संवाददाता। रांची/चतरा



लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर क्षेत्रो में बेहतर काम कर रहे हैं. देश तभी विकसित होगा जब राज्य, जिला, प्रखंड व पंचायत विकसित होगा. केंद्र सरकार गरीबों की चिंता कर रही हैं. हर घर शौचालय बना कर व गैस कनेक्शन व प्रत्येक घर में नल से जल देकर महिलाओं को सम्मान दिया जा रहा है. प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से हर परिवार को पक्की छत और प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीब लोगो को एक साल में पांच लाख तक की मुफ्त इलाज कराने की व्यवस्था दी है. चिराग पासवान चतरा कॉलेज के सामने स्थित मैदान में आयोजित नव संकल्प महासभा सह अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि झारखंड में एक बार फिर इंडि गठबंधन की सरकार बनी हैं, जो जीतने के बाद अपनी विकास की चिंता करती हैं. पांच सालों तक राज्य को लूटने वाले ही झूठ बोलकर और झूठा आश्वासन देकर पुनः सत्ता पर काबिज हो गए हैं. झारखंड के लोग रोजगार व शिक्षा के लिए दूसरे प्रदेश जाते हैं, जबकि झारखंड में रोजगार के असीम संभावनाएं हैं. उन्होंने कहा हमारे पिता रामविलास पासवान का सपना था कि विकसित झारखंड बने. यहां के लोगो को रोजगार और शिक्षा के लिए दूसरे प्रदेश नहीं जाना पड़े, बल्कि दूसरे प्रदेश के लोग यहां आकर रोजगार व शिक्षा प्राप्त करे. लेकिन ऐसा नहीं हुआ. पिता के अधूरे सपनो को पूरा करने व विकसित झारखंड बनाने के नव संकल्प के साथ हमारी पार्टी आगे बढ़ रही है. केंद्र सरकार गरीब-अमीर की दूरी को कम करने का कार्य कर रही हैं. हर हाथ को रोजगार, बच्चो का भविष्य, महिलाओं का सम्मान, किसान मजदूर के अधिकार को संरक्षित करने का काम कर रही हैं. जिस देश का अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होता हैं, वह देश व राज्य विकसित होता है. आगे उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चतरा विधानसभा की जनता ने हमारी पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतो से विजई बनाया है, उसके लिए आप सभी देवतुल्य मतदाता धन्यवाद के पात्र हैं. मैं सभी का आभार प्रकट करता हूं. कहा कि जनता के विश्वास पर शत प्रतिशत खरा उतरूंगा. चतरा के हरेक समस्या का समाधान किया जायेगा. कहा कि पार्टी में एक मजबूथ साथी समाजसेवी प्रेम सिंह शामिल हुए हैं. इससे पार्टी मजबूत होगी. उन्होंने पार्टी में शामिल होने वाले प्रेम सिंह समेत उनके हजारों समर्थकों का स्वागत किया.

## वन नेशन वन इलेक्शन संविधान व लोकतंत्र के लिए घातक है : राजद

**रांची।** राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन संविधान एवं लोकतंत्र के खिलाफ है. यह योजना देश के संविधान पर सीधे तौर पर हमला है. इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर घातक हमला होगा. भारत में इस नई योजना के खिलाफ पूरे देश में एक नई आवाज उठ सकती है. पांडेय ने कहा कि इस तरह की योजना से संविधान के रचयिता डॉ भीमराव आंबेडकर के विचारों व सपनों की हत्या के बराबर होगा. देश में वन नेशन वन इलेक्शन भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाकर कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है. ऐसा लगता है कि देश में भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी दल सत्ता में हर समय काबिज होने के लिए येन-केन प्रकारेण बाबा साहेब के बने हुए सैकड़ों साल पुराने संविधान को भी बदलना चाहते हैं, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा.

**व्यथा** भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने हेल्थ मिनिस्टर को लिखा पत्र, कहा-

# मेरे विस में चिकित्सकों की भारी कमी, दूर करें

विशेष संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के विधानसभा क्षेत्र में चिकित्सकों की कमी हो गयी है. क्षेत्र के 2 स्वास्थ्य केंद्र ऐसे हैं, जहां एक भी डॉक्टर नहीं है. कई केंद्रों में चिकित्सकों की कमी है. कहीं चिकित्सक हैं भी तो तय संख्या के मुताबिक नहीं हैं. इस बाबत मरांडी ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को पत्र लिखा है और समस्या के समाधान के लिए कहा है. मरांडी ने कहा है कि धनवार अंतर्गत 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों के पदस्थापन की जरूरत है. उन्होंने इरफान को बधाई देते हुए कहा है, मेरे विधानसभा क्षेत्र धनवार में दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांवा व तिसरी में, रेफरल अस्पताल धनवार में तथा 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माल्डा, पिहरा, घंघरीकुरा एवं बलहारा में अवस्थित हैं. यहां कुल 32 डॉक्टरों का स्वीकृत पद है, लेकिन 32 डॉक्टरों के विरुद्ध मात्र 9 डॉक्टर ही पदस्थापित हैं। इनमें से भी एक-दो डॉक्टर दूसरे जगह प्रतिनियुक्त हैं.





**दो स्वास्थ्य केंद्र में एक भी डॉक्टर नहीं**

दो स्वास्थ्य केंद्र माल्डा एवं बलहारा में एक भी डॉक्टर पदस्थापित नहीं हैं. इस कारण आस-पास के गांवों के मरीजों को इलाज के लिए दूसरे स्वास्थ्य केंद्र में जाना पड़ता है, जो काफी दूरी पर है. आपको यह भी बताना चाहता हूं कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त डॉक्टरों के नहीं रहने के कारण सैकड़ों मरीज को इलाज के लिए भटकना पड़ता है. यहां तक कि मरीजों को गिरिडीह जिला अस्पताल तक जाना पड़ता है, जो करीब 90-95 किमी दूरी पर ह. गरीब परिवार से आने वाले मरीजों को गिरिडीह जाने में कठिनाई होती है और समय पर इलाज भी शुरू नहीं हो पाता है. सरकार का दायित्व भी है कि लोगों को समुचित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध हो इसके लिए विभाग को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों का पदस्थापन स्वीकृत पद के अनुरूप होनी चाहिए. लेकिन इस बीते 5 साल में इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई. अब नयी सरकार में आपसे अपेक्षा करता हूं कि इस विषय को आप गंभीरता से लेंगे.

# साल के अंतिम लोक अदालत में निपटे 10 लाख से ज्यादा मामले

संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर झारखंड की सभी जिला अदालतों और हाईकोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सह हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने लोक अदालत का उद्घाटन किया. इस दौरान आपराधिक सुलहनीय मामले, चेक बाउंस के मामले, बिजली चोरी के मामले, उत्पाद, वन, मापतौल के मामले, वैवाहिक प्रकृति के मामले और विभिन्न दीवानी मामलों का निष्पादन किया गया. राष्ट्रीय लोक अदालत के मौके पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया.



इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कुल 15 लाख 45 हजार 112 प्री-लिटीगेशन व 1 लाख 25 हजार 34 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया और कुल 17 अरब 36 करोड़ 01 लाख 90,237 रुपये के मामलों का निपटारा किया गया. झारखंड में 2 बेंचों का गठन किया गया था इसमें कुल 45 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें प्री-लिटीगेशन के 10 मामले तथा 35 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, रविवार 15 दिसंबर 2024, मार्गशीर्ष पूर्णिमा संवत 2081


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24 | 8 |
| जमशेदपुर | 27 | 7 |
| धनबाद | 24 | 9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



गाबा टेस्ट देखने पहुंची सारा तेंदुलकर

## ब्रीफ खबरें

### निरंकारी चौक पर दुर्घटना में एक की मौत

**धनबाद ।** बरवाअड्डा में एक सड़क दुर्घटना में पुरुलिया बंगाल निवासी लक्ष्मी कांत दत्ता की मौत हो गई. घटना बरवाअड्डा थाना अंतर्गत निरंकारी चौक के समीप लगभग 10:30 बजे हुई. बताया जाता है कि लक्ष्मी कांत दत्ता बाइक से गिर गए थे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं. स्थानीय लोगों ने उन्हें सड़क से उठाकर किनारे किया और पुलिस को सूचना दी. बरवाअड्डा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.

### रेलवे की बैठक में पिंटू ने 14 सूत्री मांगों को रखा

**धनबाद।** शनिवार को धनबाद रेल मंडल कार्यालय में रेलवे सलाहकार समिति की बैठक डी आर एम कमल किशोर सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक का संचालन वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने किया. बैठक में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य पिंटु कुमार सिंह ने यात्री सुविधा से संबंधित 14 सूत्री मांगें रखीं. इन मांगों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा से संबंधित मुद्दे शामिल थे. उक्त मांगों के संबंध में मंडल रेल प्रबंधक ने समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया.

### मास्टर्स एथलेटिक्स में रंजीत का दबदबा कायम

**धनबाद ।** कपुरिया के रंजीत कुमार दसौंधी ने 63 वर्ष की आयु में जमशेदपुर में आयोजित 'चौथी राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप' में तीन किलोमीटर पैदल चाल 60+ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. यह उनकी दूसरी जीत है, जो उनकी उपलब्धि को और भी विशेष बनाती है. रंजीत दसौंधी ने टाटा स्टील से 2019 में रिटायर्ड करने के बाद अपना जीवन गांव के बच्चों को प्रशिक्षण देने और उन्हें आर्मी में भेजने के लिए समर्पित किया है. वह बच्चों को फिजिकल ट्रेनिंग देते हैं और उन्हें देश सेवा में भेजते हैं.

## संभल में 400 साल पुराने मंदिर पर भगवा, बिजली चोरी का पता लगाने गई थी टीम

# 46 साल बाद शुरू हुई पूजा-अर्चना, पुलिस ने खोला ताला

**संभल ।** उत्तर प्रदेश के संभल में एक 400 साल पुराने मंदिर का पता चला है. ये मंदिर पिछले 46 सालों से बंद था. अब इस मंदिर पर भगवा ध्वज लहरा दिया गया है और मंदिर में पूजा अर्चना भी शुरू कर दी गई है. दरअसल शनिवार (14 दिसंबर) को प्रशासन ने संभल के खग्गू सराय इलाके में बिजली चोरी के निरीक्षण और अतिक्रमण का अभियान चलाया था. इस दौरान पुलिस प्रशासन को एक मंदिर मिला जो कि साल 1978 से बंद पड़ा था. यहां पर मुस्लिम बहुल आबादी होने की वजह से पुजारियों में





भी हिम्मत नहीं थी कि वो इस मंदिर में रहकर पूजा अर्चना करें. अब पुलिस प्रशासन ने की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों ने इस मंदिर का ताला खोला और खुद ही मंदिर की साफ-सफाई की.

इस दौरान संभल के सीओ अनुज कुमार चौधरी भी मंदिर की सफाई करते हुए नजर आए. मंदिर परिसर में खुदाई के दौरान एक कुआं भी मिला है. संभल के एडिशनल एसपी श्रीश चंद्र ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया, 'हमें मंदिर के सामने एक प्राचीन कुएं के बारे में जानकारी मिली थी. खुदाई करने पर इलाके में एक कुआं मिला है. सीओ अनुज कुमार चौधरी का कहना है, 'हमें सूचना मिली थी कि इलाके में एक मंदिर पर अतिक्रमण किया जा रहा है.

### सभी मस्जिदों का हो सर्वेक्षण : अर्पित दास

संभल मंदिर के पुजारी योगी अर्पित दास ने बताया, 'संभल में बिजली चोरी के निरीक्षण के दौरान एक मंदिर मिला है. ये मंदिर यहां के मुस्लिम बाहुल्य इलाके में मिला है. वहां के प्रशासनिक अधिकारियों ने इस मंदिर को खोला और जब उसकी साफ-सफाई की तो वहां पर एक प्राचीन हनुमान जी की मूर्ति और शंकर जी का शिवलिंग मिला है. निश्चित रूप से इसी तरीके से जहां-जहां भी ये मस्जिदें हैं इन सबके नीचे या उसके आस-पास हमारे पौराणिक मंदिर हैं, जो इन आक्रांताओं ने आकर मंदिरों को तोड़ा, मंदिरों को बंद कर दिया और उसपर एक गुंबद बनाकर उसे मस्जिद का नाम दे दिया. मैं देश की सरकार से अपील करता हूं कि देश की सभी मस्जिदों का सर्वेक्षण होना चाहिए और जहां-जहां पर मंदिर हैं वो खुलने चाहिए और उनकी भव्यता बढ़नी चाहिए. मस्जिदों के नाम पर हमारे सनातन धर्म पर जो कुठाराघात किया गया है वो बहुत ही निंदनीय है.

### अनियंत्रित कार दीवार को तोड़ा, क्षतिग्रस्त

**धनबाद ।** बेकारबांध में शनिवार की देर शाम एक आल्टो कार अनियंत्रित होकर एक दुकान में घुस गई. कार ने दुकान में घुस कर दीवार को गिरा दिया. कार के धक्के से दीवार कार के ऊपर ही गिर गई. जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. दुर्घटना में चालक जख्मी हो गया है. मौके पर भारी भीड़ जुट गई और गाड़ी को बाहर निकालने का प्रयास करने लगी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बेकारबांध से स्टेशन की ओर जा रही आल्टो कार अनियंत्रित होकर एक कच्चे दुकान को तोड़ते हुए दीवार में जा घुसी.

## धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन ने क्राइम मीटिंग में दिए दिशा-निर्देश

# एटीएस के साथ मिलकर प्रिंस खान के खिलाफ करेंगे कार्रवाई

संवाददाता। धनबाद

जिला पुलिस कार्यालय में आज मासिक क्राइम मीटिंग में कई मामलों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए गए. साथ ही अच्छे कार्य करने वाले 49 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया.

क्राइम मीटिंग के बाद धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक हरदीप पी जनार्दन ने मीडिया से बातचीत में पिछले दिनों हुई आपराधिक घटनाओं पर जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों बरवाअड्डा में हीरापुर के एक गल्ला व्यापारी अमन साव का शव मिला था, जिसे गोली मारी गई थी. इस संबंध में कुछ एविडेंस पुलिस को मिले हैं, जिसके आधार पर मामले का खुलासा करने का प्रयास जारी है. शुक्रवार रात एक अन्य व्यापारी चेतन महतो पर अपराधियों ने गोलीबारी कर उन्हें घायल कर दिया था. इस संबंध में परिजनों द्वारा जिस तरह की लिखित शिकायत दर्ज कराई जाएगी, उसी आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी.



जिले में एक बार फिर मोस्टवांटेड क्रिमिनल प्रिंस खान के बढ़ती गतिविधियों पर एसएसपी ने कहा कि आज के दिन में प्रिंस खान एक ब्रांड बन चुका है. कुछ जगहों पर वाकई में प्रिंस खान की तरफ से धमकियां दी गई है. डॉक्टरों को भी धमकी आई है. इस संबंध में डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिकायत भी की है. इस संबंध में एटीएस और स्पेशल ब्रांच के साथ बैठक की गई है. पुलिस को कुछ फोन नंबर भी मिले हैं, जिसे खंगालने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम पश्चिम बंगाल, बिहार, आंध्रप्रदेश और कर्नाटका के लिए जल्द ही कूच करने वाली है. इसके बाद जिस तरह के साक्ष्य मिलेंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. एसएसपी ने बताया कि देश की सबसे बड़ी सड़को में से एक धनबाद जीटी रोड पर आए दिन तस्करी के मामले सामने आते रहते है. पिछले दिनों मिली गुप्ता सूचना के आधार पर अवैध शराब का बड़ा खेप और मवेशी लदे वाहन पकड़े गए थे. अब गांजा तस्करी की सूचना मिल रही है. इसपर भी पुलिस कार्रवाई जारी है. उन्होंने बताया कि नव वर्ष को लेकर ग्राउंड लेवल पर ट्रेडिशनल पुलिसिंग, डेपुटेशन, पेट्रोलिंग बढ़ाने और टाइगर फोर्स को और एक्टिव करने के निर्देश दिए हैं. वायरलेस बढ़ाने को लेकर भी कार्य किया जा रहा है. जैसे ही वायरलेस सेट उपलब्ध हो जाएगा, वैसे ही धनबाद पुलिस और एक्टिव हो जाएगी. इसके बाद क्राइम होते ही तत्तकाल इसकी मदद से हम 10 से 20 किलोमीटर के क्षेत्र को सील कर कार्रवाई कर सकेंगे.

**खास बातें**

- चुनाव में बेहतर कार्य के लिए 49 पुलिसकर्मी सम्मानित
- बंगाल, बिहार, कर्नाटक व आंध्र प्रदेश के लिए टीम रवाना
- संकट में डायल करें 112 या स्कैन करें क्यूआर कोड

एसएसपी ने बताया कि घटना को तुरंत निष्पादन को लेकर रक्षा एप लाया जा रहा है. इसको लेकर धनबाद के अलग-अलग जगहों पर 10 हजार क्यूआर कोड स्टिकर लगाया जाएगा. इसके साथ लोगों को जागरूक भी किया जाएगा कि वो घटना के दौरान तुरंत 112 नंबर पर डायल करें, ताकि विक्टिम को तत्तकाल मदद मिल सके. संगठित अपराध व गैंग्स से जुड़े मामलों में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम पश्चिम बंगाल, बिहार, कर्नाटक व आंध्र प्रदेश के लिए रवाना की गई है.

# मैं बच्चा नहीं, सोच-समझ कर छोड़ा झामुमो : चंपाई

## घुसपैठ केवल संथाल नहीं राज्य का मुद्दा

- 22 दिसंबर से झामुमो की गढ़ संथाल से शुरू करेगी जागरूकता यात्रा

विशेष संवाददाता। रांची

पूर्व सीएम एवं भाजपा विधायक चंपाई सोरेन एक फिर झामुमो और घुसपैठ लेकर मोर्चा खोलने का ऐलान किया है. भाजपा चंपाई के जरिए फिर से संथाल में जनाधार बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है. चंपाई के जरिए फिर भाजपा संथाल समाज को जागरूक करने का काम करेगी. चंपाई सोरेन 22 दिसंबर से घुसपैठ और डेमोग्राफी चेंज मामले पर अमर शहीद सिदो कान्हू की शहादत स्थल के भोगनाडीह से जागरूकता यात्रा का शुभारंभ करेंगे. यात्रा शुरू करेंगे. इसकी घोषणा करते हुए चंपाई ने कहा कि न सिर्फ संथाल बल्कि कोल्हान और राज्य के कई इलाकों में आदिवासियों की पहचान और उनकी अस्मिता खतरे में है. सरायकेला के गोपाली बांधगोड़ा का जिक्र करते हुए भाजपा विधायक चंपाई सोरेन कहा कि वहां पर पहले 150 परिवार आदिवासियों के और 200 महतो परिवार के रहते थे, मगर आज वहां आदिवासी परिवार खोजे से भी नहीं मिलेगा. सवाल यह है कि वहां से सब आदिवासी परिवार कहां चले गए. उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई नेताओं द्वारा उनकी फिर झामुमो में वापसी की संभावनाओं पर जवाब देते हुए चंपाई सोरेन ने कहा कि वह बच्चे नहीं हैं जो कोई गलती करें. उन्होंने कहा कि मैंने बहुत सोच समझ कर झामुमो को छोड़ा है.



### 'आदिवासी समाज को जागरूक करना ही मुख्य लक्ष्य'

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 दिसंबर 1855 को संथाल का स्थापना दिवस है, उसी दिन भोगनाडीह से वह अपनी यात्रा शुरू करेंगे. वो संथाली समाज को यह बताएंगे कि कैसे उनकी पहचान को समाप्त किया जा रहा है.

# वर्कशॉप में सेंधमारी, सीआईएसएफ को देख चोरों ने की दो राउंड फायरिंग

- घटनास्थल से पिस्टल के साथ दो खोखे बरामद

संवाददाता। मधुबन

गोविंदपुर एरिया तीन के सिनीडीह बीसीसीएल एक्सेवेशन वर्क शॉप में शुक्रवार की रात को वर्कशॉप की चाहरदिवारी में सेंधमारी कर चोरों ने चोरी का प्रयास किया. वर्कशॉप के सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों को जब इसकी भनक लगी तो सीआईएसएफ के जवान उक्त स्थान पर पहुंचे, उन्हें आता देख सेंधमारी कर रहे चोर भागने लगे. सीआईएसएफ पीछा ना करे इसलिए दहशत फैलाने के उद्देश्य से चोरों के द्वारा दो राउंड फायरिंग भी किया गया. चोरों के भाग जाने के बाद वर्कशॉप की चाहरदिवारी





जहां पर सेंधमारी की गई थी उस स्थान के पास से सीआइएसएफ ने दो खोखा एक पिस्टल बरामद किया. घटना की सूचना मधुबन थाना को दी गई. सूचना मिलते ही मधुबन थाना प्रभारी पिक्कू प्रसाद सदलबल घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गए. घटना स्थल से बरामद पिस्टल और खोखा को जप्त कर अपने साथ ले गये. सेंधमारी में किसी भी तरह का कोई सामान की चोरी की पुष्टि नहीं हुईं है. घटना के विषय में अभियंता कृष्णा कुमार के द्वारा मधुबन थाना में लिखित आवेदन दिया गया है. जिसमें कहा गया है कि शुक्रवार की रात को अज्ञात लोगों के द्वारा सिनीडीह एक्सेवेशन वर्क शॉप में सेंधमारी कर चोरी का प्रयास किया गया है. सेंधमारी में किसी तरह के सामान की चोरी नहीं हुई है. मधुबन थाना प्रभारी पिक्कू प्रसाद ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है.

### चाल धंसने से एक मजदूर की मौत

**गिरिडीह.** कोल इंडिया लिमिटेड की बनियाडीह स्थित सीसीएल इकाई क्षेत्र में शनिवार को अवैध कोयला खनन के क्रम में चाल धंसने से एक मजदूर की मौत हो गई. बताया गया कि घटना सुबह चार बजे के आसपास की है. मृतक मजदूर का नाम गुज्जर है. घटना की सूचना पर परियोजना पदाधिकारी जीएस मीणा, माइंस मैनेजर आरपी यादव भी पहुंचकर अवैध माइंस का जायजा लिया . इस बाबत पीओ ने बताया कि चर्चा है कि एक मजदूर दब गया है.अभी पूरी पड़ताल की जा रही है . उन्होंने कहा कि अभी चंद दिनों पहले ही इस खदान को भरा गया था. वहा मौजूद सीसीएल के अन्य कर्मियों ने बताया कि इस खदान को जब भी भरने के लिए टीम पहुंचती है तो खदान संचालक के द्वारा धमकी भी दी जाती है.

# धर्माबाँध में अपराधियों ने की गोलीबारी

**खास बातें**

- पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे किए बरामद
- आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता। कतरास/महुदा

धर्माबाँध ओपी क्षेत्र के सुड़ीयाडीह बस्ती स्थित बाबुडीह में शुक्रवार की देर रात अपराधियों ने एक दर्जन की संख्या में सुभाष सिंह के आवास के पास गोली व बम चलाकर गांव में दहशत फैला दी. अपराधियों ने सुभाष सिंह की स्विफ्ट कार में भी आग लगा दी, लेकिन समय रहते ग्रामीणों ने आग में पानी डालकर कार को जलने से बचा लिया.

इस घटना में ओपी प्रभारी कमलेश कुमार सदल बल घटनास्थल पर पहुँचे और जांच पड़ताल की. पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखा बरामद किया तथा स्विफ्ट कार को जो जलाने का प्रयास किया था उसका निरीक्षण किया.





इस संबंध में सुड़ियाडीह निवासी सुभाष सिंह के पुत्र संतोष सिंह ने धर्माबांध ओपी प्रभारी को लिखित शिकायत देकर एक दर्जन लोगों पर जान मारने की नीयत से गोली चलाने एवं स्वीफ्ट डिजायर कार को जलाने का आरोप लगाया है.

सुभाष सिंह ने बताया कि रात करीब 11.30 बजे बाहर में कुछ आहट आने पर वे बाहर निकले तो देखा कि धर्माबांध निवासी रतन महतो, महेश कर्मकार, दीपक रवानी, मधुसुदन सिंह, सुड़ियाडीह निवासी आनंद गोप, खरखरी निवासी विजय पासवान, रॉकी मोदक एवं अन्य बाहरी लोगों को बुलाकर मेरी स्वीफ्ट डिजायर कार में आग लगा दी,यह देखकर हल्ला करने पर गांव के विरेन्द्र सिंह एवं अन्य लोग बाहर निकले तो उनलोगों पिस्तौल निकाल ली और चार राउण्ड हवाई फायरिंग की और वहाँ से भाग निकले. जाते जाते उन लोगों ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी ओपी प्रभारी शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल कर रहे हैं वहीं घटना में धर्माबांध पुलिस की कार्यशैली से नाराज़ ग्रामीणों ने शनिवार को पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रकट किया.

## नेशनल लोक अदालत में महज चार घंटे में 2 लाख से ज्यादा प्री लेटिकगेशन विवादों का निपटारा

# 12 अरब 44 करोड़ तीन लाख रूपए की रिकॉर्ड रिकवरी

**खास बातें**

- तीन लाख 7 हजार 227 विवादों का निपटारा
- झारखंड में आम आदमी के लिए न्याय की नई पहल

संवाददाता। धनबाद

नालसा के निर्देश पर वर्ष 24 के अंतिम नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन जस्टिस एस एन प्रसाद ने ऑनलाइन रांची से किया. धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने इस मौके पर धनबाद मे आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल लोक अदालत अब परिचय का मोहताज नहीं रह गया है वह लोगों के स्वाद व आदत में शामिल हो चुका है. नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है ,नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है.हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक , आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है . उन्होंने कहा कि बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते. लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है . इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है. साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है. लोगों मे प्रेम ,शाति ,समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है . सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है.



### मौजूद थे न्यायाधिश

न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी, हसन, एस एन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी,संजय कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, आरती माला ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, सिविल जज एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार, हेमंत कुमार सिंह,संतोषणी मुर्मू ,स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट ऑफिसर रवींद्रनाथ ठाकुर, जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य शिप्रा डालसा के पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के टीम, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

### 3 लाख से अधिक विवादों का निपटारा

अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 13 बेंच का गठन किया गया था है जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया . नेशनल लोक अदालत में कुल तीन लाख 7 हजार 227 विवादों का निपटारा कर रेकॉर्ड 12 अरब 44 करोड़ तीन लाख 22 हजार 704 रूपए की रिकवरी की गई . जिसमें 24 हजार 274 ऐसे मुकदमे थे जो विभिन्न अदालतों में लंबित थे .उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया .

## बेटे के आवेदन पर चार के खिलाफ मामला दर्ज

# जमीन विवाद में चेतन साव पर हुई थी फायरिंग

संवाददाता। धनबाद

शुक्रवार शाम बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कुर्मीडीह निवासी जमीन कारोबारी चेतन साव पर हुए जानलेवा हमले के मामले में शनिवार को चेतन साव के पुत्र ठाकुर प्रसाद साव ने बरवाअड्डा थाना में दिये आवेदन में गांव के ही आनंद कुमार साव, धनश्याम साव, डालुराम महतो व अजय कुमार महतो पर गोली चला कर गंभीर रूप से घायल कर देने का आरोप लगाया है. दिए आवेदन में श्री ठाकुर ने लिखा है कि कुर्मीडीह स्थित पैतृक जमीन में गांव के ही आनंद कुमार साव, धनश्याम साव, डालुराम महतो व अजय कुमार महतो से विवाद चल रहा था. ये सभी लोग मेरे जमीन पर जबरन कब्जा करना चाह रहे थे. 22 नवंबर 2024 को जेसीबी मशीन लगाकर जमीन पर कब्जा कर रहे थे. विरोध करने पर जान मारने की धमकी दे रहे थे. घटना के दिन जान मारने की नियत से इनलोगों ने मेरे पिता पर ने छह राउंड गोली फायर किया. दो गोली मेरे पिता को लगी है. पिता चेतन साव गोली लगने से गंभीर रुप से घायल हो गए. ठाकुर प्रसाद ने प्रशासन से आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है. वहीं दो गोली लगने से गंभीर रूप से घायल चेतन साव का शुक्रवार रात विनोद बिहारी चौक स्थित एसजेएस अस्पताल में ऑपरेशन कर एक गोली निकाली गई. श्री चेतन के किडनी में गोली फंस गई थी. डॉक्टर ने ऑपरेशन कर गोली निकाल दी. फिलहाल श्री चेतन आईसीयू में भर्ती हैं, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है.

▼ ब्रीफ खबरें

## अनाथ दिव्यांग विशाल को मिला आश्रय

**झरिया।** झरिया रिसोर्स सेंटर के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह के पहल पर भौंरा गोरखूंटी के विशाल राय को धनबाद स्थित मिशनरी ऑफ चैरिटी के अनाथालय के मेल वार्ड में आश्रय मिल गया. शनिवार को गोरखूंटी बस्ती के लोग विशाल को लेकर अनाथालय पहुंचे, मिशनरी ऑफ चैरिटी के हेड सिस्टर विशाल को देखकर बहुत खुश हुई. सिस्टर ने कहा कि ऐसे दिव्यांग अनाथ बच्चे भगवान के रूप हैं. ईश्वर ने मुझे सेवा का मौका देकर हम पर उपकर किया है. यहां खाना, रहना, चिकित्सा के साथ सेवा में किसी तरह की कमी नहीं होगी. इस कार्य में झरिया रिसोर्स सेंटर के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह, सुनील मिश्रा, गंगाधर राय, दशरथ राय, निराला हेमब्रम, सुमित्रा देवी, शांति देवी एवं किशोरी लोहार का सराहनीय योगदान रहा .

## मथुरा महतो को सिंगड़ा के युवाओं ने दी बधाई

महुदा। टुंडी विधानसभा क्षेत्र से झामुमो के विधायक मथुरा प्रसाद महतो को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा विधानसभा में झामुमो का मुख्य सचेतक बनाने पर महुदा क्षेत्र के सिंगड़ा बस्ती निवासी युवा नेता अजय कुम्भकार, विजय राय, अजय राय, सौरभ कुमार, अनुज कुमार महतो, आदि ने बधाई देते हुए माला पहनाकर स्वागत किया.

## सड़क दुघर्टना में मृत के परिजनों से मिले विधायक

**टुंडी।** टुंडी-गिरिडीह मुख्य पथ भजुडीह गांव के पास हुई सड़क दुघर्टना में दो लोगों में से रुबिसन बास्की तथा मिरुलाल मुर्मू की हुई मौत की खबर सुनकर झारखंड के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो शनिवार को दो मुंडा व कपासटांड गांव पहुंचे. शोक-संतप्त स्वजनों से मिलकर ढांढस बंधाया व आर्थिक मदद दी. उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों के हम साथ हैं. जो भी सरकारी मुआवजे का प्रावधान है, उन्हें तुरंत दिलाने का प्रयास करुंगा.

इस मौके पर वरिष्ठ नेता बसंत महतो, विधायक प्रतिनिधि फुलचंद किस्कू, आनंद महतो, संतुलाल किस्कू, सुनील बेसरा, अशोक मुर्मू, लपसा किस्कू, बिनोद किस्कू, लबेश्वर मुर्मू, बिनोद किस्कू, लखीराम सोरेन, कांशीराम किस्कू आदि मौजूद थे.

## मथुरा को मुख्य सचेतक बनाए जाने पर टुंडी में खुशी

**टुंडी।** टुंडी विधानसभा क्षेत्र के झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो को मुख्य सचेतक बनाए जाने पर टुंडी के झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है. शनिवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ उनसे मिल कर बधाई दी. जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता रतिलाल टुडू, फुलचंद किस्कू, कामेश्वर सिंह, जिप सदस्य प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की, मुखिया इंद्रलाल बास्की, शहादत अंसारी, संतुलाल किस्कू, छोटु अंसारी, शहजाद अंसारी आदि मिले व मिठाईयां खिलाकर और फुलमालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दी.

## राजकीय मध्य विद्यालय पुटकी में पौधरोपण

**पुटकी।** पर्यावरण संरक्षण एवं जागरुकता को ले राजकीय मध्य विद्यालय, पुटकी में शनिवार को विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्थानीय पत्रकारों द्वारा पौधरोपण किया गया. मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, बाल संसद एवं इको क्लब के बच्चे उपस्थित थे. मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य भागीरथ कुमारने कहा कि आसपास को स्वच्छ वातावरण के लिए सभी पौधरोपण करें. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय को हरा भरा बनाना एवं पर्यावरण का संरक्षण करना है.

## पंचायत समिति सदस्य की मासिक बैठक संपन्न

**निरसा बाजार।** निरसा प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्य की मासिक बैठक संपन्न हुई. बैठक में नवनिर्वाचित विधायक अरूप चटर्जी पहुंचे. उक्त अवसर पर विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि गांव की सरकार यदि सुचारू रूप से चलेगी तो गांव के ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा. आप लोग गांव की सरकार हैं. आप लोग बेहतर काम करें ताकि गांव एवं मोहल्ला बेहतर हो सके. पंचायत समिति की मासिक बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले तथा विलंब से आने वाले पंचायत समिति सदस्यों एवं पदाधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश प्रखंड प्रमुख ने बीडीओ को दिया.

# जमीन मापी करने पहुंचे अंचल के अमीन को अतिक्रमणकारियों ने गाली गलौज कर भगाया

### एमजीएम चरकीटांड के गैर आबाद खाता की जमीन का हो रहा अतिक्रमण



**संवाददाता। महुदा**

महुदा। एमजीएम पब्लिक स्कूल के समीप स्थित गैर आबाद जमीन से अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार महतो ने बाघमारा अंचल अधिकारी को एक शिकायत पत्र प्रेषित किया था. पत्र के माध्यम से बाघमारा सीओ को अवगत कराया कि चरकीटांड मैनाचापड़ी स्थित सिंगड़ा मौजा में सात एकड़ 10 डिसमिल गैर आबाद खाते की भूमि है, जिसपर चरकीटांड़ मैनाचापड़ी ग्राम निवासी छुटन रजक जबरन अतिक्रमण करते जा रहा है. इससे स्कूल के बच्चों को आवागमन एवं खेलकूद करने में काफी कठिनाई हो रही है. उन्होंने स्कूली बच्चों को अतिक्रमणकारियों द्वारा गाली-ग्लौज करने का भी आरोप लगाया है. इस संबंध में मुखिया सुर्यकांत महतो ने बताया कि उक्त भूमि की मापी व जांच पड़ताल के लिए अंचल कार्यालय से सीओ के आदेश पर अमीन व कर्मचारी पहुंचे थे, लेकिन अतिक्रमण करने वाले लोगों ने मापी का विरोध करते हुए उनके साथ गाली-गलौज किया. जिस कारण जांच टीम को बैरंग ही वापस लौटना पड़ा. इस सबंध में महुदा पुलिस व जांच टीम द्वारा संबंधित भूमि का कागजात दिखाने को कहा गया, लेकिन उनलोगों ने कोई कागजात नहीं दिखाए और जबरन निर्माण कार्य करते रहे. इधर संबंध में अंचल अधिकारी बाल किशोर महतो से फोन पर मामले को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में हैं. जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी.

# पिट वाटर को लेकर दो पक्षों में झड़प पीओ समेत आधा दर्जन लोग घायल

### आक्रोशित लोगों ने एजेंट का किया घेराव, ओपी में प्रदर्शन कर किया हंगामा



> पिट वाटर की समस्या को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने के बाद सैकड़ों लोगों की भीड़ कोलियरी कार्यालय पर हंगामा किया. भीड़ में शामिल कुछ असामाजिक तत्व ने उनके साथ मारपीट किया है. दोषियों को चिन्हित कर उसके खिलाफ पुलिस से कार्रवाई को शिकायत की जाएगी.
>
> **अरुण कुमार पांडेय**
> **परियोजना पदाधिकारी**
> **एकीकृत जयरामपुर कोलियरी, लोदना क्षेत्र**

**संवाददाता। झरिया**

झरिया। लोदना ओपी के अंतर्गत लोदना सात नंबर में शनिवार को कोलियरी से मुहल्ले में होने वाली पिट वाटर की पाइपलाइन में किए गए अवैध छेद के चलते हो रही आंशिक जलापूर्ति के मुद्दे पर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट की घटना में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद भड़के लोगों ने घटना के लिए कोलियरी प्रबंधन को दोषी ठहराते हुए परियोजना पदाधिकारी ए के पांडेय की ग्रामीणों ने गाली गलौज करते हुए पिटाई कर दिया. इस दौरान घटना की तस्वीर ले रहे पत्रकारों से भी भिड़ में शामिल कुछ लोगों ने फोटो मिटाने को लेकर अभद्र व्यवहार किया. घटना को लेकर दोनों पक्षों के लोगों ने लोदना ओपी पर प्रदर्शन करते हुए एक दूसरे पक्ष के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग को लेकर ओपी में जमकर हंगामा किया. पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया. मालूम हो कि लोदना कोलियरी के एक नंबर खदान से सात नंबर यादव पट्टी होते हुए चार नंबर, आठ नंबर, मल्लाह पट्टी, मस्जिद पट्टी, केशव नगर आदि मोहल्लों में आठ इंच के पाइपलाइन से पिट वाटर की आपूर्ति की जाती है. बताया जा रहा है कि यादव पट्टी के समीप स्थानीय लोगों ने पाइपलाइन में कई स्थानों में अवैध रूप से कनेक्शन के लिए छेद कर दिया है. पाइपलाइन में छेद होने के कारण अन्य मुहल्ले में पिट वाटर की आंशिक आपूर्ति होने से लोगों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था. आज जब जलापूर्ति शुरू हुई तो चार नंबर धौड़ा के विकाश पासवान उर्फ भेदू और अनिल चौहान नामक युवक यादव पट्टी पहुंचा, जहां सात नंबर के निवासी गिरजा यादव का पुत्र चंदन यादव को पाइप लगाकर पानी भरते देख विकाश और अनिल भड़क गए और पाइप खोलकर पाइप के छेद को रबर से बंद करने लगा. जिसको लेकर दोनों का चंदन यादव के साथ विवाद होने लगा. विवाद की सूचना पर यादव पट्टी के कई लोग वहां पहुंचकर लाठी डंडे से विकाश और अनिल को पीटकर माथा फोड़ दिया. जिसकी जानकारी पाकर चार नंबर, आठ नंबर धौड़ा, इस्लामपुर केशव नगर के दर्जनों लोग घटनास्थल पर पहुंच कर आक्रोशित होकर घटना के दोषी चंदन यादव की खोज करते हुए उसके घर पर हमला कर दिया. इस दौरान घर में तथा आसपास जो भी मिला उसकी आक्रोशित लोगों ने जमकर पिटाई कर चोटिल कर दिया. हमले में सरस्वती देवी, चंदन यादव, कुंदन, ऊषा, कविता आदि घायल हो गई. दोनों पक्षों के घायलों को जियलगोरा अस्पताल एवं झरिया के एक निजी नर्सिंग होम में इलाज को भर्ती कराया गया है. पानी के लिए मुहल्ले के लोगों के बीच हुई मारपीट की घटना के लिए परियोजना प्रबंधन को दोषी ठहराते हुए सैकड़ों की संख्या में लोगों ने लोदना कोलियरी कार्यालय पहुंचकर पीओ का घेराव किया. लोगों ने पीओ से तत्काल पाइपलाइन की अवैध छेद को बंद कराने तथा जलापूर्ति नियमित करने की मांग करने लगे. पीओ एके पांडेय की पीट वाटर की समस्या के समाधान करने की दिशा में आनाकानी करने की रवैए से ग्रामीण भड़क गए और पीओ पांडेय की हाथापाई गली गलौज करते हुए भीड़ ने जमकर पिटाई कर दी. घटना की सूचना पाकर लोदना ओपी पुलिस सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया. घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग ओपी पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग को लेकर हंगामा किया है.

## लड़की को भगाने का आरोपी गया जेल

**निरसा बाजार/कालूबथान ।** निरसा (कालूबथान)कांड संख्या 427/24 के अभियुक्त रवि मुर्मू को कालूबथान पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर धनबाद न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया, वहां से उसे जेल भेज दिया गया. मुर्मू के विरूद्ध 11 दिसंबर 24 को क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर घर से भागा ले जाने का आरोप लड़की के पिता ने लगाई थी. जिसपर पुलिस ने धारा 96/137(1)(b) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था. इस संबंध में केस के अनुसंधानकर्ता एएसआई दुवराज मोहली ने बताया कि मुर्मू को गोविंदनगर थाना क्षेत्र के घोगरो काशिटांड़ गांव स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया है. मामला दर्ज होने के बावजूद वह फरार चल रहा था.

## मोबाइल छिनतई के आरोप में युवक गिरफ्तार

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना स्थित नेहरू रोड में गत दिनों मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों द्वारा स्कूली छात्रा के साथ मोबाइल छिनतई के आरोप में चिरकुंडा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुलिस ने उसके पास से छात्रा का मोबाइल सहित युवक के मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है. चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय ने बताया कि 16 नवंबर को नेहरू रोड में स्कूली छात्रा अनुसूइया दत्ता से मोटरसाइकिल में सवार दो युवकों द्वारा झपट्टा मारकर मोबाइल की छिनतई कर ली थी. पुलिस ने मोबाइल ट्रेस के आधार पर थाना क्षेत्र के जुनकुदर स्थित जीओसीपी कालोनी में घर से मोबाइल चोरी के आरोप में युवक शुभम यादव को गिरफ्तार किया. पुलिस ने युवक के पास से छात्रा का मोबाइल भी बरामद कर लिया है व युवक के मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है.

# नेहरु महिला महाविद्यालय में शासी निकाय चुनाव संपन्न

### टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो अध्यक्ष मनोनीत



**संवाददाता। तेतुलमारी**

नेहरु महिला महाविद्यालय तेतुलमारी में शनिवार को शासी निकाय का गठन हुआ. इस निकाय में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को अध्यक्ष मनोनित किया गया है. इस निकाय में सचिव चंपा देवी, सदस्य के रूप में धनबाद अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, डॉ अरुण महतो, रीता सिंह, मनोज सिंह, मनकेश्वर प्रसाद सिंह को शामिल किया गया है. निकाय अध्यक्ष मनोनित किये जाने पर कॉलेज के छात्राओं व व्यख्याताओं सहित कॉलेज प्रबंध समिति ने अभिनंदन किया. कॉलेज के व्यख्याता यदुनाथ सिंह चौधरी ने कॉलेज की शिक्षा व अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक बताया. विधायक श्री महतो ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा किस प्रकार आगे बढ़ाया जाय, इस पर सभी को मंथन करने की जरूरत है.

# एक घर से दो मासूम भाईयों की उठी अर्थी, पूरे गांव में छाया मातम



**संवाददाता। तोपचांची**

**तोपचांची।** थाना क्षेत्र के मदैयडीह गांव में एक दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को झकझोर दिया है. एक घर से दो मासूम भाईयों की अर्थी उठने से पूरे गांव में मातम छा गया है. दोनों बच्चे विशाल कुमार (12) और विक्रम कुमार (7) अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने धनवार के धोड़थंबा ओपी के हदहदवा नदी किनारे गए थे. लेकिन पिकनिक के दौरान दोनों बच्चे नदी में डूब गए. उनकी मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया. शुक्रवार देर रात दोनों बच्चों का शव तोपचांची थाना क्षेत्र के मदैयडीह गांव पहुंचा. दोनों बच्चों का शव गांव पहुंचते ही गांव का माहौल मातम में तबदील हो गया. मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. मृतक के मां ममता देवी अपने दोनों मासूम बेटे की मौत की खबर सुन कर बेसुध हो जा रही है. रोती बिलखती मां कह रही है कि यमराज का कलेजा फाड़ कर लौट आओ बेटा. गांव के ग्रामीण महिला मृतक के मां को सांत्वना देने की कोशिश की, लेकिन वह अपने बेटों की मौत की खबर सुनकर शांत नहीं हो पा रही थी.

**दोनों बच्चों का शव घर के बाड़ी में किया दफन :** इधर शुक्रवार देर रात पहुंचे दोनों बच्चों का शव को शनिवार को सुबह दोनों मासूम बेटे का शव का दफन अपने घर के बाड़ी में परिजनों ने किया. दोनों मासूम बच्चों की अर्थी उठते ही मां ममता की चित्कार से उपस्थित ग्रामीणों के आंखें नम हो गई. हालांकि घटना से पुरा गांव में शोक का माहौल है और ग्रामीण दोनों बच्चों की मौत बाद से ही सदमे में हैं.

शनिवार को भाजपा नेता विकास कुमार महतो पीड़ित परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंचे और उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए स्वजन को सांत्वना दिया.

### निरसा में भाकपा माले के झारखंड राज्य कमेटी की दो दिवसीय बैठक सम्पन्न

# केंद्र सरकार अडाणी रिश्वत कांड पर चर्चा से भाग रही : दीपांकर



**संवाददाता। निरसा/निरसा बाजार**

**निरसा/निरसा बाजार।** केंद्र सरकार अडाणी रिश्वत कांड पर चर्चा से भाग रही है. केंद्र सरकार नहीं चाहती कि संसद चले, इसलिए कोई ना कोई बहाना बनाकर संसद नहीं चलने देना चाहती. अदाणी ग्रुप द्वारा 2200 करोड़ रुपए का रिश्वत सोलर एनर्जी का ठेका लेने के लिए दिया गया है. यदि रिश्वत भारत में दिया गया है तो इसकी भी जांच भारत में होनी चाहिए. भाजपा पुनः मंदिर एवं मस्जिद के सवाल पर लोगों को गुमराह कर जनता के मूल समस्याओं महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने का प्रयास कर रही है. उक्त बातें भाकपा-माले के केंद्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने शनिवार को निरसा स्थित भाकपा-माले कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही. वे भाकपा-माले राज्य कमेटी की आयोजित दो दिवसीय बैठक में शामिल होने आए हुए थे. उन्होंने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव पर महाभियोग एवं राज्यसभा संसद के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, इसलिए भी केंद्र सरकार संसद में चर्चा से भाग रही है.<उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि 1901 के कानून लागू रहेगा. 1947 के पूर्व धार्मिक स्थलों की जो स्थिति थी वह पूर्वत रहेगी. निचली अदालत उसमें दखल ना दे. साथ ही उन्होंने संविधान से सोशलिस्ट एवं सेकुलर शब्द नहीं हटाया जाएगा. वह बना रहेगा. हमारी पार्टी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का समर्थन करती है. प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाकपा-माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि भाजपा की बांटने वाली, कॉर्पोरेट परस्त नीतियों को ना करते हुए महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत दिया. 18 दिसंबर को भाकपा-माले नेता विनोद मिश्र एवं झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता रहे विनोद बिहारी महतो के पुण्यतिथि पर भाकपा-माले पूरे राज्य में जोहार झारखंड संकल्प अभियान पदयात्रा निकलेगी. इस पदयात्रा के माध्यम से मजदूर किसानों नौजवानों के बीच जाकर उनका अभिनंदन एवं उनकी समस्याओं को जानने का काम किया जाएगा. 16 जनवरी से लेकर 14 अप्रैल तक शहीद महेंद्र सिंह के शहादत दिवस से शुरू होकर 14 अप्रैल गुरदास चटर्जी के शहादत दिवस झारखंड के जनमानस के बीच जाकर चर्चा परिचर्चा अभियान चलाया जाएगा. प्रेस वार्ता में सिंदरी विधायक बबलू महतो, पूर्व विधायक आनंद महतो, विनोद सिंह, राजकुमार यादव, मिथिलेश सिंह, हलदर महतो इत्यादि मौजूद थे.

न्यूज अपडेट ▼

## रानीबांध तालाब का जीर्णोद्धार कार्य शुरू, ग्रामीणों में खुशी

निरसा बाजार। निरसा पोद्दारडीह स्थित रानी बांध (तालाब) जीर्णोद्धार कार्य शनिवार को शुरू हुआ. पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने 15 अक्टूबर 2024 को शिलान्यास की थी, आज उसी कार्य को आगे बढ़ते हुए मिट्टी कटाव कार्य का विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर कार्य प्रारंभ हुआ. कार्य प्रारंभ होने पर आसपास के गांव के लोगों में खुशी का माहौल है. रानी बांध (तालाब) में मिट्टी, कीचड़, खर-पतवार भर जाने के कारण पूजा-पाठ, मुंडन, संस्कार आदि कार्यों में ग्रामीणों को अत्यधिक कठिनाई हो रही थी. इस तालाब का पानी का प्रयोग आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोग पीने में एवं दैनिक कार्यों के लिए करते हैं.

इस अवसर पर गौतम सेनगुप्ता, रघुबीर नारायण सिंह, दोलन सेनगुप्ता, बिशु राय, समल रुद्र, गौतम राय, विकाश रवानी, बैधनाथ रवानी,नकुल रवानी, राजु रवानी, मधु रवानी, गणेश माजी, अमर सिंह, राणा प्रताप सिंह, नयन रवानी, जितेन रवानी, उत्तम रवानी, चंदन झा, विजय गोराई, जयंत राय, दुलाल दास, रतन चंद्र, प्रभु नाथ रवानी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे.

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

झरिया। डिगवाडीह नंबर 12 स्थित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर शार्प साइट आई हॉस्पिटल धनबाद की मदद से विद्यालय प्रांगण में आयोजन किया गया. शिविर में 200 मरीजो की जांच किया गया, जिसमें 35 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाया गया तथा 20 मरीज को रेटिना की जांच के लिए धनबाद स्थित हॉस्पिटल बुलाया गया. 25 मरीजों में दृष्टि दोष पाया गया है. इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या रूना दुबे ने कहा कि इस तरह का शिविर का आयोजन हमारा विद्यालय समय-समय पर लगाता रहता है. जिससे बच्चे एवं उनके अभिभावक को लाभ होती है. डॉ.मनीषा ने सभी बच्चों एवं उनके अभिभावक को कहा कि जिनको भी दृष्टिरोधक है वह चश्मे का प्रयोग अवश्य करें. इस अवसर पर सागर सिंह, सत्यम श्रीवास्तव, राहुल सिंह, स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक प्रशांत श्रीवास्तव,पंकज चौबे, प्रकाश उरांव, सुब्राता बोस, नागेंद्र पासवान, राहुल आनंद, अजय कुमार, रेखा दत्ता, राखी गोस्वामी, रमेश गोराई, बुबुन दास, अमित बनर्जी, विक्रम प्रसाद, अनुज कुमार, शशि भाटिया, रमा चक्रवर्ती आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं, बच्चें एवं अभिभावकगण उपस्थित थे.

## विजय जुलूस निकाल यूनियन कर्मियों ने जताई खुशी



**गोमो।** पूर्व मध्य रेलवे ने मान्यता प्राप्त यूनियन को लेकर पिछले चार, पांच, छह दिसंबर को हुए चुनाव में परिणाम आने के बाद ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन को मान्यता मिलने पर यूनियन से जुडे रेलकर्मियों में काफी खुशी का माहौल है. शनिवार को गोमो में जीत की इस खुशी के मौके पर यूनियन के नेताओं और समर्थकों ने अलरसा शाखा कार्यालय में इकट्ठा होकर लाल गुलाल लगा कर मिठाई बांट कर खुशी मनाया. इसके उपरांत यूनियन के बैनर तले गाजे बाजे के साथ विजयी जुलूस निकाली गई. एक दूसरे को अबीर गुलाल के लगा खुशी का इजहार किया. विजय जुलूस ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (आलरसा) कार्यालय से निकल कर विधुत लोको शेड, गोमो स्टेशन, क्रू लाबी, आरआर आई, कैरेज एंड बैगेन, पी डब्लू आई, आईओडब्लू सिक लाइन यार्ड आदि रेलवे परिसर कार्यालयों का भ्रमण कर पुनः आलरसा कार्यालय में वापसी कर समाप्त हुआ. इस मौके पर केन्द्रीय सहायक महासचिव डीबी दीन व केन्द्रीय संयुक्त सचिव आर आर प्रजापति ने कहा कि बड़ी खुशी है की संगठन के प्रति रेल कर्मियों ने उम्मीद रखा और विजय होने पर ईसीआर में संगठन को मान्यता मिली है. उन्होंने कहा कि युनिफाईड पेंशन स्कीम का करती है और आगे भी करेगी. उन्होंने कहा कि पटना ऑल इंडिया बीजीएम 24वां अखिल भारतीय द्विवार्षिक अधिवेशन में युनिफाईड पेंशन स्कीम का मामला जोरदार तरीके उठाया जायेगा. बेंगलोर से आये अलरसा के सहायक सचिव भीएस राव ने जीत पर धनबाद रेल मंडल के रेल कर्मियों को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि पटना में 17 व 18 दिसंबर को होने वाली 24 वां अखिल भारतीय द्वि वार्षिक अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में रेल कर्मियों को भाग लेने की अपील की.

## बरोरा एरिया लोदना को हरा कर सेमीफाइनल में पहुंचा

झरिया। शनिवार को जेलगोरा स्टेडियम में बीसीसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत 2 मैच खेला गया. पहला मैच लोदना बनाम बरोरा एरिया के बीच टॉस हुआ. लोदना एरिया ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर के मैच में 19 पॉइंट 4 ओवर में 117 रन बनाकर ऑल आउट हो गया. जवाबी पारी खेलते हुए बरोरा एरिया ने 19.5 ओवर में 6 विकेट पर 118 रन बनाकर चार विकेट से यह मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बरोरा के राजकुमार यादव को दिया गया. दूसरा मैच ई. जे. एरिया बनाम कतरास एरिया के बीच खेला गया. टॉस कतरास एरिया ने जीता और पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर के मैच में 12.1 ओवर में 64 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. जवाबी पारी खेलते हुए ई.जे. एरिया की टीम ने 14.1 ओवर में 7 विकेट खोकर आवश्यक रन बना लिए और इस तरह तीन विकेट से मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. इस मैच में मैन ऑफ द मैच का अवार्ड किशलय कुमार को दिया गया.

## झाबांभउस ने बांग्लादेश के मो. यूनुस का जलाया पुतला

**धनबाद।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के सदस्यों ने शनिवार को रणधीर वर्मा चौक पर बांग्लादेश के मो0 यूनुस का पुतला फूंका. इस कार्यक्रम में संस्थापक डेंगू ठाकुर ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की चुन-चुन कर हत्या करना वहां पर दिलाई गई मां बहनों की इज्जत पर खिलवाड़ हुआ है. आज वहां पर अल्पसंख्यक हिंदू परिवार भयभीत हैं. बहुत सारे परिवार बांग्लादेश छोड़कर पलायन कर रहे हैं. इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भवानी बनर्जी, गोविंद ठाकुर, रघुनाथ राय, शिबू चक्रवर्ती, गुड्डू दास, विद्युत चक्रवर्ती, रणजीत चक्रवर्ती, अनूप चक्रवर्ती आदि लोग शामिल थे.

## गुड्डु सिंह के खिलाफ मुकदमा

**धनसार।** विश्वकर्मा परियोजना मे शुक्रवार को आंदोलन के दौरान धनसार चानक के समीप दो हाइवा का शीशा तोड़ने के मामले में धनसार पुलिस ने पीटीपीएस ट्रांसपोर्ट के मुंशी राजेश मरांडी के शिकायत पर गुड्डू सिंह सहित अन्य लोगों के खिलाफ दो वाहनों का शीशा तोड़फोड़ करने का मामला दर्ज किया है. राजेश का आरोप है कि शुक्रवार को गोधर चेक पोस्ट से जेएच10सीआर 2140 एवं जेएच10सीआर 6441 नंबर का हाइवा कोयला लोड लेने के लिए विश्वकर्मा परियोजना कोल डम्प आ रहा था. इस क्रम में धनसार चानक के पास पहले से घात लगाए गुड्डू सिंह, डब्लू सिंह, आदित्य सिंह, मोहित सिंह, शिवशंकर सिंह, गुडू खान, रवि सिंह सहित अन्य 15-20 लोग जा धमके. देखते ही देखते दोनो हाइवा पर पत्थर व डंडे से प्रहार कर हाइवा का शिशा तोड़ दिया. धनसार थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे का कहना है कि शिकायत के बाद मामला दर्ज की गई है. मामले की जांच कर आगे की विधिवत कारवाई की जाएगी.

## लोयोला स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

चिरकुंडा। शनिवार को चिरकुंडा तालडंगा स्थित लोयला स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि निरसा विधायक अरुप चटर्जी, विशिष्ट अतिथि के रूप में निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला, शिक्षा निदेशक फादर एल्विन सीवी व डीवीसी पंचेत के सहायक कमांडेंट रविंद्र कुमार, स्कूल के सचिव फादर ए अल्फांस, स्कूल के प्रिंसिपल फादर जॉनी पी देवासिया, वाइस प्रिंसिपल सिस्टर विवियाना एवं अन्य गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य एवं विद्यालय के प्रिंसिपल के द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत भाषण के द्वारा किया गया. इसके बाद बच्चों के द्वारा कदमताल एवं खेलकूद प्रतियोगिता के मशाल स्तंभ को प्रज्वलित करके स्कूल के वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ किया गया. वहीं मुख्य अतिथि विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि सफलता के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है. उन्होंने स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी बधाई दिया. विद्यालय के प्रिंसिपल फादर जॉनी पी देवासिया के द्वारा बच्चों को प्रेरित होकर एवं निष्पक्ष खेल खेलने का शपथ दिलाया गया. उन्होंने कहा कोविड-19 के बाद लोयोला स्कूल में इस व्यापक खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. उन्होंने खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलकूद हमारे जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है यह हमें जीवन के अनुशासन का पाठ पढ़ाता है.

## बोकारो में धान अधिप्राप्ति की तैयारी शुरू, 15 दिसंबर से शुरू होगी खरीदारी

# अपने पास के पैक्स में ही जाकर धान का विक्रय करें : श्वेता

संवाददाता। बोकारो

उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार शनिवार को जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया की अध्यक्षता में जिले के सभी बी०टी०एम / ए०टी०एम/कृषक मित्र / प्रगतिशील किसान के साथ धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक जिला कृषि कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई. मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, बोकारो मो० शाहिद भी उपस्थित थे. बैठक में उपस्थित सभी कर्मियों को सूचित किया गया कि 15 दिसंबर से जिले में धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ हो रहा है. सभी को निदेश दिया गया कि सभी कृषक जो अपना धान बेचना चाहते हैं, उन्हें



जागरूक करें कि वे अपना धान अपने नजदिकी पैक्स में ही जाकर इसका विक्रय करें. किसी भी परिस्थिति में बिचौलिया अथवा कम मूल्य पर राज्य के बाहर से आने वाले व्यापारी को कम दाम पर इसका विक्रय नहीं करें. सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 2400 रू० की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है, जिस दर पर धान की खरीद की जाएगी. फार्म भरवाकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से संबंधित अंचल कार्यालय में इसे जमा करेंगे. बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया ने सभी कर्मियों को ई-उर्पाजन पर निबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई एवं निबंधन फार्म उपलब्ध कराते हुए निर्देश दिया गया कि किसानों से यह फार्म भरवाकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से संबंधित अंचल कार्यालय में इसे जमा करेंगे. जहाँ से सत्यापन के पश्चात् जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा इसकी इन्ट्री ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जाएगा. जिला कृषि पदाधिकारी, बोकारो सह-परियोजना निदेशक आत्मा मो० शाहिद ने आश्वस्त किया कि कृषि विभाग के सभी कर्मी धान अधिप्राप्ति योजना को सफल करने में अपना पुरा योगदान देंगे. बैठक के दौरान राणा रमेश कुमार सिंह, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, चास एवं कसमार, कृषि विभाग के कर्मी मोतीलाल रजक एवं जिले के सभी बी०टी०एम/ ए०टी०एम/ कृषक मित्र/ प्रगतिशील किसान उपस्थित थे.

### पैक्स में धान अधिप्राप्ति को लेकर कार्यशाला

**कसमार(बोकारो)।** कसमार प्रखंड के सोनपुरा पैक्स में शनिवार को किसानों से धान अधिप्राप्ति को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस दौरान पैक्स अध्यक्ष छोगालाल सिंह की अध्यक्षता एवं कसमार प्रखंड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी राणा रमेश सिंह की उपस्थिति में क्षेत्र के किसानों को धान अधिप्राप्ति के बारे विस्तृत जानकारी दी गई.
कार्यशाला में मुख्य रूप से किसानों को अपना धान सरकार के पास बेचने के लिए प्रेरित किया गया. बताया गया कि किसी भी कीमत में बिचौलियों को धान न बेचें, क्योंकि बिचौलिए को धान देने से यह दूसरे प्रदेश में बेच दिया जाता है.
किसानों को बताया गया कि धान अन्य प्रदेशों में न जाय, इसके लिये किसानों को अपना धान अपने नजदीक के उपार्जन केन्द्र में बिक्री की व्यवस्था सहकारिता विभाग एवं सरकार ने की है. इसके लिये सरकार इस बार धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 2300 रुपये एवं बोनस 100 रुपये अलग से दिए जाने का प्रावधान है.

## बोकारो के अनुराग बने यूपीएससी आईईएस परीक्षा में भारत टॉपर

संवाददाता। बोकारो



डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो की गरिमा एक बार फिर राष्ट्रीय फलक पर चमकी है. विद्यालय का छात्र रहे अनुराग गौतम ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से आयोजित भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) परीक्षा 2024 में पूरे भारतवर्ष में पहला स्थान प्राप्त कर न केवल विद्यालय और बोकारो इस्पात नगर, बल्कि पूरे राज्य का मान बढ़ाया है. विद्यालय में 2012 बैच के भूतपूर्व छात्र अनुराग गौतम को रैंक- 1 मिलने से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है. विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अनुराग को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. प्राचार्य डॉ. गंगवार ने कहा कि यह हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धियों की फेहरिस्त में एक और नया अध्याय है. यह विद्यार्थियों की उत्कृष्ट बुनियाद तैयार करने की दिशा में विद्यालय की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है. उन्होंने अनुराग की इस शीर्षतम कामयाबी को अन्य सभी छात्र-छात्राओं के प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्रोत भी बताया. गौरतलब है कि यूपीएससी द्वारा भारतीय आर्थिक सेवा/भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा 2024 के लिए 21 जून से 23 जून, 2024 तक परीक्षा आयोजित की गई थी.

## ब्रीफ खबरें

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार जख्मी

**गावां (गिरिडीह)।** गावां-तिसरी पथ पर शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार जख्मी हो गया. बताया जाता है कि तिसरी के ककनी निवासी गुड्डू यादव पिता जागेश्वर यादव (30) वर्ष गावां से अपने घर जा रहा था. इसी बीच एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. घटना के बाद गावां पुलिस के सहयोग से गावां अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया .

### एक युवक का सीआरपीएफ और दूसरे का बीएसएफ में चयन

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखण्ड क्षेत्र के केंदुआ पंचायत के मनकडीहा व पलरा के दो युवक सीआरपीएफ और बीएसएफ में नौकरी कर देश सेवा करेंगें. बता दें शनिवार को एसएससी कांस्टेबल जीडी2024 का परीक्षा परिणाम आया. जिसमें मनकडीहा निवासी राजेन्द्र पंडित का पुत्र आशीष कुमार पंडित का सीआरपीएफ में चयन हुआ .वहीं पलरा निवासी अशोक कुशवाहा का पुत्र अभय कुमार का चयन बीएसएफ में चयन हुआ है. इन दोनों के देश सेवा में चयन होने से प्रखण्ड क्षेत्र में खुशी की लहर है .

### एसडीएम ने बीईईओ का वेतन रोका

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के स्कूलों में एमडीएम का चावल पहुंचाने के दौरान कालाबाजारी को लेकर हेराफेरी मामले में गावां बीईईओ तितुलाल मंडल का वेतन पर रोक लगाई गई है. बीईईओ पर यह कार्रवाई खोरीमहुआ एसडीएम अनिमेष रंजन के द्वारा किया गया है . गौरतलब हो कि सोमवार को गावां में एमडीएम का चावल लेकर एक वाहन मिर्जागंज की ओर भाग गया था, वहीं दूसरा वाहन भी तय स्कूलों की जगह दूसरे स्कूल चावल लेकर पहुंच गया था, जिसे ग्रामीणों की शिकायत पर जब्त भी किया गया था. इसी मामले में बीईईओ द्वारा सही ढंग से मॉनिटरिंग नहीं किये जाने को लेकर खोरीमहुआ एसडीएम ने बीईईओ को शोकॉज किया था, जिसका सन्तोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एसडीएम ने यह कार्रवाई की है.


### सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. दीपक कुमार का निधन

**देवघर।** सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ दीपक कुमार का निधन शनिवार को हो गया. वह जसीडीह सीएचसी में पदस्थापित थे और सदर अस्पताल में उनकी प्रतिनियुक्ति थी. घटना के संबंध बताया जाता है कि शुक्रवार की रात वह खाना खाकर सो गए और आज सुबह जब परिजन उन्हें उठाने के लिए उनके कमरे में गए तो वह नहीं उठे. इसके बाद परिजनों ने आनन फानन में बेलाबगान के समीप स्थित आवास से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया, जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृत चिकित्सक बोकारो जिले के चिराचास थाना क्षेत्र के कुंज विहार के रहने वाले थे.

### 100 सेविकाओं को मिला तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**देवघर।** प्रखंड के सभागार में बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा बच्चों के महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत 100 सेविकाओं का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया. जिसमें देवघर व देवीपुर प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया. साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को बाल विकास तथा प्रारंभिक बाल कल्याण देखभाल और शिक्षा की विस्तृत जानकारी सुपरवाइजर के द्वारा प्रदान की गई.

# एनएच पर 2 अलग-अलग हादसों में 6 लोगों की मौत







संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिले के कसमार थाना क्षेत्र के दांतू में नेशनल हाइवे पर शुक्रवार की देर शाम दो अलग-अलग हादसों में छह लोगों की मौत हो गई. मृतकों में पांच लोग गोला थाना क्षेत्र के सुतरी गांव व एक व्यक्ति पेटरवार के उतासारा गांव का निवासी था. पहली घटना दांतू के चटनिया मोड़ के पास हुई. गोबर लदे एक ट्रैक्टर को हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर पलट गया, जिसमें ट्रैक्टर चालक का सहयोगी उतसारा गांव निवासी सुखसागर नायक उर्फ देला गोबर में दब गया. चालक ने उतसारा गांव जाकर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी. ग्रामीण जब तक घटनास्थल पर पहुंचे तब तक गोबर में दबे चालक के सहयोगी सुखसागर नायक (45 वर्ष) की मौत हो चुकी थी. आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी, जिससे एनएच पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई.जाम में एक ट्रेलर भी घटना स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर डाक बंगला के सामने खेलाचंडी मंदिर के पास फंसा हुआ था. इसी बीच पीछे से आ रही एक बोलेरो (नबंर जेएच 01 एई 4459) ट्रेलर में जा टकराई. इस हादसे में बोलेरो पर सवार सुतरी गांव के पांच लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. सभी लोग चंद्रपुरा के भंडारीदह के फुलवारी गांव में एक रिश्तेदार के घर मुंडन समारोह से लौट रहे थे. वहां सुतरी गांव के सुंदरलाल सिंह के साढू के पौत्र का मुंडन संस्कार था. हादसे में सुंदरलाल सिंह (35 वर्ष), उनकी पत्नी धूपिया देवी (30 वर्ष), पुत्र कृष्ण कुमार (10 वर्ष) व पुत्री गुंजन कुमारी (7 वर्ष) तथा उसी गांव का सुजीत मुंडा (30) वर्ष की मौत हो गई. दो सड़क हादसों के बाद दांतू में एनएच पर करीब आठ किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया.

### आक्रोशित ग्रामीणों ने 5 घंटे जाम रखा एनएच

पहली घटना शाम करीब सात बजे चटनियां मोड़ पर सड़क के बीचो बीच घटी. हाइवा व ट्रैक्टर की दुर्घटना में खलासी की मौत के बाद दांतू से उत्तासारा व दांतू से कमलापुर दोनों ओर लगभग आठ किलोमीटर तक सड़क पर जाम लग गया. पुलिस की सूझ-बूझ से सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों को बहादुरपुर में बायपास कर कसमार के रास्ते पेटरवार की ओर भेजा जा रहा था. सड़क जाम व भीड़ को नियंत्रित करने में कसमार बीडीओ नम्रता जोशी, कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो समेत जरीडीह व पेटरवार थाना प्रभारी लगे हुए थे. ट्रैक्टर मालिक की ओर से मृत खलासी सुखसागर नायक के परिजनों को दो लाख रुपये मुआवजा देने पर करीब 5 घंटे बाद ग्रामीण माने और जाम हटाया.

### फोरलेन निर्माण को लेकर एनएचआई ने चलाया बुलडोजर

**कसमार (बोकारो)।** बोकारो उपायुक्त के निर्देश पर शनिवार को भारत माला परियोजना में पड़ने वाले संरचना पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बुलडोजर चलाया गया. जैनामोड़-गोला-ओरमांझी सेक्शन पर फोर-लेन सड़क निर्माण पर रैयतों द्वारा बनाए गए संरचना पर एनएचआई ने बुलडोजर चलाते हुए सड़क को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया. बताया गया कि पोंडा पंचायत के बनगजरा में भू-अर्जन द्वारा जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरा करने के बाद मुआवजा राशि का भुगतान भी कर दिया गया है. इसके बावजूद कुछ रैयत मुआवजा राशि लेने के बाद भी अपनी संरचना को तोड़ नहीं रहे थे. जिसके बाद बेरमो एसडीएम ने सभी रैयतों को नोटिस की तामिला करते एक सप्ताह के अंदर सभी संरचना को तोड़ने की बात कही थी. भारत माला परियोजना के संदीप पाल ने बताया कि जिन रैयतों की जमीन या संरचना तोड़ी गई है, सभी का मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है. संरचना तोड़ने के दौरान मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गई थी. जिसमें वरीय दंडाधिकारी सह कसमार सीओ प्रवीण कुमार, दंडाधिकारी कनीय अभियंता आशीष कुमार, राजीव रंजन सोरेन, एनएचएआई के इंचार्ज शैलेंद्र कुमार एवं केशव कुमार, भू अर्जन विभाग के रमेश कुमार, एनजी प्रोजेक्ट के लाइजेनर संदीप पाल, रविंद्र कुमार, संदीप कुमार समेत कसमार अंचल के अमीन व राजस्व कर्मचारी मौजूद थे.

### डीएवी पब्लिक स्कूल में कार्यशाला

**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 बोकारो में सीबीएसई के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का विषय 'प्रीवेन्सन सेक्सक्यूअल ह्रासमेंट इन द वर्क प्लेस' था. इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में विद्यालय की प्राचार्या अनुराधा सिंह ने महिला को यौन उत्पीड़न से सम्बंधित विभिन्न कानून के बारे में विस्तार से समझाया. किसी भी कार्य स्थल पर पुरुष व महिला-पुरुष समान रूप से कार्यरत हैं. दोनों मिलकर काम करें तथा एक दूसरे का सम्मान करें. कार्यालय में महिलाओं के साथ पुरुष शिष्टता पूर्वक व्यवहार करें. संविधान के नियममानुसार किसी भी पद पर महिला और पुरुष समान रूप से अधिकारी हैं. शिक्षक या शिक्षकेत्तर कर्मचारी के साथ कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए. महिला कर्मचारी के साथ पुरुष दूरी बना कर रहें. किसी तरह का एक दूसरे के ऊपर अनौपचारिक वार्तालाप या व्यवहार से बचें. कार्यालय में कर्मचारी या शिक्षक वर्ग के सभी महिला व पुरुष अधिकारी अपने ऊपर हो रहे शोषण के विरोध में आवाज उठाएं. हमें सदैव अपने प्रति जागरुकता पूर्वक कानून का सहारा लेना चाहिए.

### आईएनएमओ के लिए पांच विद्यार्थियों का चयन

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः अपनी मेधाविता का परचम लहराया है. पांच विद्यार्थियों ने रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आरएमओ) में शानदार सफलता प्राप्त कर भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (आईएनएमओ) के लिए क्वालिफाई किया है. आईएनएमओ के लिए क्वालिफाई करने वाले विद्यार्थियों में विद्यालय की नौवीं कक्षा के छात्र शिवम ओझा, 10वीं के आरुष रंजन, आयुष लच्छीरामका व शौर्य क्रेजिया तथा 11वीं के कुमार अनमोल के नाम शामिल हैं. विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है. उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आईएनएमओ के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं. उन्होंने इस कामयाबी का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्ग दर्शन तथा विद्यालय के बेहतर शैक्षणिक वातावरण को दिया है.

### शांतिपूर्ण हुई बोकारो में सीटीईटी परीक्षा

**बोकारो।** विद्यालयों में शिक्षण पेशे के लिए योग्य एवं कुशल उम्मीदवारों के चयन हेतु सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) की ओर से शनिवार को आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) बोकारो जिले में कदाचारमुक्त संपन्न हो गई. इसके लिए जिले में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां कुल 3949 अभ्यर्थियों में से 3457 अभ्यर्थियों ने दो अलग-अलग पालियों में परीक्षा दी. जबकि, 492 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे. सीटीईटी के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में और पूरी तरह कदाचारमुक्त संपन्न हुई. उन्होंने परीक्षा के सफल आयोजन पर बोकारो जिला प्रशासन तथा सीबीएसई की ओर से प्रतिनियुक्त अधिकारियों के साथ-साथ सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया. डॉ. गंगवार के अनुसार, प्रातः 9.30 से मध्याह्न 12 बजे तक आयोजित पहली पाली में चिन्मय विद्यालय में 265, क्रिसेन्ट पब्लिक स्कूल- 6 में 275, डीएवी- 4 में 261, डीएवी- 6 में 262, डीपीएस बोकारो में 305, होलीक्रॉस रेलवे कॉलोनी (बालीडीह) में 256, जीजीपीएस- 5 में 268, जीजीपीएस चास में 263, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल में 268 और श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में 267 अभ्यर्थियों ने पेपर-2 की परीक्षा दी.

### सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए डीटीओ ने दिए निर्देश

**बोकारो।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सडक दुर्घटनाओं में वृद्धि के विश्लेषण से पाया गया कि तीन पहिया वाहन या चार पहिया वाहन जिसमें चालक तरफ से चढ़ना उतरना भी एक मुख्य कारण है. सडक दुर्घटना में वृद्धि को राकने के दृष्टिकोण से जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने सभी वाहनों के परिचालन हेतु पथकर, दुरस्ती प्रमाण पत्र, प्रदुषण प्रमाण पत्र, परमिट एवं बीमा पत्र अद्यतन रखने का निर्देश दिया. अद्यतन न होने की स्थिति में मोटरयान अधिनियम 1988 के सुसंगत धारा के तहत् दण्डात्मक कार्यवाई करने का निर्देश दिया.

### चौकीदार बहाली में धांधली का आरोप

**गोड्डा।** चौकीदार पद पर सीधी बहाली को लेकर प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा सूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थियों के लिस्ट को सार्वजनिक किए जाने के बाद सूची में धांधली बरते जाने का आरोप लगाते हुए छात्र-छात्राओं ने मुख्य कारगिल चौक पर पहुंच कर सड़क जाम कर दिया. अभ्यर्थियों का आरोप है कि जो सूची तैयार किया गया है, उसमें कई अनियमितताएं हैं. वैसे अभ्यर्थियों का नाम सूची में है जो इस जिला के नहीं हैं. ग्रामीण बिट भी सही नहीं है. जबकि चौकीदार पद पर बहाली के लिए पहली और मुख्य योग्यता उस क्षेत्र का मूल निवासी होना चाहिए. इसके अलावा लिस्ट में वैसे अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है, जो परीक्षा में शामिल ही नहीं हुए थे और जो परीक्षा में शामिल हुए थे, उनका रिजल्ट ही नहीं दिया गया. सड़क पर उतर कर विरोध कर रहे छात्रों की मांग थी कि तत्काल महगामा में दो दिन बाद आरंभ होने वाले शारीरिक जांच परीक्षा को रोका जाए और पारदर्शी तरीके से लिस्ट तैयार करने के बाद नई लिस्ट जारी किया जाए. देर संध्या मुख्य चौक पर जुटे छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मुख्य चौक को जाम कर दिया. जिससे सड़क के दोनों ओर गाड़ियों का काफिला जमा हो गया. पैदल यात्रियों और दो पहिया वाहन चालकों के साथ आंदोलनकारी छात्रों की झड़प भी हो गई. इससे पूर्व छात्रों की भीड़ समाहरणालय पहुंच कर डीसी के खिलाफ नारेबाजी की.

### बॉक्सा हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम में लेगा हिस्सा

**बोकारो।** संत जेवियर का बोकारो ओल्ड ज़ेवेरियन एसोसिएशन रविवार 15 दिसंबर को सुबह 7 बजे से बोकारो मॉल के पास बोकारो स्टील लिमिटेड द्वारा आयोजित हैप्पी स्ट्रीट इवेंट में भाग लेगा. कार्यक्रम के तहत बॉक्स अपने स्टॉल नंबर 41 पर गर्म चाय/कुल्हड़ चाय और स्नैक्स परोसने के लिए एक टी स्टॉल की व्यवस्था की है. इस अवसर पर सभी को बॉक्सा हैप्पी स्ट्रीट स्टॉल पर रहेंगे.

### बीएसएल ने कब्जे वाले आवासों को कराया मुक्त

**बोकारो।** सम्पदा न्यायालय, बोकारो द्वारा 12, 13 एवं 14 दिसम्बर को अनधिकृत कब्जे वाले आवासों को मजिस्ट्रेट, पुलिस बल और बीएसएल सुरक्षा विभाग की टीम की उपस्थिति में खाली कराने का अभियान चलाया गया.

### ढाबा संचालक की पुत्री का आईटीबीपी में चयन

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ में मथुरा ढाबा के संचालक माथुर यादव की पुत्री का आईटीबीपी में चयन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है. बालिकाओं में इस खबर से ज्यादा उत्साह है. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस में चयन होने वाली जमुआ प्रखंड में पहली लड़की है अंजली कुमारी. अंजली की प्रारंभिक शिक्षा डीएवी स्कूल जमुआ में उच्च विद्यालय की शिक्षा इंदिरा गांधी उच्च विद्यालय जमुआ में हुई. बारहवीं की पढ़ाई जेपी के इंटर कॉलेज भंडारो में हुई. स्नातक तक की शिक्षा आरके महिला कॉलेज गिरिडीह से हुई. इस बाबत अंजली ने बताया कि लड़कियां किसी मामले में कम नहीं है. हर क्षेत्र में महिलाएं बेहतर कर रही है. चाहे अंतरिक्ष जगत हो या खेल जगत अथवा विज्ञान का क्षेत्र हो लड़कियां किसी मामले में कम नहीं.

## ग्रेनेड हैंडओवर करने में फ्यूज फटा, दो जवान घायल

संवाददाता। डुमरी



मधुबन थाना अंतर्गत लटकट्टो पिकेट में शनिवार की सुबह ग्रेनेड और उसके फ्यूज को हैंडओवर करने के क्रम में फ्यूज फट गया जिससे पिकेट में तैनात दो जवान घायल हो गए. घायल जवानों में हवलदार अशोक कुमार और सिपाही गौतम कुमार शामिल है. दोनों जैप के जवान हैं. दोनों घायलों का इलाज धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चल रहा है.मिली जानकारी के अनुसार एक जवान छुट्टी पर जा रहा था. ऐसे में वह अपने पास रखे ग्रेनेड और उसके फ्यूज को हैंडओवर कर रहा था. इसी क्रम में फ्यूज फट गया और जवान का हाथ जख्मी हो गया. घायल जवानों में अशोक कुमार बिहार के लखीसराय और गौतम साहिबगंज के रहने वाले हैं. इधर इस घटना के बाद एसपी डॉ बिमल कुमार के निर्देश पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद समेत अन्य अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं. एसडीपीओ ने बताया कि ग्रेनेड का फ्यूज ब्लास्ट हुआ है. घटना में दो जवान घायल हो गए हैं. घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए तुरंत धनबाद ले जाया गया. जवानों के स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही है.

### बाबूलाल ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को लिखा पत्र

## धनवार क्षेत्र में चिकित्सकों की कमी दूर करने की रखी मांग

**खास बातें**

- क्षेत्र में 2 स्वास्थ्य केंद्र ऐसे हैं, जहां एक भी डॉक्टर नहीं

संवाददाता। गांवा (गिरिडीह)



पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के विधानसभा क्षेत्र में चिकित्सकों की भारी कमी है. क्षेत्र के माल्डा एवं पिहरा 2 स्वास्थ्य केंद्र ऐसे हैं, जहां एक भी डॉक्टर नहीं है. साथ ही कई केंद्रों में चिकित्सकों की कमी है. कहीं चिकित्सक हैं भी तो तय संख्या के मुताबिक नहीं हैं. इस बार मरांडी ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को पत्र लिखा है औऱ समस्या के समाधान के लिए कहा है. मरांडी ने कहा है कि धनवार अन्तर्गत 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों के पदस्थापन की जरूरत है. उनके विधानसभा क्षेत्र धनवार में दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांवा एवं तिसरी में, रेफरल अस्पताल धनवार में तथा 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माल्डा, पिहरा, घंघरीकुरा एवं बलहरा में अवस्थित हैं . यहां कुल 32 डॉक्टरों का स्वीकृत पद है . लेकिन 32 डॉक्टरों के विरूद्ध मात्र 9 डॉक्टर ही पदस्थापित हैं. इनमें से भी एक-दो डॉक्टर दूसरे जगह प्रतिनियुक्त हैं. दो स्वास्थ्य केंद्र माल्डा एवं बलहारा में एक भी डॉक्टर पदस्थापित नहीं हैं. जिसके कारण आस-पास के गांवों के मरीजों को ईलाज हेतु दूसरे स्वास्थ्य केंद्र में जाना पड़ता है, जो काफी दूरी पर है. आपको यह भी बताना चाहता हूं कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त डॉक्टरों के नहीं रहने के कारण सैकड़ों मरीज को ईलाज के लिए भटकना पड़ता है. यहां तक कि मरीजों को गिरिडीह जिला अस्पताल तक जाना पड़ता है, जो करीब 90-95 किमी दूरी पर है. गरीब परिवार से आने वाले मरीजों को गिरिडीह जाने में कठिनाई होती है और समय पर ईलाज भी शुरू नहीं हो पाता है . सरकार का दायित्व भी है कि लोगों को समुचित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध हो इसके लिए विभाग को सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों का पदस्थापन स्वीकृत पद के अनुरूप होनी चाहिए.

### वादों के निष्पादन में कुल समझौता राशि 8 अरब 40 करोड़

## राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जिले में 13 बेंच का गठन

संवाददाता। बोकारो



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के कार्यकारी अध्यक्ष झालसा के द्वारा आभासी रूप से उद्घाटन किया गया. मौके पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो अनिल कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक-सह- सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो, मनोज स्वर्गियारी, प्रधान न्यायाधीश, श्रम न्यायालय अनुज कुमार, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय अरविंद कुमार न01, पीठासीन पदाधिकारी, श्रम न्यायालय अनुज कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम बोकारो पवन कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय बोकारो दीपक वरनवाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय बोकारो देवेश कुमार त्रिपाठी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ बोकारो श्रीमति गरिमा मिश्रा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी बोकारो श्रीमति लुसी सोसेन तिग्गा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनुज कुमार, अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण, एंव अधिवक्तागण, सरकारी विभागों, बैंक एवं बीमा कंपनी के अधिकारीगण कर्मचारीगण, मीडिया कर्मीगण, पी०एल०वी० गण, एवं बड़ी संख्या में मुकदमों के पक्षकार, लाभुक उपस्थित रहें. राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकिग चेक बाउंस, बिजली, पारिवारिकि, दीवानी, श्रम, उत्पाद, वन विभाग, मोटरयान के अलावा सभी आपराधिक सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर उसके निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय बोकारो में नौ (09) एवं अनुमंडल न्यायालय तेनुघाट में चार (04) बेंचो का गठन किया गया. वादों का निष्पादन में कुल समझौता राशि-840076427/- (चौरासी करोड छिहत्तर हजार चार सौ सत्ताइस रूपये) प्राप्त हुई. इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-405990 वादों को निष्पादन हेतु रखा गया जिसमें से कुल-405990 वादों का निष्पादन हुआ जिसमें कुल समझौता राशि-840076427/- (चौरासी करोड छिहत्तर हजार चार सौ सत्ताइस रूपये) हुई. उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सचिव अनुज कुमार ने दी.

### धान में अगजनी से किसान को 50 हजार का नुकसान

**कसमार (बोकारो)।** कसमार अंचल के दुर्गापुर गांव के बूटीटांड़ टोला के मानिक महतो के छागर कनारी स्थित धान खेत में रखा लगभग दो ट्रैक्टर धान शुक्रवार रात अज्ञात लोगों ने आग लगाकर बर्बाद कर दिया. आग लगने के कारणों को स्थानीय स्तर पर पता करने की कोशिश की जा रही है. पीड़ित किसान ने बताया कि असामाजिक तत्वों के द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है.
घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गयी है. साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को भी जानकारी दी गई, जिसके बाद स्थानीय उप मुखिया पंचानन महतो समेत वार्ड सदस्य ने मामले की जानकारी ली. किसान मानिक महतो ने बताया कि इस घटना में उसका दस क्विंटल धान, बिचाली समेत जलकर राख हो गया है. जिसमें उसे लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है.

▼ ब्रीफ खबरें

### भाजपा युवा मोर्चा ने सीएम का जलाया पुतला

**धनबाद।** राज्य में जेएससीसी सीजीएल परीक्षा में धांधली और कोर्ट के रोक के आदेश के बाद परिणाम के प्रकाशित किए जाने के बाद राज्य भर में बीजेपी युवा मोर्चा का विरोध प्रदर्शन जारी है. इसे लेकर धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर भी बीजेपी युवा मोर्चा ने शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया. साथ ही सरकार से जेएससीसी सीजीएल परीक्षा को रद्द कर फिर से जेएससीसी सीजीएल परीक्षा कराने की मांग की. इस संबंध में युवा मोर्चा के अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने कहा कि सरकार कोर्ट के आदेश को भी दरकिनार कर परिणाम को जारी किया है. कहीं न कहीं यह कोर्ट की अवेहलना है. वहीं युवा मोर्चा के प्रदेश पंचायती राज संयोजक अध्यक्ष मुकेश पांडे ने कहा कि सरकार अभिलंब परीक्षा की रद्द करे और फिर से परीक्षा ले, अन्यथा भाजपा युवा मोर्चा सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी.

### अतुल सुभाष आत्महत्या मामले को लेकर निकाला कैंडल मार्च

**धनबाद।** विगत दिनों अतुल सुभाष की आत्महत्या के बाद देश में पुरुष आयोग की मांग जोर पकड़ने लगी है. लोग न्यायपालिका से गुहार लगा रहे हैं कि अतुल सुभाष को न्याय मिले और पुरुषों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक आयोग का गठन किया जाए. इसी क्रम में शनिवार को रणधीर वर्मा चौक पर सेव इंडियन फैमिली संगठन द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया और अतुल सुभाष को इंसाफ दिलाने की मांग की. मीडिया से बात करते हुए सेव इंडियन फैमिली के सदस्यों ने कहा कि देशभर में ऐसे कई पुरुष हैं जो घरेलू हिंसा और अन्य शोषण का शिकार होते हैं, लेकिन उनके लिए कोई कानूनी संरक्षण उपलब्ध नहीं है. जहां महिलाओं के लिए महिला आयोग का गठन किया गया है, वहीं पुरुषों के लिए ऐसा कोई मंच नहीं है. नतीजतन, कई पुरुष अपनी आवाज दबा लेने को मजबूर हो जाते हैं और कुछ तो आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाते हैं. हमारी मांग है कि अतुल सुभाष को न्याय मिले और सरकार जल्द से जल्द पुरुष आयोग का गठन करे.

## कोइरीडीह बस्ती में हुई मारपीट के घायलों से मिले विधायक

- एसएसपी से हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग
- गंभीर रूप से घायल मथुरा प्रसाद तिवारी रांची रेफर



संवाददाता। कतरास

सोनारडीह ओपी के कोईरीडीह बस्ती में शुक्रवार को मारपीट के मामले में गंभीर रूप से घायल विक्की तिवारी व दीपक तिवारी से बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने शनिवार को एसएनएमएमसीएच में मुलाकात कर हालचाल लेकर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया. वहीं विधायक ने धनबाद एसएसपी से दूरभाष पर बात कर जल्द हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की. इधर घटना के 24 घंटे बाद भी हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर पीड़ित परिवार पुलिस के कार्यशैली पर असंतोष जाहिर की है. मालूम हो कोईरीडीह बस्ती में शुक्रवार को मारपीट की घटना हुई थी. घटना में एक ही परिवार के दीपक तिवारी, विक्की तिवारी सहित चार लोगों को चोट आई. विक्की के सर पर गंभीर चोट आई है. वहीं दीपक के नाक की हड्डी टुट गई है. दोनों का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है. जबकि घटना में गंभीर रूप से घायल मथुरा प्रसाद तिवारी की स्थिति चिंताजनक बताई, जिन्हें रांची रिम्स रेफर किया है. घटना के बाद विक्की तिवारी ने सोनारडीह ओपी पुलिस को लिखित शिकायत देकर कारवाई की मांग किया. उन्होंने आधा दर्जन से अधिक लोगों पर घर में घुसकर जानलेवा हमला का आरोप लगाया. घटना का कारण जमीनी विवाद बताया गया है. इधर मामले को लेकर ओपी प्रभारी से जब जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि घटना को लेकर घायल विक्की तिवारी ने शिकायत दी है लेकिन अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी है. उनसे जब सवाल किया गया कि शिकायत के 24 घंटा बीत जाने के बावजूद अब तक प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं हो सकी है तो वे टालमटोल करने लगे.

### झारखंड : अगले 24 घटों में भीषण शीतलहर

## धनबाद, बोकारो, रामगढ़ में येलो अलर्ट



झारखंड के सर्द जिले (डिग्री मे)

| जिला | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.2 | 10.0 |
| जमशेदपुर | 26.6 | 9.6 |
| मेदिनीनगर | 25.9 | 7.9 |
| देवघर | 24.5 | 8.2 |
| धनबाद | 22.4 | 7.0 |
| रामगढ़ | 24.1 | 7.2 |
| सिमडेगा | 26.0 | 7.5 |
| जामताड़ा | 23.3 | 7.5 |

संवाददाता। धनबाद

मौसम विभाग ने झारखंड के तीन जिलों रामगढ़, बोकारो और धनबाद के कुछ हिस्सों में अगले 24 घटों के दौरान शीतलहर चलने का यलो अलर्ट जारी किया है. इसके अलावा मौसम विभाग ने एक और मुसीबत का अपडेट दिया है. मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक रांची समेत राज्य के विभिन्न भागों में ठंड से थोड़ी राहत नहीं मिल सकती है. सुबह में कुहासा रहेगा. वहीं सोमवार से तापमान में मामूली वृद्धि होने का अनुमान है. इधर, राज्यभर में शुक्रवार को भी कड़ाके की ठंड पड़ी. राज्य में आठ जिलों का तापमान आठ डिग्री से नीचे रहा अधिकांश जिलों के न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे है. शुक्रवार को राज्य का सबसे सर्द शहर धनबाद रहा. यहां का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया. जबकि जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री दर्ज किया गया. रांची के न्यूनतम तापमान में पिछले 24 घंटों के दौरान दो डिग्री वृद्धि के साथ 10 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया. क्षेत्रवार गौर करें तो रांची के कांके का न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री रहा. रांची के विभिन्न भागों में कड़ाके की सर्दी है और तापमान सामान्य से नीचे हैं. बावजूद दिन के दौरान अधिकतम तापमान में कमी के कारण धूप तो खिली पर ठंड से राहत नहीं मिली. मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड के पड़ोस समेत देश के मैदानी भागों का मौसम साफ है. उत्तर दिशा से आ रही ही ठंडी हवा के रुख में कोई परिवर्तन नहीं आया है. दो से तीन किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से सर्द हवाएं चल रही है. रांची में पिछले चार दिनों का तापमान 10 दिसंबर 22.4 13.4 11 दिसंबर 22.2 9.5 12 दिसंबर 24.8 8.6 13 दिसंबर 23.2 10.0 मौसम विभाग के अधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में ठंड की स्थिति में अगले दो दिनों तक सुधार नहीं होगा. राज्य में धनबाद सबसे ठंडा शहर रहा. तापमान सामान्य से नीचे चल रहे हैं. अगले 24 घंटों के दौरान रामगढ़, बोकारो और धनबाद में कहीं कहीं शीतलहर चलने का येलो अलर्ट दिया गया है.

## कार्मल स्कूल में वार्षिक महोत्सव सम्पन्न, 390 छात्राओं ने लिया भाग



संवाददाता। झरिया

कार्मल स्कूल डिगवाडीह में शनिवार को वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें स्कूल के कुल 390 छात्राओं ने वार्षिक महोत्सव में भाग लिया. कार्यक्रम में टाटा स्टील झरिया डिविजन के महाप्रबंधक संजय राजोरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. मुख्य अतिथि का स्वागत प्रधानाध्यापिका सिस्टर देवश्री, उप प्राचार्या सिस्टर प्रियल, प्राथमिक समन्वयक सिस्टर सुशीला ने किया. महाप्रबंधक मुख्य अतिथि संजय राजोरिया, तरुण शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. प्रधानाध्यापिका ने बच्चों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी. बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधान में नृत्य शैली द्वारा सात महादेशों की कला एवं संस्कृति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. प्रथम वर्ग की छात्राओं ने अफ्रीका की जनजातियों का आकर्षक नृत्य दिखाया. दूसरे वर्ग की छात्राओं ने भरतनाट्यम नृत्य किया. तृतीय वर्ग की छात्राओं ने कोंबिया का नृत्य दिखाया. चतुर्थ वर्ग की छात्राओं ने बच्चों के अधिकार से संबंधित नाटक पेश किया. पंचम वर्ग की छात्राओं ने अंटार्कटिका महाद्वीप की समस्याओं से संबंधित कार्यक्रम पेश किया. इस अवसर पर बच्चों ने क्रिसमस पर आधारित नाटक भी प्रस्तुत किया. कार्निवाल का प्रदर्शन तो देखते ही बनता था. ग्रैंड फिनाले ने ऐसा समां बांधा की दर्शक आश्चर्यचकित रह गए. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया.

### डीएवी बरोरा में रूप सजा प्रतियोगिता

**बरोरा।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बरोरा एरिया वन के एजीएम एच के मेहता शामिल हुए. सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य राकेश शर्मा ने एजीएम एच के मेहता को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया. कार्यक्रम का शुभारंभ एजीएम एच के मेहता, प्राचार्य राकेश शर्मा, विपिन सिंह, आशिष कुमार सिंह, अभिभावक प्रतिनिधियों के हाथों से दीप प्रज्वलित कर किया गया . तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत नृत्य सुस्वागतम गीत प्रस्तुत किया. इसके बाद एलकेजी से 4 तक के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रूप धारण किया. जिसमें मोबाइल , टमाटर, सेव, झांसी की रानी, डॉक्टर, अंतरिक्ष यात्री, कछुआ, बल्ब, पेड़, मोर, सोशल मीडिया के विभिन्न रूपों को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे अभिवावकों और दर्शकों ने काफी सराहा और तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया.

## समाचार पत्र विक्रेता समिति ने मनाया स्थापना दिवस

- 10 वितरकों के बीच किया गया साईकल का वितरण



संवाददाता। धनबाद

समाचार पत्र विक्रेता समिति का 15वां स्थापना दिवस शनिवार को सुबह स्टेशन परिसर मे बहुत ही धूम धाम से सम्पन्न हुआ. जिसमे राष्ट्रीय वितरक महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम रक्षा सिंह सहित झरिया विधायक रागिनी सिंह के पीए अवदेश राय ( मास्टर साहब) मुख्य रूप से उपस्थित हुए. साथ ही सभी प्रेस पदाधिकारी ,एजेंट, एवम समाचार पत्र विक्रेता समिति के सभी पदाधिकारी सदस्य सहित सैकड़ों वितरक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में सामाचार पत्र विक्रेता समिति के द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित की गई. सभी गेस्ट को बुके दे कर सम्मानित किया गया. धनबाद जिले के जरूरत मंद वितरकों के बीच 10 सायकल का वितरण किया गया. साथ ही पूर्व मे 39 सायकल का वितरण किया जा चुका है. अबतक 49 सायकल का वितरण किया जा चुका है और आने वाले दिनों में सभी वितरकों को सायकल दिया जाएगा. समिति अपने पूर्व के वादे पर कटिबद्ध है. सभी आगंतुकों सहित तमाम वितरकों का मिठाई खिला कर खुशी मनाया गया. साथ ही राष्ट्रीय वितरक महामंच राष्ट्रीय संरक्षक पंकज भट्ट के द्वितीय सुपुत्र हार्दिक भट्ठ के ड्रग इंस्पेक्टर बनने पर समिति के द्वारा चांदी का कलम दे कर सम्मानित किया गया. बिहार भागलपुर के डॉक्टर कन्हैया को डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने पर चांदी का कलम दे कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान सीमांत मंडल, रविंदर प्रसाद, प्रमोद मंडल, प्रवीण मंडल, सुबोध दास, कांति घोसाल, मनीष प्रसाद, देबू, मनोज गुप्ता, दिलीप मंडल को सायकल दिया गया. मौके पर विजय कुशवाहा, भोला कुमार, रामपूजन सिंह, परितोष मंडल, उत्तम मंडल, अमित राम, निमाई मंडल, मिश्र मंडल, हुसैन, बंधु मंडल, प्रकाश गुप्ता, रजनी पटेल, रंजित मोदक, कैलाश राव, अंकुर मंडल, यदुनाथ मंडल, तपन मंडल, सपन मोदक, पवन मोदक, पिंटू मोदक, मनोज कोट, संकर बर्मा, राघव कुमार, राजू मंडल, नीतीश कुमार, मानपूर्ण मंडल, अमित कुमार, नयन मंडल, महेश्वरी सिंह, प्रेम ठाकुर आदि सैकड़ों वितरक उपस्थित थे.

# आसनसोल

## महिला की हत्या के मामले में फेसबुक फ्रेंड गिरफ्तार

**खास बातें**

- ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली मृतिका का नाम अभिषिक्ता दे



संवाददाता। कोलकाता

कोलकाता के बागुईआटी में एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए चार घंटे के भीतर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार व्यक्ति महिला का फेसबुक मित्र कौशिक साहा है, जिसने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया. पुलिस के मुताबिक, आरोपित ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी. मृतक महिला का नाम है अभिषिक्ता दे, जो एक ब्यूटी पार्लर में कार्यरत थीं. सात साल पहले उनकी शादी हुई थी और उनका तीन साल का बेटा है. वर्तमान में उनका बेटा दादा-दादी के साथ रहता था. महिला अपने पति के साथ बागुईआटी में रह रही थीं. पुलिस ने शनिवार अपराह्न बताया कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे उनके पति घर से बाहर गए थे. दोपहर करीब 11:30 बजे उन्होंने पत्नी को फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. शाम को जब वे घर लौटे, तो दरवाजा अंदर से बंद पाया. उन्होंने अपनी चाबी से दरवाजा खोला, तो कमरे में पत्नी का शव देखकर स्तब्ध रह गए. मामले की जानकारी पुलिस को दी गई. जांच के दौरान महिला के पति ने फेसबुक मित्र कौशिक साहा का जिक्र किया, जिनसे हाल के दिनों में महिला का विवाद चल रहा था. पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें कौशिक को महिला के घर के आसपास देखा गया. मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग के जरिए पुलिस ने नागेरबाजार के मुरागाछा इलाके से उसे गिरफ्तार किया. पूछताछ में कौशिक ने बताया कि शुक्रवार सुबह महिला के पति के घर से जाने के बाद वह महिला से मिलने आया था. बातचीत के दौरान दोनों में विवाद बढ़ गया, जिसके बाद उसने गुस्से में आकर महिला की हत्या कर दी. पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि महिला और कौशिक की पहचान सात-आठ महीने पहले सोशल मीडिया के जरिए हुई थी. जल्द ही दोनों के बीच प्रेम संबंध विकसित हुआ और चार-पांच महीने पहले उन्होंने कालीघाट में शादी भी की थी. इस हत्याकांड में किसी अन्य व्यक्ति के शामिल होने की संभावना से पुलिस ने इनकार किया है. आरोपित को शनिवार 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा गया है और उससे आगे की पूछताछ की जाएगी. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हत्या की कोई और वजह तो नहीं थी.

### जरूरतमंदों के बीच ऊनी वस्त्र का वितरण



**रानीगंज।** जयसवाल समाज की तरफ से जरूरतमंद लोगों को ऊनी वस्त्र प्रदान किया गया. समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश जयसवाल ने कहा कि शीतकाल के मौसम में ठंड की कहर से निजात पाने के लिए लोगों को कंबल एवं ऊनी वस्त्र प्रदान किए गए हैं. सुरेश जयसवाल ने बतलाया कि समाज के लोगों को सामाजिक कामों में आगे लाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होना काफी जरूरी है समाज के उपेक्षित लोगों की मदद करना सबका धर्म है. इस मौके पर समाज की तरफ से अनूप कुमार गुप्ता सुनील कुमार साव, मुकेश गुप्ता एवं अन्य कई सदस्य उपस्थित थे.

## नगर निगम सफाईकर्मियों की मांगें पूरी

**खास बातें**

- प्रति दिन वेतन 357 और 50 रुपया पीएफ की मंजूरी



संवाददाता। बराकर

आसनसोल नगर निगम के सफाई कर्मियों की विगत कई दिनों से लंबित मांगों को लेकर शनिवार को मेयर के कार्यालय मेयर विधान उपाध्याय की अध्यक्षता में सफाई कर्मचारियों के साथ एक बैठक हुई. बैठक में सफाई कर्मचारी के वेतन में बढ़ोतरी , आईडी कार्ड, वर्दी, ओर 60 साल के ऊपर वाले सफाई कर्मियों की जगह उनके परिवार के सदस्यों को नौकरी की मांग सभी मांगो को पूरा करने का आदेश मेयर ने पारित किया. मालूम हो कि सफाई कर्मचारियों ने कुछ दिनों पहले अपने वेतन वृद्धि को लेकर मेयर से मुलाकात की थी. मेयर ने 15 दिनों का समय लिया था आज उसको लेकर मेयर के चैंबर में बैठक हुई जहां सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के अलावा चेयरमैन अमरनाथ चैटर्जी डेप्युटी मेयर अभिजीत घटक कमिश्नर राजू मिश्रा और अन्य अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में फैसला लिया गया कि सफाई कर्मियों को रोजाना 357 रुपए वेतन मिलेगा उनके लिए परिचय पत्र की व्यवस्था की जाएगी. यूनिफॉर्म दिया जाएगा और अगर किसी सफाई कर्मचारी की उम्र 60 साल से ऊपर हो गई है तो उसके परिवार के एक सदस्य को उसके जगह पर नौकरी दी जाएगी. सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ उनकी बैठक हुई और सभी मामलों का हल निकाल लिया गया और सफाई कर्मचारियों की सभी मांगों को मान लिया गया, सफाई कर्मचारी भी बेहद खुश हैं. उन्होंने बताया कि जिस तरह से मेयर ने उनकी मांगे मानी है उनका वेतन बढ़ा है परिचय पत्र की मांग यूनिफॉर्म की मांग मान ली गई है पीएफ 50 करके कटेगा और दिहाड़ी 357 रुपए कर दिया गया है इससे सफाई कर्मचारी ओर उनके परिवारों में खुशी की लहर.

## नाबालिग से यौन उत्पीड़न के दोषी को आजीवन कारावास



संवाददाता। पुरुलिया

पुरुलिया जिला न्यायालय द्वितीय न्यायालय के न्यायाधीश श्री राणा दाम ने तीन वर्षीय नाबालिग का यौन उत्पीड़न के मामले में एक युवक को आजीवन कारावास के साथ एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है. यह मामला 4 अप्रैल 2018 को पुरुलिया सदर थाने में दर्ज किया गया था. जब पीड़िता के पिता ने शिकायत की थी कि आरोपी बीरेन कर्मकार उर्फ कालटा दास ने उनकी तीन वर्षीय बेटी को चॉकलेट खरीदने के बहाने अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था. पीड़िता को बाद में पुरुलिया सदर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां डॉक्टरों के प्रयास से वह ठीक हो गई. आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद, जांचकर्ता उपनिरीक्षक नितीश गोस्वामी ने सभी साक्ष्य एकत्र किए और माननीय न्यायालय के समक्ष आरोप पत्र दायर किया. पुरुलिया पीओसीएसओ कोर्ट ने मामले की सुनवाई की और आरोपी को आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई.

## आसनसोल के श्री श्री अकादमी का मना पहला वार्षिक महोत्सव

संवाददाता। बराकर



श्री श्री अकादमी आसनसोल का पहला वार्षिक महोत्सव शनिवार की संध्या सामंजस्य और खुशी के माहौल में आयोजित किया गया. स्कूल के इस प्रथम महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के मुख्य संरक्षक और गवर्निंग काउंसिल के सदस्य सुभाष चंद्र अग्रवाल, निदेशक कैप्टन अलोकेश सेन और प्राचार्या मौसमी बनर्जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया. इस दौरान प्राचार्या ने स्वागत सभा के साथ वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें स्कूल की उपलब्धियों, कार्यक्रमों, उत्सवों और स्कूल द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण पहलुओं का विवरण शामिल था. वही मुख्य अतिथि बृजेंद्र प्रताप सिंह (निदेशक-प्रभारी, सेल दुर्गापुर और इस्को स्टील प्लांट, बर्नपुर), एवं विशिष्ट अतिथि मोहम्मद अंजर आलम, (निदेशक वित्त और कार्मिक), ईसीएल : उमेंद्र पाल सिंह, कार्यकारी निदेशक (पी. एंड. ए.), सेल और इस्को, बर्नपुर : जैना देसाई (ट्रस्टी सदस्य, एस.एस.आर.वी. एम. ट्रस्ट) और रवि प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (एस.एस.आर.वी.एम.) को श्री श्री अकादमी के निदेशक और प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ योग और ध्यान सत्र से हुई. जिसमें शारीरिक और मानसिक संतुलन के महत्व को रेखांकित किया गया. इन सत्रों ने दर्शकों को शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कराया. इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. स्कूल के 3 से 14 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन से भारत की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति की झलक पेश की, रंगीन पोशाकों, मधुर संगीत, जीवंत नृत्यों और सार्थक नाट्य प्रस्तुतियों ने भारत की विविधता और एकता को सजीव किया.

### गर्ल्स कॉलेज में एकता शिविर 16 से 22 दिसंबर तक

**रानीगंज।** रानीगंज गर्ल्स कॉलेज में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में गर्ल्स कॉलेज में होने वाली राष्ट्रीय एकता शिविर को लेकर विशेष जानकारी दी गई. जिसमें संयोजक अनुराधा मालिया, प्रोफेसर तुषार कांति बनर्जी प्रिंसिपल छवि दे मुख्य रूप से उपस्थित थे. प्रिंसिपल डॉक्टर छवि दे ने बतलाया कि कॉलेज के एनएसएस विभाग के क्षेत्रीय निदेशालय, कोलकाता और भारत सरकार के खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन पश्चिम बर्धमान जिले के रानीगंज गर्ल्स कॉलेज में 16 दिसंबर से 22 दिसंबर 2024 तक करने का निर्णय लिया है. इस शिविर में 17 राज्यों (असम, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, गुजरात, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, केरल, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल) से एन एस एस स्वयं सेवक और कार्यक्रम अधिकारी भाग लेंगे एवं पूर्व सीएम उत्तराखंड भगत सिंह कोसीयारी एवं विशेष अतिथि रानीगंज के विधायक कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे.

## सत्यकिंकर दत्त का मनाया गया 96वां शहीद दिवस



संवाददाता। पुरुलिया

झालदा में युवा शक्ति द्वारा स्वतंत्रता सेनानी सत्यकिंकर दत्त का 96वां शहीद दिवस मनाया गया. इस अवसर पर राज्य मंत्री संध्यारानी टुडू ने झालदा नगर पालिका परिसर में सत्यकिंकर दत्त के नाम पर बने सभा कक्ष का उद्घाटन किया. इस कार्यक्रम में विधायक सुशांत महतो, मेयर सुरेश अग्रवाल और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. सत्यकिंकर दत्त ने मानभूम जिले के झालदा क्षेत्र में युवाओं को स्वतंत्रता आंदोलन में प्रेरित किया था और उन्हें लाठी खेल सहित आत्मरक्षा की तकनीकें सिखाईं. वह 10 दिसंबर, 1929 को एक जहरीले टांगी से घायल हो गए और 13 दिसंबर को शहीद हो गए. उनका स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण था. इस कार्यक्रम के दौरान, शहीद परिवार की ओर से पौत्र वधू श्यामोली दत्ता ने नगर पालिका की पहल की सराहना की और झालदा सत्यमेला परिसर स्थित शहीद संग्रहालय के जीर्णोद्धार की मांग की. मंत्री संध्या रानी टुडू ने सुधार का आश्वासन दिया.





# न्यू लैंग्वेज सीखने की रखते हैं चाहत तो फॉलो करें ये अमेजिंग टिप्स

किसी दूसरी भाषा को सीखना इतना आसान नहीं होता है। लेकिन प्रोफेशनल ग्रोथ के चलते कुछ लोगों दूसरी लैंग्वेज सीते हैं, तो वहीं कुछ लोग अपनी पसंद से दूसरी लैंग्वेज सीखते हैं। ऐसे में अगर आप भी न्यू लैंग्वेज सीखना चाहते हैं तो यह टिप्स आपके बहुत काम आएंगे। किसी दूसरी भाषा को सीखना इतना आसान नहीं होता है। लेकिन प्रोफेशनल ग्रोथ के चलते कुछ लोगों दूसरी लैंग्वेज सीखते हैं, तो वहीं कुछ लोग अपनी पसंद से दूसरी लैंग्वेज सीखते हैं। ऐसे में अगर आपके साथ भी इन दोनों में से कोई स्थिति है और आप न्यू लैंग्वेज सीखना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ कुछ आसान टिप्स शेयर करने जा रहे हैं। इन टिप्स को फॉलो कर आप आसानी से दूसरी लैंग्वेज सीख सकते हैं।

## न्यू लैंग्वेज सीखने के आसान टिप्स

अगर आप भी न्यू लैंग्वेज सीखना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपका टारगेट बिल्कुल क्लीयर होना चाहिए। आपको यह पता होना चाहिए कि आप दूसरी लैंग्वेज क्यों सीखना चाहते हैं। जैसे अगर बिजनेस को एक्सपेंड करना चाहते हैं, तो आपको लोकल वेंडर से कम्युनिकेट करना होगा। इसके अलावा अगर आपको संबंधित लैंग्वेज के साहित्य में इंट्रेस्ट है, जिस कारण आप न्यू लैंग्वेज सीखना चाहते हैं। इसलिए न्यू लैंग्वेज सीखने से पहले आपका उद्देश्य क्लियर होना चाहिए। जब आपका उद्देश्य क्लियर होता है, तो फिर आप न्यू लैंग्वेज सीखने की कोशिश करें। आप जो लैंग्वेज सीखना चाहते हैं, उस भाषा से रिलेटेड ड्रामा, सॉन्ग, मूवी और बुक्स पढ़ सकते हैं। किसी भी न्यू लैंग्वेज को सीखने के लिए यह सबसे असरदार टिप्स होते हैं। आप नई भाषा सीखने के लिए अपने चारों ओर वैसा ही माहौल बना लें। इससे आप न्यू लैंग्वेज जल्द से जल्द सीख सकेंगे। नई भाषा सीखने के लिए आप क्लासेस भी ज्वॉइन कर सकते हैं। क्लासेस करने के लिए आप अच्छे से रिसर्च करने के बाद ऑनलाइन व ऑफलाइन का ऑप्शन चुनें। इसके लिए आप एप की मदद भी ले सकते हैं। किसी भी भाषा को सीखने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी होता है कि आप इसे बोलने की ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस करें। इसलिए प्रयास करें कि आप जो भी भाषा सीख रहे हैं। उससे संबंधित पार्टनर ढूंढकर उससे बातचीत करें।

न्यू लैंग्वेज सीखने के लिए आपकी वोकेब और ग्रामर अच्छी हो। नए शब्दों को जानने के लिए ज्यादा से ज्यादा उस लैंग्वेज की किताबों को पढ़ें। इससे आपकी न्यू लैंग्वेज को सीखने में काफी मदद मिलेगी।



# रेडियोलॉजिस्ट के क्षेत्र में हैं अपार संभावनाएं

**मेडिकल फील्ड में जाने के इच्छुक छात्र रेडियोलॉजी के क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। मेडिकल की फील्ड में यह एक आकर्षक कोर्स है। इस फील्ड में भविष्य में काफी ज्यादा ग्रोथ है। 12वीं करने के बाद आप यूजी कोर्सेज के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं।**

मेडिकल फील्ड में जाने के इच्छुक छात्र रेडियोलॉजी के क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। मेडिकल की फील्ड में यह एक आकर्षक कोर्स है। इसमें रेडियोग्राफर एक्सरे की मदद से मरीज की रेडियोग्राफी रिपोर्ट तैयार की जाती है। इससे मरीज की बीमारी का सटीक पता लगाया जाता है। बता दें कि एक रेडियोग्राफर रेडियोग्राफी रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक्स-रे के अलावा सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एमआरआई की भी स्टडी करता है। ऐसे में अगर आप भी इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस फील्ड के बारे में सारी जानकारी देने जा रहे हैं।

## रेडियोलॉजी का क्षेत्र

आपको बता दें कि रेडियोलॉजी को दो भागों में बांटा जाता है। एक का नाम डायग्नोस्टिक रेडियोलॉजी और दूसरे का नाम इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी है। डायग्नोस्टिक रेडियोलॉजी में एक्सरे और अन्य इमेजिंग तकनीक की सहायता से बीमारी और चोट का पता लगाया जाता है। तो वहीं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी में हेल्थ एक्सपर्ट इमेजिंग की व्याख्या कर कुछ हद तक सर्जिकल प्रोसीजर के काम को भी करता है।

## संभावना

रेडियोलॉजी टेक्नॉलजिस्ट को कोर्स कर आप अपने कॅरियर को नई उड़ान दे सकते हैं। इस फील्ड में भविष्य में काफी ग्रोथ है। अस्पतालों, क्लिनिकों और फिजिशियनों के ऑफिस में ट्रेंड व पेशेवर रेडियोलॉजी की मांग बढ़ती जा रही है। इस फील्ड में संबंधित कोर्स पूरा करने के बाद आप रेडियोलॉजी टेक्निशियन, अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन/ डायग्नोस्टिक मेडिकल सोनोग्राफर, रेडियोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजी टेक्नॉलजिस्ट/ रेडियोग्राफर, एमआरआई टेक्निशियन, सीटी टेक/सीएटी स्कैन टेक्नॉलजिस्ट/ सीटी स्कैन टेक्नॉलजिस्ट बन सकते हैं।

## कोर्स

इस फील्ड में बैचलर कोर्स, मास्टर कोर्स, डिप्लोमा कोर्स और सर्टिफिकेशन कोर्स का आप्शन मौजूद है। 12वीं करने के बाद आप यूजी कोर्सेज के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं।

## सर्टिफिकेट कोर्स

- सर्टिफिकेट इन रेडियोग्राफी डायग्नोस्टिक
- सर्टिफिकेट इन रेडियोलॉजी असिस्टेंट
- सर्टिफिकेट इन रेडियोग्राफी

## डिप्लोमा कोर्सेज

- डिप्लोमा इन रेडियोग्राफी एंड रेडियोथेरापी
- डिप्लोमा इन रेडियो-डायगनोस्टिक टेक्नॉलजी

## बैचलर कोर्स

- रेडियोग्राफी में बीएससी
- मेडिकल रेडियोथेरापी टेक्नॉलजी में बीएससी (ऑनर्स)

## मास्टर कोर्स

- एक्स-रे रेडियोग्राफी और अल्ट्रा सोनोग्राफी में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा
- रेडियो डायग्नोसिस और इमेजिंग साइंसेज में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा
- रेडियोथेरापी टेक्नॉलजी में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा

## कैसे बनें रेडियोलॉजिस्ट

बैचलर डिग्री पूरी करने के साथ रेडियोलॉजिस्ट का कॅरियर शुरू होता है। मेडिकल कॉलेज में ग्रेजुएशन का कोर्स करने के बाद आपको एमओ या डीओ में डिग्री दी जाती है। इसके बाद आप मेडिकल लाइसेंस के रूप में भी आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान आप बतौर फिजिशियन भी प्रैक्टिस कर सकते हैं। इस फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए फिजिशियन को चार साल का रेडियोलॉजी रेजिडेंसी कोर्स पूरा करना पड़ता है। रेडियोलॉजिस्ट के लिए स्टेट लाइसेंस भी काफी अहम होता है। इसमें आपको दो भाग में परीक्षा देनी होती है, उस एग्जाम को पास करने के बाद आपको लाइसेंस दिया जाता है। इस कोर्स में दो एग्जाम में शरीर की रचना, मेडिसिन, इमेजिंग से संबंधित तकनीक और फिजिक्स आदि को कवर किया जाता है।

## जॉब प्रोफाइल

- अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन/डायग्नोस्टिक मेडिकल सोनोग्राफर
- सीटी टेक/ सीएटी स्कैन टेक्नॉलजिस्ट/सीटी स्कैन टेक्नॉलजिस्ट
- अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन/डायग्नोस्टिक मेडिकल सोनोग्राफर
- रेडियोलॉजी टेक्नॉलजिस्ट/रेडियोग्राफर
- एमआरआई टेक्निशियन
- रेडियोलॉजी टेक्निशियन
- रेडियोलॉजी असिस्टेंट
- रेडियोलॉजी नर्स
- रेडियोलॉजिस्ट

इस फील्ड में आपके सामने कई ऑप्शन होते हैं। इन कोर्सेज को करने के बाद आप कई विभिन्न प्रोफाइल पर काम कर अपने कॅरियर को एक नई दिशा दे सकते हैं। आप बतौर रेडियोलॉजिस्ट प्राइवेट अस्पताल, सरकारी अस्पताल, पब्लिक हेल्थ सेंटर, नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक लैब में काम कर सकते हैं।

## सैलरी

आपको बता दें कि जॉब प्रोफाइल के हिसाब से हर रेडियोलॉजिस्ट को सैलरी मिलती है। वहीं अनुभव के साथ सैलरी में इंक्रीमेंट होता रहता है। अगर ग्लोबल लेवल पर बात करें तो बतौर रेडियोलॉजिस्ट आप 70 हजार डॉलर तक भी सैलरी उठा सकते हैं। वहीं भारत में रेडियोलॉजिस्ट को 5 लाख से भी ज्यादा का सालाना पैकेज मिलता है।

## रेडियोलॉजी कोर्स कराने वाले कॉलेज

- ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज
- जवाहरलाल इंस्टिट्यूट ऑफ पोस्टग्रैजुएट मेडिकल एजुकेशन और रिसर्च, पुडुचेरी
- मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, दिल्ली
- आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे
- क्रिस्चन मेडिकल कॉलेज, वेल्लुरु
- लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली



# कैट एग्जाम क्रैक करने के लिए अपनाएं ये रणनीति

**देश के प्रतिष्ठित एमबीए इंस्टीट्यूट्स में एडमिशन लेने के लिए आयोजित होने वाली कैट एग्जाम्स में हर साल बड़ी संख्या में छात्र बैठते हैं। यह एमबीए कोर्स में एडमिशन पाने के लिए सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है। ऐसे में इस एग्जाम को क्रैक करने के लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करनी होती है।**

## जल्दी करें शुरुआत

अगर आप भी पहली बार में इस एग्जाम को क्रैक करना चाहते हैं, तो जल्द ही तैयारी शुरू कर दें। क्योंकि तैयारी के लिए एक साल का समय कम से कम चाहिए होगा। इस दौरान आप अपना पूरा सिलेबस और टॉपिक भी अच्छे से कवर कर लेंगे। ऐसे में तैयारी का पहला स्टेप जल्दी तैयारी करना है और दूसरा स्टेप समय से टाइम टेबल तैयार करना है।

## सिलेबस और टाइम टेबल

ऐसे में सिलेबस को पहले देख लें और उसके अनुसार अपना टाइम टेबल बनाकर तैयार करें। कौन से एरिया में आपको कितना समय लगता है और कौन सा एरिया आप आसानी से तैयार कर सकती हैं। इस हिसाब से आप अपनी पढ़ाई का पूरा टाइम टेबल सेट कर लें। साथ ही आपको यह भी पता होना चाहिए कि सिलेबस को कब तक खत्म करना है। कितने दिन प्रैक्टिस करनी है और कब रिवीजन होगा। ऐसे इन सारी चीजों का खाका पहले से तैयार कर लें।

## स्टडी मैटीरियल

कैंडिडेट्स को सिलेबस देखने के बाद अपने लिए रिसर्च करें। सिलेबस चुनकर स्टडी मैटिरयल एकत्र करें। हांलाकि इसमें कंफ्यूजन ना हो और कंफ्यूजन होने पर किसी सीनियर या फिर अपने किसी टीचर से उस कंफ्यूजन को दूर करें। बहुत सारा सिलेबस देखकर आप परेशान हो सकते हैं, इसलिए सिर्फ कुछ चुनिंदा नोट्स, टेस्ट पेपर और किताबें आदि रखें और उन्हीं से तैयारी करें।

## प्रैक्टिस है जरूरी

कैट एग्जाम को क्रैक करने के लिए सबसे जरूरी स्टेप तैयारी के साथ-साथ प्रैक्टिस टेस्ट सॉल्व करते रहना चाहिए। इस तरह से आप जान पाएंगे कि आपने कितनी तैयारी कर ली है। पिछले सालों के क्वेश्चन पेपर से भी तैयारी करें। इसके अलावा डिस्प्लिन, प्लानिंग, सही स्टडी मैटीरियल, टाइम-टेबल और प्रैक्टिस का खास ध्यान रखें। इस स्टेप्स को फॉलो कर आप कैट एग्जाम में सफलता पा सकते हैं।





**वायुमण्डल के वैज्ञानिक अध्ययन को मौसम विज्ञान कहा जाता है। हवा, आंधी-तूफान, धुंध-कोहरे और बिजली में दिलचस्पी दिखाने वाले छात्र इस फील्ड में अपना कॅरियर बना सकते हैं। मीटिअरोलॉजी में आपको कॅरियर के बेहतरीन अवसर मिलेंगे।**

# मौसम विभाग में बनाएं अपना कॅरियर

दुनिया में हर दिन बदलते मौसम को लेकर सभी देश चिंतित हैं। क्योंकि प्राकृतिक घटनाओं पर हमारा नियंत्रण नहीं है। हालांकि मौसम वैज्ञानिक आने वाले प्राकृतिक खतरे को भांप लेते हैं। मौसम वैज्ञानिक के पूर्वानुमान से लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है, या फिर इस परेशानी को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे में अगर आप स्टूडेंट है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मौसम वैज्ञानिक कैसे बन सकते हैं और इसमें कितने प्रकार का कोर्स होता है।

## क्या है मौसम विज्ञान

मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को मौसम विज्ञान कहा जाता है। यह मौसम की क्रिया-प्रतिक्रिया, पूर्वानुमान पर आधारित होता है। इसके तहत कई विषयों पर शोध व अध्ययन किया जाता है।

## एग्रीकल्चर मीटियोरोलॉजी

फसलों की पैदावार और उससे होने वाले फायदे व नुकसान का आंकलन मौसम के अनुरूप दी जाती है। मौसम के हिसाब से गाइडलाइन जारी की जाती है। जिसमें मिट्टी प्रबंधन के लिए उपयोगी समय और फसलों की पैदावार का आंकलन किया जाता है।

## सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी

सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी में सैटेलाइट के माध्यम रिमोट सेंसिंग उपकरणों से आने वाले डाटा के आधार पर महासागर और वायुमंडल का अध्ययन किया जाता है।

## फिजिकल मेटियोरोलॉजी

इसमें मौसम के इलेक्ट्रिकल, ध्वनिक, ऑप्टिकल और थर्मोडायनामिक घटनाओं का अध्ययन किया जाता है।

## डाइनामिक मेटियोरोलॉजी

इस विषय में पृथ्वी और उसके आसपास वायु की गति का अध्ययन होता है। इसके साथ ही बादल, बारिश, तापमान और हवा के पैटर्न पर भी अध्ययन होता है। जो मनुष्य को प्रभावित करती है।

## सिनॉप्टिक मेटियोरोलॉजी

इस विषय में मौसम संबंधी बाधाओं जैसे ट्रापिकल साइक्लोन, एंटी साइक्लोन और फ्रंटल डिप्रेशन का बारीकी से अध्ययन किया जाता है। कम दबाव के क्षेत्र में वायु, चक्रवात, क्षेत्र, जल और दबाव स्तर से एकत्र होने वाला मैप जो कि पूरी दुनिया के मौसम का सिनाप्टिक व्यू को बताता है।

## क्लाइमेटोलॉजी

क्लाइमेटोलॉजी के जरिए जलवायु और उससे जुड़ी चीजों का अध्ययन किया जाता है। जलवायु के प्रभाव और उसके बदलवा पर भी शोध किया जाता है।

## एविएशन मेटियोरोलॉजी

एविएशन मेटियोरोलॉजी पर एविएशन इंडस्ट्री के नजरिए से मौसम का शोध होता है। वहीं प्राप्त आंकड़े से पूर्वानुमान लगाया जाता है।

मंथन

## राजनीति में बढ़ रहे प्रियंका के कदम

प्रियंका गांधी वाड्रा का लोकसभा में पहला संबोधन भारतीय राजनीति के महत्वपूर्ण क्षणों में से एक था. गांधी परिवार की यह सदस्य, जो अक्सर अपनी पार्टी और राजनीति से बाहर रहकर कार्य करती रही हैं, ने आखिरकार संसद में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. उनके पहले संबोधन ने यह स्पष्ट कर दिया कि वे अपनी पार्टी और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से समझती हैं और अब वह एक नई दिशा में कदम बढ़ा रही हैं. प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन में कई अहम मुद्दों पर बात की. उन्होंने देश में बढ़ते बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, और महिला सुरक्षा जैसे विषयों को उठाया. उनका यह संबोधन न केवल कांग्रेस पार्टी के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है, बल्कि देश के लाखों नागरिकों की समस्याओं को भी उजागर करता है. प्रियंका गांधी ने लोकसभा में अपनी भाषाशैली से यह भी दिखाया कि वह केवल गांधी परिवार की विरासत का पालन करने नहीं आई हैं, बल्कि वे भारतीय राजनीति में एक सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका निभाने का इरादा रखती हैं. इस संबोधन के बाद, यह भी साफ हो गया कि प्रियंका गांधी केवल एक प्रतीकात्मक नेता नहीं हैं, बल्कि उनके पास देश के वर्तमान और भविष्य के लिए विचार और समाधान हैं. उनका यह भाषण न केवल कांग्रेस के समर्थकों के लिए, बल्कि समग्र भारतीय राजनीति के लिए एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है. प्रियंका गांधी का यह कदम यह दर्शाता है कि वे अब अपनी पार्टी के नेतृत्व में एक मजबूत और निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं और उनके अगले कदम भारतीय राजनीति में कई बदलाव ला सकते हैं.

नजरिया

## अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी बढ़ा विवाद, जमकर बवाल

अल्लू अर्जुन दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे लोकप्रिय और प्रभावशाली अभिनेता हैं. हाल ही में एक अप्रत्याशित घटना में शामिल हुए, जिसमें उन्हें गिरफ्तार किया गया और बाद में रिहा किया गया. यह घटना उनके फैंस और मीडिया के लिए चौंकाने वाली थी. अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी का कारण कुछ व्यक्तिगत और कानूनी विवाद था, जो एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान उत्पन्न हुआ. कहा जा रहा है कि एक फिल्म शूट के दौरान, उनकी टीम और एक स्थानीय अधिकारी के बीच विवाद हो गया था, जिसके परिणामस्वरूप अल्लू अर्जुन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. हालांकि, यह घटना केवल एक असहमति का परिणाम थी, जो बाद में सुलझा ली गई. अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर उनके फैंस ने उनका समर्थन किया और इस घटनाक्रम को लेकर कई तरह की प्रतिक्रिया व्यक्त की. कुछ ने इसे एक गलतफहमी और सामान्य विवाद के रूप में देखा, जबकि अन्य ने इसे भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में होने वाले दबाव और तनाव से जोड़कर देखा. कुछ घंटे बाद उन्हें जमानत मिल गई और वे रिहा हो गए. रिहाई के बाद उन्होंने इस घटनाक्रम को लेकर सार्वजनिक रूप से सफाई दी और कहा कि यह सिर्फ एक आपसी विवाद था, जिसका अब कोई असर नहीं होगा. इस घटनाक्रम ने यह भी साबित किया कि अल्लू अर्जुन का व्यक्तित्व और उनके फैंस का समर्थन आज भी अडिग है, चाहे जो भी हो.

# संसदीय प्रस्तावों के संदेश और आमलोग

अयोध्यानाथ मिश्र



भारतीय लोकतंत्र में संसदीय मूल्यों मानकों की बहुत महत्ता है.

भारत के संविधान ने संसद और उसके प्राधिकारों को व्यापक मंथनोपरांत सर्वाधिक सक्षमता और किंचित प्रभुता प्रदान की है. इसीलिए इसे ' The Indian Parliament is an institution of Accountability' की संज्ञा दी जाती है .यह "Will of the People" का संरक्षक हैं और उसे परवान चढ़ाने वाली इकाई भी. भारतीय लोकतंत्र में पहली बार उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के पदेन सभापति को उनके पद से हटाए जाने के लिए भारत का संविधान के अनुच्छेद 67 (ख) के तहत एतद्विषयक प्रस्ताव राज्यसभा में इंडी गठबंधन के सांसदों ने लाया है. कांग्रेस, समाजवादी, आप, टीएमसी के सांसदों सहित कुल 60 सांसदों ने इस आशय के प्रस्ताव की सूचना राज्यसभा के महासचिव को पिछले 10 दिसंबर को दिया है. भारतीय लोकतंत्र में संसदीय मूल्यों मानकों की बहुत महत्ता है. देश की 140 करोड़ जनता अपने सार्वदेशिक हित और समग्र विकास के लिए इसकी ओर निरंतर निहारती है और संसद राष्ट्र के प्रति उसी भाव से उत्तरदायी है. यही कारण है कि लोग बड़ी गंभीरता से संसदीय और अपने प्रतिनिधि के संव्यवहार को देखते हैं. राज्य सभा के सभापति को उनके पद से हटाने की व्यवस्था संविधान ने दी है. संविधान में तो राष्ट्रपति के विरुद्ध भी महाभियोग विषयक प्रस्ताव लाने का उपबंध है ,पर ये विषय लोकतंत्र में बड़े गंभीर हैं. संसदीय व्यवस्था में ये ब्रह्मास्त्र ऐसे नहीं, जिनका प्रयोग सहज सरल हो या महज चर्चा के लिए लिया जाता हो . भारतीय लोकतंत्र और संसदीय व्यवस्था में जहां प्रतीकात्मक और निषेधात्मक विमर्शों का एक स्थान है पर वे किन हालातों, परिस्थितियों में किस उद्देश्य से लिए जाय इसके लिए भी मूल्यों मानकों व परंपराओं में झांकना होता है.

सरकार के विरुद्ध विपक्ष द्वारा प्रतिकारक विमर्श के लिए अविश्वास प्रस्ताव पेश करने की व्यवस्था है. लोकसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम 198 के तहत ऐसे प्रस्ताव की सूचना दी जाती है और उसके लिए अपेक्षित सदस्य संख्या विनिश्चित है. इस प्रस्ताव पर एक या एक से अधिक दिनों के लिए चर्चाएं भारतीय लोकतंत्र में भी देखी गई हैं. सर्वप्रथम 1963 में विपक्ष ने चाईनीज वार से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया था .परंतु ऐसा अवसर नहीं आया है कि राज्यसभा के सभापति अर्थात भारत के उपराष्ट्रपति को उनके पद से हटाए जाने के प्रस्ताव की सूचना दी गई हो. 10 दिसंबर को इस आशय की दी गई सूचना पर विपक्ष के माननीय सदस्यों के साथ राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष सहित यथा अपेक्षित मात्रा में सदस्यों के हस्ताक्षर हैं. परंतु सभासत्र कार्य संचालन के कार्यक्रम के आलोक में राज्यसभा का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर 24 तक ही चलने वाला है. सूचना की ग्राह्यता के लिए 14 दिनों का समय अपेक्षित है. अर्थात सूचना देने के 14 दिनो के बाद ही इस संकल्प को लिया जा सकता है. अब प्रश्न है क्या इस पर हस्ताक्षर करने वाले साठ माननीय सांसद प्रस्ताव विषयक प्रक्रिया से अवगत नहीं थे या उन्होंने जानबूझकर इस प्रस्ताव को हस्ताक्षरित किया? ऐसा नहीं हो सकता है, सभी माननीय सदस्य जानते हैं कि सूचना दिए जाने के 14 दिन बाद ही इसे टेकअप किया जा सकता है. तो फिर ऐसी सूचना का निहितार्थ क्या है इस पर विचार करना अधिक महत्वपूर्ण है!

यह विषय सरकार से जुड़ा हुआ नहीं है कि अविश्वास प्रस्ताव लाकर प्रतिपक्ष प्रकारांतर से सरकार के ऊपर एक दबाव बनायेगा या प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सरकार की नीतियों, कार्यकलापों कार्यक्रमों की आलोचना करेगा तथा लोक में संदेश देगा. यह प्रस्ताव अधिक विचारणीय इसलिए बन जाता है कि यह सभापति के विरुद्ध लाया गया है, सौच विचाकर अश्विकार्यता को मानते हुए प्रस्ताव देना

**भारतीय लोकतंत्र में पहली बार उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के पदेन सभापति को उनके पद से हटाए जाने के लिए भारत का संविधान के अनुच्छेद 67 (ख) के तहत एतद्विषयक प्रस्ताव राज्यसभा में इंडी गठबंधन के सांसदों ने लाया है.**

आखिर क्या संदेश दे रहा है?

संभव है बहुत सारी बातें हों या ना भी हों, लेकिन आम लोगों के मन में विपक्ष की मनसा स्पष्ट नहीं हो पा रही ? यदि वास्तव में ऐसी ही असंतोष की बात होती तो ऐसा प्रस्ताव समय सीमा को ध्यान में रख कर दिया गया होता ! पिछले सत्र में भी विपक्ष द्वारा ऐसा प्रस्ताव लाने का किंचित विमर्श था परंतु सूचना आई नहीं !दूसरी ओर चालू सत्र में इस (कालवाधित) सूचना का आशय स्पष्ट नहीं लगता? विपक्ष को यह भी ज्ञात है कि इसे राज्यसभा में सामान्य बहुमत से पारित करने के लिए भी यथेष्ट अनुकूलता नहीं है. यह भी ज्ञात है कि इस प्रसंग में लोकसभा में भी सत्तारूढ़ दल को प्रस्ताव को नकारने के लिए अपेक्षित पर्याप्त बहुमत प्राप्त है.फिर ऐसी स्थिति में सभापति के विरुद्ध ऐसी सूचना का संबंध कई लोग हाल में दोनों सदनों में उठ रही ऐसी शक्तियों के विरुद्ध चर्चा से संबंधित मानते है जो भारतीय राजनीति को, सामाजिक- आर्थिक जीवन को और बहुत हद तक सत्ता को भी प्रभावित करने के लिए बेचैन हैं. प्राय दोनों सदनों में प्रतिपक्ष ने एक भारतीय उद्योगपति से संबंधित मामले को तूल दिया तो सत्तारुढ़ एनडीए ने भी एक अमरीकी पूंजीपति जार्ज सोरोस व भारतीय राजनीति के कथित रूप से जुड़े कुछ तत्वों को लेकर विमर्श को परवान चढ़ाया.

इस प्रसंग में जो बातें छनकर आईं उनसे लगता है कि विपक्ष इस बात को मानता है कि माननीय सभापति विद्वान हैं, जाने-माने संविधान विशेषज्ञ और अधिवक्ता हैं, वह राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद को सुशोभित कर चुके हैं तथा उनका सामाजिक जीवन बहुत वरिष्ठ एवं सम्मानजनक रहा है. इतना कुछ के बाद भी विपक्ष पता नहीं क्यों उनके विरुद्ध ऐसा प्रस्ताव लेकर आया है जबकि इसका कोई सार्थक आउटकम नहीं है !यह बात अपने आप में एक चर्चा का विषय है और विचारणीय भी. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज का इतिहास

1852: एफिल टावर बनाने वाले फ्रांसीसी इंजीनियर और आर्किटेक्ट गुस्ताव एफिल का जन्म हुआ था.

1950: लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का निधन हुआ था.

1961: नाजी तानाशाह अडोल्फ हिटलर के यहूदी नरसंहार में व्यवस्थित कत्लेआम के आयोजक आडोल्फ आइषमन को आज के दिन में मौत की सजी सुनाई गई.

1973: अरब इसराइल युद्ध के चलते अरब तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक ने अमरीका को तेल बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया था और साथ ही कई ऐसे क़दम उठाए थे जिनकी वजह से तेल की क़ीमतें तीन डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर अचानक 11 डॉलर प्रति बैरल तक जा पहुंचीं.

1976: देश के महान फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया का जन्म हुआ था.

## चाहे दुःख हो या सुख हिसाब तो सबको देने ही होते हैं

चिंतन

एक सेठ जी बहुत ही दयालु थे. धर्म-कर्म में यकीन करते थे. उनके पास जो भी व्यक्ति उधार मांगने आता, वे उसे मना नहीं करते थे. सेठ जी मुनीम को बुलाते और जो उधार मांगने वाला व्यक्ति होता उससे पूछते कि भाई! तुम उधार कब लौटाओगे? इस जन्म में या फिर अगले जन्म में? जो लोग ईमानदार होते वो कहतेः सेठ जी! हम तो इसी जन्म में आपका कर्ज़ चुकता कर देंगे. और कुछ लोग जो ज्यादा चालक व बेईमान होते वे कहतेः सेठ जी! हम आपका कर्ज़ अगले जन्म में उतारेंगे. और अपनी चालाकी पर वे मन ही मन खुश होते कि क्या मूर्ख सेठ है! एक दिन एक चोर भी सेठ जी के पास उधार मांगने पहुंचा. उसे मालूम था कि सेठ अगले जन्म तक के लिए रकम उधार दे देता है. हालांकि उसका मकसद उधार लेने से अधिक सेठ की तिजोरी को देखना था. चोर ने सेठ से कुछ रुपये उधार मांगे, सेठ ने मुनीम को बुलाकर उधार देने को कहा. मुनीम ने चोर से पूछाः भाई! इस जन्म में लौटाओगे या अगले जन्म में?चोर ने कहाः मुनीम जी! मैं यह रकम अगले जन्म में लौटाऊंगा. मुनीम ने तिजोरी खोलकर पैसे उसे दे दिए. चोर ने भी तिजोरी देख ली और तय कर लिया कि इस मूर्ख सेठ की तिजोरी आज रात में उड़ा दूंगा. वो रात में ही सेठ के घर पहुंच गया और वहीं भैंसों के तबेले में छिपकर सेठ के सोने का इंतजार करने लगा. अचानक चोर ने सुना कि भैंसे आपस में बातें कर रही हैं और वह चोर भैंसों की भाषा ठीक से समझ पा रहा है. एक भैंस ने दूसरी से पूछाः तुम तो आज ही आई हो न, बहन! उस भैंस ने जवाब दियाः हां, आज ही सेठ के तबेले में आई हूं, सेठ जी का पिछले जन्म का कर्ज़ उतारना है और तुम कब से यहां हो? उस भैंस ने पलटकर पूछा तो पहले वाली भैंस ने बतायाः मुझे तो तीन साल हो गए हैं, बहन! मैंने सेठ जी से कर्ज़ लिया था यह कहकर कि अगले जन्म में लौटाऊंगी. सेठ से उधार लेने के बाद जब मेरी मृत्यु हो गई तो मैं भैंस बन गई और सेठ के तबेले में चली आयी. अब दूध देकर उसका कर्ज़ उतार रही हूं. चोर ने जब उन भैंसों की बातें सुनी तो होश उड़ गए और वहां बंधी भैंसों की ओर देखने लगा. वो समझ गया कि उधार चुकाना ही पड़ता है.

## X इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #ShehzadBhaiRocks
2. #AndroidAdvantageOnFlipkart
3. ShehzadBhaiRocks
4. #EVKSElangovan
5. #Avaada4GreenerIndia
6. Happy Birthday Sameer Wankhede
7. Veer Savarkar
8. शिव मंदिर
9. #BiharHaiTaiyar
10. Dronacharya

# बहुरंग



### 'बागी 4' में हरनाज संधू की एंट्री, मिस यूनिवर्स ने शेयर की फोटो


12 दिसंबर 2024 बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ इस समय अपनी एक सोलो हिट का बेसब्री से इंतजार है. और इसके लिए वो अपनी हिट फिल्म फ्रैंचाइज 'बागी 4' की तैयारी में जुट गए हैं. फिल्म में टाइगर के साथ संजय दत्त और सोनम बाजवा कास्ट कर लिए गए हैं. अब, फिल्म में एक और हिरोइन की एंट्री होने जा रही है.

## वरुण धवन बोले-'जब मैं पिता बना'...

एजेंसी । मुंबई

जल्द ही वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन' रिलीज होगी. इस फिल्म में वह एक सिंगल फादर और पुलिस वाले का रोल कर रहे हैं. असल जिंदगी में वरुण धवन एक बेटी के पिता हैं. हाल ही में 'बेबी जॉन' फिल्म के प्रमोशन में वरुण ने अपनी बेटी को लेकर भी बात की. हाल ही अपनी फिल्म 'बेबी जॉन' के प्रमोशन के दौरान वरुण धवन अपनी बेटी को याद करके इमोशनल हो गए. इस साल वह एक बेटी के पिता बने हैं, वरुण की बेटी का नाम लारा है. वरुण ने बताया कि पिता बनने के बाद उनके जीवन में किस तरह का बदलाव आया है.

**वरुण ने बेटी को मिस किया :** फिल्म 'बेबी जॉन' के प्रमोशन में वरुण ने बताया कि आज उनकी बेटी की जिंदगी में एक खास दिन था लेकिन वह फिल्म प्रमोशन के कारण उस खास दिन का हिस्सा नहीं बन पाए. इस बात का वरुण को दुख है. वह कहते




हैं, 'मेरी बेटी ने आज पहली बार खाना खाया है.' वह आगे कहते हैं, 'जब मैं पापा बना, मुझे पता भी नहीं था कि ये सब इमोशन होंगे. लोग बोलते हैं कि अभी तो शुरुआत है, जब वो 3 महीने की होगी, फिर 5 महीने की होगी और जब वो ठोस खाना खाना शुरू करेगी, तो अलग तरह के इमोशन मन में पैदा होंगे.

**पत्नी ने बेटी का वीडियो बनाकर भेजा :** वरुण आगे कहते हैं, 'आज का दिन मेरे लिए बहुत इमोशनल है, मेरी बेटी ने ठोस खाना खाया है. मैंने उस पल को मिस कर दिया है. मेरी पत्नी ने बेटी का वीडियो बनाकर भेजा है.' बेटी के पहली बार खाना खाते हुए वीडियो को देखकर वरुण काफी इमोशनल हो गए, इस बारे में भी उन्होंने प्रमोशनल इवेंट में बताया.

**'बेबी जॉन' का किरदार शिद्दत से निभाया :** फिल्म 'बेबी जॉन' में वरुण धवन एक पुलिस वाले के रोल में हैं, साथ ही वह एक पिता भी बने हैं, जो अपनी बेटी की परवरिश अकेले कर रहा है. इस फिल्म में वरुण अपने रोल को इसलिए भी अच्छे से निभाए पाए हैं, क्योंकि वह एक पिता के इमोशन को समझ सकते हैं.

### राज कपूर की 100वीं बर्थ एनिवर्सरी का इवेंट शुरू

## रणबीर-आलिया ने की शिरकत, प्रेम चोपड़ा भी हुए शामिल



**100वीं बर्थ एनिवर्सरी**

**तीन दिन तक चलेगा प्रोग्राम**

मुंबई । शुक्रवार से मुंबई में राज कपूर की 100वीं बर्थ एनिवर्सरी का इवेंट शुरू हो गया है. इवेंट को अंधेरी के पीवीआर इनफिनिटी मॉल में आयोजित किया गया है. यह इवेंट 13-15 दिसंबर तक चलेगा. इसमें कपूर फैमिली के अलावा फिल्म इंडस्ट्री के कई नामी सितारें शामिल होने पहुंचे. इवेंट में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करीना कपूर, सैफ अली खान और करिश्मा कपूर दिखीं. वहीं वेटरन एक्टर प्रेम चोपड़ा भी नजर आए. इस इवेंट का आयोजन कपूर फैमिली ने बाकी फिल्म इंडस्ट्री के लोगों के साथ मिलकर किया है. इस खास मौके पर राज कपूर की 10 पॉपुलर फिल्में 40 शहर के 135 थिएटर्स में दिखाई जाएंगी. इस फिल्म फेस्टिवल में राज कपूर की 10 फिल्मों को थिएटर्स में री-रिलीज किया गया है. इन फिल्मों को महज 100 रुपए में देख सकते हैं. ये फिल्में सिर्फ पीवीआर और सिनेपोलिस के थिएटर्स में ही देखी जा सकती हैं.

## नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा ने काशी में फिल्म 'वनवास' का किया प्रमोशन



एजेंसी । मुंबई

**नाना बोले फिल्म में समाज के लिए एक अहम संदेश**

वाराणसी । बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर और युवा अभिनेता उत्कर्ष शर्मा ने शुक्रवार को अपनी फिल्म 'वनवास' का काशी में प्रमोशन किया. इस दौरान नाना और युवा अभिनेता ने फिल्म में अपने किरदार और शूटिंग से जुड़े दिलचस्प अनुभवों को भी बताया. अभिनेता नाना पाटेकर ने बताया कि ₹यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं है, बल्कि समाज के लिए एक अहम संदेश भी है. यह एक ऐसा अनुभव है, जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे. फिल्म की शूटिंग के दौरान मैंने काशी के गंगा घाट और मंदिरों को करीब से देखा है. काशी अब पहले से काफी बदल गई है. वहीं, युवा अभिनेता उत्कर्ष शर्मा ने अपनी भूमिका के बारे में बताया. उत्कर्ष ने कहा कि इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है. मेरी कोशिश रही है कि मैं अपने किरदार के साथ न्याय कर सकूं. पत्रकारों से बातचीत के बाद दोनों अभिनेताओं ने शहर के ऐतिहासिक गंगा घाटों का अवलोकन किया और गंगा आरती में भी भाग लिया. इस दौरान उन्होंने शहर की सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करने के साथ युवा प्रशंसकों के साथ भी बातचीत की. बताते चलें फिल्म 'वनवास' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी और इसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है.

बॉक्स ऑफिस रिव्यू

## 'पुष्पा 2' का जलवा बरकरार नौवें दिन भी की तगड़ी कमाई



एजेंसी । मुंबई

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है. फिल्म को रिलीज हुए नौ दिन हो गए हैं और अब तक फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. अब इस फिल्म की नौवें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं. इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के बाद दूसरे शुक्रवार को देशभर में लगभग 36.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इस फिल्म का देशभर में कुल कलेक्शन 762.1 करोड़ रुपये हो गया है. फिल्म का पहले हफ्ते का प्रदर्शन दमदार रहा है. फिल्म ने एक हफ्ते में 725.8 करोड़ रुपये की कमाई की. इसमें 10.65 करोड़ रुपये का प्रीमियर और 164.25 करोड़ रुपये का पहले दिन का कलेक्शन शामिल है. फिल्म ने पहले शुक्रवार को 93.8 करोड़ रुपये की कमाई की. तीसरे दिन शनिवार को 119.25 करोड़ रुपये और रविवार को 141.05 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. फिल्म ने सोमवार को 64.45 करोड़ रुपये, मंगलवार को 51.55 करोड़ रुपये, बुधवार को 43.35 करोड़ रुपये और गुरुवार को 37.35 करोड़ रुपये कमाए. फिल्म ने शुक्रवार को 36.3 करोड़ की कमाई की, जिससे गुरुवार के मुकाबले कमाई में गिरावट देखी गई. 'पुष्पा 2' दुनिया भर में सबसे तेजी से 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली फिल्म बनी है.




**मेष :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

**वृष :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या :** मन प्रसन्न बना रहेगा. अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी. परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी. आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी. भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा. अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें. चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. शुभांक-5-8-9

**तुला :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे. पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. शुभांक-1-4-7

**धनु :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. शुभांक-2-4-5

**मकर :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है. अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव. सुख आरोग्य प्रभावित होगा. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शुभांक-3-5-6

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. शुभांक-4-6-7

**मीन :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. शुभांक-2-5-7

**- आचार्य प्रणव मिश्रा**

## न्यूज अपडेट

### पटना जिलाधिकारी के खिलाफ दर्ज हुई शिकायत, हुआ था हंगामा

**पटना।** जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर के खिलाफ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई गई है. बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रतियोगिता (प्रारंभिक) परीक्षा के दौरान जमकर हंगामा हुआ था. इसी दौरान जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर ने एक युवक को थप्पड़ जड़ दिया था. इससे यह मामला और ज्यादा तूल पकड़ लिया. जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर के थप्पड़ मारने के खिलाफ अब ब्रजेश सिंह नाम के शख्स ने एनएचआरसी में शिकायत दर्ज कराई है. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में मामला चले जाने से डीएम का थप्पड़ मारने का मामला और ज्यादा पेचीदा हो गया है.

### बिहार में बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों को मिला प्रमोशन

**पटना।** बिहार में बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया है. राज्य सरकार ने 32 आईएएस अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ दिया है. सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी की है. पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में कई जिलों के जिलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी शामिल हैं. वहीं कुछ अधिकारियों को अपर सचिव और विशेष सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है. कला संस्कृति एवं युवा विभाग की विशेष सचिव सीमा त्रिपाठी को सचिव स्तर पर पदोन्नति मिली है. इधर, सुपौल के डीएम कौशल कुमार को भी पदोन्नति मिली है.

### 32 हजार लंबित केस को सुलझाने की शुरू हुई कवायद

**पूर्वी चंपारण ।** पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात ने अब मिशन अनुसंधान के तहत जिले में लंबित कांडों का तेजी से निष्पादन करने की कवायद शुरू कर दी है. जिले में कुल 32 हजार केस लंबित है. जिसमें कई केस वर्षो पुराने है. बताया गया है कि जिले के विभिन्न थानों में करीब 700 अनुसंधानक है. अनुसंधान में गुणवत्ता और नए कानून के अनुरूप डिजिटल साक्ष्य, वीडियोग्राफी इत्यादि करने हेतु सभी अनुसंधानकों को 60 हजार कीमत का लैपटॉप और 20 हजार का स्मार्टफोन दिया जायेगा.साथ ही इस अभियान का हर महीने समीक्षा भी की जाएगी,जिसमे जिले के बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉप 50 अनुसंधानकों को प्रशस्ति पत्र और रिवार्ड दिया जाएगा.

### चावल लदा ट्रक पलटा, ड्राइवर गंभीर रूप से हुआ घायल

**किशनगंज ।** जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत पौआखाली के तातपौआ मोड़ के समीप एनएच 327 ई पर शनिवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई. इस दुर्घटना में चावल लदा एक ट्रक सड़क से नीचे पलट गया, जिससे ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय बींदेस कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में हुई. उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे. घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. सुखानी थानाध्यक्ष धर्मपाल कुमार ने बताया कि घायल को इलाज के लिए भेजा गया है और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के पास चौकीदार की तैनाती की गई है. पुलिस की निगरानी में ट्रक को रखा गया है.

# दो हिस्सों में बंटी कोयला लोड गाड़ी, दो घंटे परिचालन रहा ठप

**संवाददाता ।मुंगेर**

- 10 को कल्याणपुर तो 20 बोगियों को पहुंचाया गया सुल्तानगंज

मुंगेर में कोयला लोड मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई. इस कारण करीब दो घंटे तक जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर परिचालन बाधित रहा. बताया जा रहा है कि खड़िया पिपरा हॉल्ट के समीप मालगाड़ी की कपलिंग टूटने की वजह से गाड़ी दो हिस्सों में बंट गई. हादसे की जानकारी के बाद आधे हिस्से की बोगियों को जमालपुर की तरफ तो आधे हिस्से की बोगियों को सुल्तानगंज की और ले जाया गया. घटना जमालपुर-भागलपुर रेलखंड के अप लाइन से भागलपुर की और से सुबह करीब नौ बजे हुई. चौंकाने वाली बात यह है कि हादसे की भनक मालगाड़ी के चालक को काफी देर तक लगी ही नहीं. वह आधे हिस्से की बोगियों को लेकर आगे बढ़ गए. तब गार्ड ने हादसे की जानकारी दी गई. लेकिन, तब तक मालगाड़ी कल्याणपुर स्टेशन के समीप पहुंच चुकी थी. इधर, घटना की जानकारी मिलते ही रेल अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे. इसके बाद करीब 22 बोगियों को खींचकर सुल्तानगंज की और ले गए. खगड़िया पिपरा हॉल्ट के संचालक आकिब ने बताया सुबह 8:58 पर हादसा हुआ. इसके बाद रेल अधिकारी को सूचना दी गई. करीब एक घंटे बाद एक हिस्से की बोगियों को स्टेशन ले जाया गया. एक पार्ट में 10 बोगी को कल्याणपुर स्टेशन और बांकी बचे 20 बोगी को सुल्तानगंज स्टेशन ले जाया गया है. इनामुल हक ने बताया कि ब्रह्मपुत्र मेल के गुजरने के बाद मालगाड़ी जा रही थी. इसी दौरान कपलिंग टूट गया जिसके कारण समपार फाटक करीब दो घंटे तक बंद रहा. मालगाड़ी पर कोयला लोड है जो भागलपुर की तरफ उप लाइन से जमालपुर की तरफ जा रही थी.



### पहले से चल रहा था प्रेम-प्रसंग, सोशल मीडिया पर वीडीओ वायरल

# बीपीएससी टीचर का हुआ पकड़ौआ विवाह

**संवाददाता ।बेगूसराय**

बेगूसराय में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. बीपीएससी शिक्षक की जबरदस्ती शादी करवा दी गई. इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जिनेंदपुर पंचायत का है. लोगों ने बीपीएससी शिक्षक अवनीश कुमार की एक मंदिर में जबरन शादी करवा दी. वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि कुछ लोग जबरन अवनीश कुमार के हाथ से लड़की की मांग भरवा रहे हैं. अवनीश रो-रोकर लोगों से गुहार लगा रहा लेकिन किसी ने उसकी एक सुनी और उसकी जबरदस्ती शादी करवा दी.

**नौकरी लगते ही बदल गया अवनीश :** इधर, लड़की पक्ष का कहना है कि रजौड़ा सिकंदरपुर निवासी अवनीश कुमार और उनकी बेटी का लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था. शिक्षक बनने के बाद अवनीश कुमार ने शादी से मना कर दिया. लड़की का कहना है कि वह एएनएम की ट्रेनिंग ले रही है. अवनीश और उसकी बात पिछले चार साल से हो रही थी. वह दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे. अवनीश की जब तक नौकरी नहीं लगी थी तब तक सबकुछ ठीक चल रहा था. लेकिन, नौकरी लगने के बाद वह बदल गया. शादी की बात करने पर टालने लगता था.

#### कई बार उसे होटल में भी बुलाया



युवती ने आरोप लगाया कि अवनीश कुमार ने कई बार उसे होटल में भी बुलाया गया था. 10 दिन पूर्व भी अवनीश कुमार ने उसे अपने स्कूल पर बुलाया था. यहां जब मैंने फिर से शादी की बात कही तो उसने इनकार कर दिया. गुरुवार शाम अवनीश कुमार मुझसे मिलने आया था. हमलोग एक-दूसरे से बातचीत कर ही रहे थे कि अचानक ग्रामीणों वहां पहुंचे और दोनों को पकड़ दिया. इसके बाद एक मंदिर में जबरन करवा दी. इधर, इस मालमे में अभी तक किसी भी पक्ष के द्वारा पुलिस में शिकायत नहीं की गई है. हालांकि, पुलिस जांच में जुट गई है.

**बेगूसराय में चर्चा का विषय बना :** पकड़ौआ विवाह बेगूसराय में चर्चा का विषय बना हुआ है. लोगों का कहना है कि फिर से पकड़ौआ विवाह का सिलसिला शुरू हो गया है. 80 और 90 के दशक में इस तरह की घटनाएं होती थी. कई लोगों की जिंदगी इस जबरिया शादी के कारण बर्बाद हो गई. कुछ माह पहले वैशाली में इसी तरह का मामला सामने आया था. बीपीएससी की परीक्षा पास शिक्षक बने युवक का पकड़ौआ विवाह करवा दिया गयाा था. पिछले साल एक केस की सुनवाई के दौरान पटना हाईकोर्ट ने पकड़ौआ शादी को अमान्य बताया था. कहा है कि जबरदस्ती की गई शादी मान्य नहीं होगी. बंदूक की नोंक पर मांग भरना शादी नहीं कहलाएगी. यानी किसी भी महिला की मांग में जबरन सिंदूर लगाना हिन्दू कानून के तहत शादी नहीं है. जब तक दूल्हा और दुल्हन पवित्र अग्नि के चारों फेरे नहीं ले या दोनों के बीच सहमति न हो, तब तक शादी वैध नहीं मानी जाएगी.

### राजधानी में एसटीएफ और अपराधियों के बीच मुठभेड़

# एक अपराधी की मौत, इंस्पेक्टर घायल

**संवाददाता।पटना**

पटना में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें दोनों तरफ से कई राउंड गोलियां चलीं. इस घटना में गोली लगने से एक कुख्यात अपराधी की मौत हो गई. वहीं एक पुलिस इंस्पेक्टर भी गोली लगने से घायल हो गए. घटना जक्कनपुर थाना क्षेत्र के संजय नगर की है. घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि इस घटना में एसटीएफ के इंस्पेक्टर दिवाकर को बांह में गोली लगी है. जवाबी कार्रवाई में अपराधी को भी गोली लगी थी, जिससे उसकी मौत हो गई. घटना के दौरान इलाके में अफरातफरी का माहौल बना रहा. आननफानन में घायल पुलिस इंस्पेक्टर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई.

#### एसटीएफ को मिली थी गुप्त सूचना

घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि जक्कनपुर थाना अंतर्गत संजय नगर स्थित एक मकान में तीन अपराधी दूसरे के नाम पर रूम लेकर रह रहे हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे हैं. सूचना मिलते ही एसटीएफ की टीम उस मकान में पहुंची. वहां पहुंचते ही पुलिस जैसे ही सर्च करने घुसने लगी, अपराधियों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी. इस फायरिंग में एसटीएफ के इंस्पेक्टर दिवाकर कुमार भी घायल हो गये. आननफानन में घायल इंस्पेक्टर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. फिर जवाबी कार्रवाई में एसटीएफ ने भी गोली चलाई जिसमें अपराधी अजय राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

### पूर्व मंत्री के करीबी को कहा-तीन करोड़ दो वरना...

# लालू के भतीजे पर रंगदारी का मामला दर्ज

**संवाददाता ।पटना**

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के भतीजे नागेंद्र राय पर रंगदारी मांगने का आरोप लगा है. पीड़ित पक्ष ने पटना के पीरबहोर थाने में इस मामले को लेकर केस भी दर्ज करवाया है. बिहार सरकार के एक पूर्व मंत्री के करीबी आकाश गौरव ने लिखित आवेदन देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई. मामले में पुलिस का कहना है कि वैज्ञानिक अनुसंधान किया जा रहा है. मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है. आकाश पटना के बिहारी साव लेन



में रहते हैं. अपने लिखित आवेदन में आकाश ने कहा है कि 12 दिसंबर की रात को रूपसपुर थाना के गोला रोड में रहने वाले नागेंद्र राय ने 93045 02790 से कॉल किया. उसके बाद गाली गलौज शुरू कर दी और धमकाते हुए कहा कि तुम परिवार के साथ पटना छोड़कर बिहार से चले जाओ और तीन करोड़ रंगदारी दो. अगर नहीं तीन करोड़ रुपये नहीं दोगे तो तुम्हें और तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मरवा दूंगा. आकाश ने आरोप लगाया कि इस कॉल के दौरान ही आधे घंटे के भीतर नगेंद्र ने मिलने को बुलाया था. लेकिन, उस वक्त मैं सिलीगुड़ी में था इसलिए आने में असमर्थता जताई.

आकाश ने कहा कि 13 दिसंबर को फिर उसी नंबर से 5-6 बार कॉल आया लेकिन मैंने डर से कॉल नहीं उठाया. इसके बाद नागेंद्र राय ने 13 दिसंबर को 5-7 हथियार बंद अज्ञात लोगों को घर पर भेजा था.

## कारोबार

### प्रत्यक्ष बिक्री वाली 17 कंपनियों को मिला सीसीपीए का नोटिस

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने डायरेक्ट सेलिंग यानी प्रत्यक्ष बिक्री नियम का उल्लंघन करने वाली 17 कंपनियों को नोटिस भेजा है. इनमें से 13 संस्थाओं की जांच की जा रही है. तीन के जवाब का इंतजार हो रहा है. सीसीपीए ने जिन कंपनियों को नोटिस भेजा है उनमें विहान डायरेक्ट सेलिंग (इंडिया) (क्यूनेट ग्रुप, हांगकांग की सब-फ्रेंचाइजी), ट्रिपटेल्स, ओरिएन्स ग्लोबल मार्केटिंग, जेनेसा वेलनेस, ऑर्गोलाइफ सॉल्यूशंस, ओरिफ्लेम इंडिया और जंक्चर मार्केटिंग आदि शामिल हैं. इन पर आरोप है कि कुछ धोखाधड़ी करने वाली संस्थाएं मनी सर्कुलेशन योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए डायरेक्ट सेलिंग मॉडल का दुरुपयोग करती हैं. एलआईसी म्यूचुअल फंड आईपीओ लाने की तैयारी में है. कंपनी ने कहा, जब उसका एसेट अंडर मैनेजमेंट एक लाख करोड़ रुपये हो जाएगा तब वह इसकी योजना बनाएगी. अभी 38,000 करोड़ रुपये है.

### स्विटजरलैंड ने भारत का एमएफएम दर्जा खत्म किया

**नयी दिल्ली ।** स्विट्जरलैंड ने नेस्ले के खिलाफ भारत में दिए गए एक अदालती फैसले के बाद भारत को दिया गया एमएफएन (मोस्ट फेवर्ड नेशन) का दर्जा वापस ले लिया है. इस कदम से यूरोपीय देश में परिचालन कर रही भारतीय संस्थाओं पर कर के मामले में प्रतिकूल असर पड़ेगा. इसके साथ ही, 1 जनवरी 2025 से भारतीय कंपनियों को स्विट्जरलैंड में अर्जित आय पर उच्च कर देना होगा. एक बयान में, स्विट्जरलैंड ने आय पर करों के संबंध में दोहरे कराधान से बचने के लिए स्विस परिसंघ और भारत गणराज्य के बीच समझौते के प्रोटोकॉल के एमएफएन खंड के आवेदन को निलंबित करने की घोषणा की. स्विट्जरलैंड ने एमएफएन का दर्जा वापस लेने के अपने निर्णय के लिए वेवे मुख्यालय वाली नेस्ले से संबंधित मामले में भारतीय उच्चतम न्यायालय के फैसले का हवाला दिया. इसका अर्थ यह है कि स्विट्जरलैंड 1 जनवरी, 2025 से भारतीय संस्थाओं द्वारा अपने देश में अर्जित लाभांश पर 10 प्रतिशत कर लगाएगा.

### एसबीआई की रिपोर्ट : देश में फलों और सब्जियों की उपलब्धता बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में फलों और सब्जियों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता क्रमशः 7 किलोग्राम और 12 किलोग्राम बढ़ी है. हालांकि, यह आंकड़ा कृषि आपूर्ति श्रृंखला में कई चुनौतियों को उजागर करता है जो पूरे देश में खाद्य खपत को प्रभावित करना जारी रखते हैं. विशेष रूप से, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और जम्मू और कश्मीर जैसे राज्यों में फलों और सब्जियों के प्रति व्यक्ति उत्पादन में वृद्धि देखी गई है. हालांकि, कई पूर्वोत्तर राज्यों ने प्रति व्यक्ति उत्पादन में गिरावट दर्ज की है. भारत प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष लगभग 227 किलोग्राम फल और सब्जियां पैदा करता है, जो सालाना प्रति व्यक्ति 146 किलोग्राम की सामान्य सिफारिश से अधिक है. हालांकि, फलों और सब्जियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा-30-35 प्रतिशत-उनकी जल्दी खराब होने वाली प्रकृति के साथ-साथ कटाई, भंडारण, परिवहन और पैकेजिंग में अकुशलता के कारण नष्ट हो जाता है.

### अटल पेंशन योजना : 47% है महिलाओं की भागीदारी

# ग्राहकों की संख्या 7 करोड़ के

- 2 दिसंबर, 2024 तक 7.15 करोड़ से अधिक ग्राहक इस योजना के तहत नामांकित हो चुके हैं

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**




वित्त मंत्रालय ने हाल ही में अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की जानकारी दी. मंत्रालय के अनुसार, 2 दिसंबर, 2024 तक 7.15 करोड़ से अधिक ग्राहक इस योजना के तहत नामांकित हो चुके हैं. कार्यक्रम की सफलता पर प्रकाश डालते हुए, मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, ₹अटल पेंशन योजना सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के साथ, अपने लाभार्थियों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद मन की शांति सुनिश्चित करते हुए गारंटीकृत पेंशन लाभ के साथ सुरक्षित सेवानिवृत्ति प्रदान करता है.

अटल पेंशन योजना भारत की कामकाजी आबादी को सेवानिवृत्ति के बाद के वर्षों में वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है. अटल पेंशन योजना, 60 वर्ष की आयु से 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की न्यूनतम मासिक पेंशन की गारंटी देती है. पेंशन की राशि ग्राहकों की ओर से किए गए योगदान पर निर्भर करती है. इस योजना में महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी देखी गई है, जो कुल ग्राहकों का लगभग 47 प्रतिशत है. एपीवाई की एक खास विशेषता इसकी व्यापक पेंशन संरचना है. ग्राहक की मृत्यु के बाद, पति या पत्नी को वही पेंशन मिलती रहती है. ग्राहक और पति या पत्नी दोनों की मृत्यु के बाद, 60 वर्ष की आयु तक जमा पेंशन राशि नामांकित व्यक्ति को वापस कर दी जाती है, जिससे परिवार के लिए दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित होती है. ग्राहक मासिक, त्रैमासिक या अर्ध-वार्षिक आधार पर योगदान कर सकते हैं, जिससे उन्हें अपने वित्त का प्रबंधन करने में लचीलापन मिलता है. एपीवाई बढ़ती दीर्घायु, एकल परिवारों और बढ़ती जीवन लागत के युग में महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करता है. पेंशन एक स्थिर मासिक आय प्रदान करती है, जो सेवानिवृत्ति के बाद एक सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करती है.

**सरकार न्यूनतम पेंशन की गारंटी देती :** इस योजना में सरकार न्यूनतम पेंशन की गारंटी देती है, अगर योगदान पर रिटर्न उम्मीद से कम होता है तो यह किसी भी कमी को पूरा करती है. इसके विपरीत, अगर रिटर्न उम्मीद से अधिक होता है, तो अधिशेष राशि ग्राहक के खाते में जमा कर दी जाती है, जिससे योजना के लाभ बढ़ जाते हैं.

एपीवाई का का बढ़ता ग्राहक आधार वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और भारत की एक मजबूत पेंशन प्रणाली की आवश्यकता को संबोधित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है. सरकार की ओर से चलाई जा रही यह योजना लाखों भारतीयों को सेवानिवृत्ति सुरक्षा प्रदान करने के मामले में आधारशिला बनी हुई है.

### जनवरी से यूपीआई से 223 लाख करोड़ के 15547 करोड़ हुआ लेनदेन

**नयी दिल्ली ।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल करके इस वर्ष जनवरी से नवंबर तक 223 लाख करोड़ रुपये के 15,547 करोड़ लेन-देन किए गए हैं. यूपीआई के जरिए भारत में वित्तीय लेन-देन एक उल्लेखनीय प्रभाव को दिखाता है. वित्त मंत्रालय ने शनिवार को 'एक्स' पोस्ट में बताया कि डिजिटल भुगतान क्रांति को आगे बढ़ाते हुए यूपीआई ने जनवरी से नवंबर, 2024 तक 223 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 15,547 करोड़ लेन-देन हासिल किए हैं, जो भारत में वित्तीय लेन-देन पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव को प्रदर्शित करता है. मंत्रालय ने यूपीआई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसको दुनियाभर के देशों में महत्व मिल रहा है. भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति अंतरराष्ट्रीय गति हासिल कर रही है. यूपीआई और रूपे दोनों तेजी से देश के बाहर विस्तार कर रहे हैं. यूपीआई भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) का विकसित एक भुगतान प्रणाली मंच है. इस मंच के जरिए ग्राहक विभिन्न बैंकों के अपने सभी खातों को ला और रख सकता है. ग्राहक इन खातों के माध्यम से लेन-देन कर सकता है.

### चीनी ड्रोन पर निर्भरता होगी खत्म

# 2030 तक भारतीय ड्रोन बाजार 63.14 करोड़ डॉलर होने

**एजेंसी ।मुंबई**



भारतीय कृषि ड्रोन बाजार 2030 तक 28 फीसदी सालाना वृद्धि के साथ 63.14 करोड़ डॉलर तक जा सकता है. अभी यह 14.54 करोड़ डॉलर का है. वैश्विक कृषि ड्रोन बाजार में भारत का हिस्सा इस समय 5.3 फीसदी का है. फिक्की एवं अर्न्स्ट एंड यंग की रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन और इसके कलपुर्जे का उद्योग देश के विनिर्माण क्षमता को 2030 तक 23 अरब डॉलर तक बढ़ा सकता है. वहीं इस मामले में विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में वैश्विक स्तर पर चीनी ड्रोन पर निर्भरता को दूर करने की क्षमता है. प्रखर सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस के समूह सीईओ प्रदीप नामदेव कहते हैं कि कृषि में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए हमने किसानों को ड्रोन के बारे में शिक्षित करने के लिए 1500 एकड़ से अधिक भूमि में स्थानीय सरकारी निकायों के साथ एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है. उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य 2027 तक ड्रोन से संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं के लिए 5,000 रोजगार का अवसर पैदा करना है. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के साथ प्रखर ने साझेदारी की है.

नामदेव ने आगे कहा, भारत में ड्रोन की बहुत संभावना है. रक्षा व राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ कृषि और अन्य क्षेत्रों में भी काफी संभावनाएं हैं. प्रखर एकमात्र घरेलू ड्रोन निर्माता है जिसने स्वदेशी उड़ान नियंत्रक व एआई आधारित मॉडल व 3डी प्रिंटेड जैसे अन्य कंपोनेंट विकसित किए हैं.

**फैसला** भारतीय रिजर्व बैंक का किसानों को तोहफा

# जमानत मुक्त ऋण की सीमा बढ़ाकर दो लाख की गयी

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**



#### यह फैसला एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगा

- इस कदम का उद्देश्य बढ़ती इनपुट लागत के बीच छोटे और सीमांत किसानों को मदद पहुंचाना है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने किसानों के लिए जमानत-मुक्त ऋण सीमा को 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया है. यह फैसला एक जनवरी, 2025 से प्रभावी होगा. इस कदम का उद्देश्य बढ़ती इनपुट लागत के बीच छोटे और सीमांत किसानों को मदद पहुंचाना है. नए निर्देश में देश भर के बैंकों को प्रति उधारकर्ता दो लाख रुपये तक का कृषि और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए ऋण देने की मार्जिन की आवश्यकता को माफ करने का निर्देश दिया गया है.

कृषि मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय बढ़ती लागत और किसानों के लिए ऋण सुलभता में सुधार की आवश्यकता को देखते हुए लिया गया है. बयान में कहा गया है कि इस उपाय से 86 प्रतिशत से अधिक छोटे और सीमांत भूमिधारक किसानों को काफी लाभ होगा. बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे दिशानिर्देशों को शीघ्रता से लागू करें तथा नए ऋण प्रावधानों के बारे में व्यापक जागरूकता सुनिश्चित करें. इस कदम से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण तक आसान पहुंच की उम्मीद है और यह सरकार की संशोधित ब्याज अनुदान योजना का पूरक होगा, जो 4% प्रभावी ब्याज दर पर 3 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान करती है. इस पहल को कृषि क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिससे किसानों को कृषि कार्यों में निवेश करने और अपनी आजीविका में सुधार करने के लिए आवश्यक वित्तीय लचीलापन मिलेगा. कृषि विशेषज्ञ सरकार और केंद्रीय बैंक की इस पहल को ऋण समावेशिता बढ़ाने और कृषि आर्थिक विकास को समर्थन देने और कृषि इनपुट लागत पर मुद्रास्फीति के दबाव को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानते हैं.

### उपग्रह स्पेक्ट्रम की नीलामी पर केंद्रीय मंत्री

# 2जी सेवाओं की तरह पहले आओ पहले पाओ जैसा नहीं

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**



दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उपग्रह संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम का आवंटन को लेकर अहम जानकारी साझा की है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, उपग्रह संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम का आवंटन 2जी सेवाओं की तरह 'पहले आओ, पहले पाओ' की तर्ज पर नहीं किया जाएगा. दूरसंचार मंत्री ने भारत आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक बाधाओं के कारण उपग्रह सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी करना संभव नहीं है. उन्होंने कहा, दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जो उपग्रह स्पेक्ट्रम की नीलामी करता हो क्योंकि इसकी नीलामी करना भौतिक रूप से असंभव है. अगर आप आर्थिक तर्क लाते हैं तो फिर आप इसे प्रशासनिक रूप से कैसे आवंटित करेंगे? सिंधिया ने साफ तौर पर कहा कि, मूल्य निर्धारण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर नहीं होने जा रहा है. ऐसा कुछ नहीं होने वाला है. इसका निर्णय दूरसंचार विनियामक ट्राई करेगा. प्राधिकरण आवंटन की कीमत तय करेगा और उसके आधार पर लाइसेंस पाने वाले हरेक व्यक्ति को स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा. सिंधिया ने कहा कि स्पेक्ट्रम आवंटन से जुड़ा हुआ एक वैज्ञानिक तर्क है और एक आर्थिक तर्क है. आप किसी ऐसी चीज की नीलामी कैसे कर सकते हैं जो साझा की गई हो? आप केवल उसी चीज की नीलामी कर सकते हैं जो किसी व्यक्ति विशेष के पास हो.

# गाबा टेस्ट देखने पहुंची सारा तेंदुलकर

**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा मैच ब्रिस्बेन के गाबा में खेला जा रहा है. 14 दिसंबर, शनिवार से शुरु हुए मुकाबले का पहला दिन बारिश की भेंट चढ़ गया. पहले दिन सिर्फ 13.2 ओवर का ही खेल हो सका. इसी बीच मास्टर-ब्लास्टर की बेटी सारा तेंदुलकर गाबा के स्टैंड्स में नजर आईं, जिसके बाद फैंस ने भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल की चर्चा करनी शुरू कर दी. बता दें कि सारा तेंदुलकर और शुभमन गिल का नाम अक्सर चर्चा में रहता है. मास्टर-ब्लास्टर की बेटी को गिल की रूमर्ड गर्लफ्रेंड भी कहा जाता है. हालांकि अब तक शुभमन गिल और सारा तेंदुलकर की तरफ से इस बारे में कभी बात नहीं की गई.

## फैंस करने लगे शुभमन गिल की चर्चा



### गाबा टेस्ट के पहले दिन नजर आईं सारा तेंदुलकर

सोशल मीडिया पर सारा तेंदुलकर की तमाम तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में सारा के पीछे टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह और पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान भी नजर आ रहे हैं.

स्टेडियम में नजर आने से पहले सारा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए एक वीडियो शेयर कर बताया था कि वह ब्रिस्बेन में हैं. यह कोई पहला मौका नहीं है कि जब सारा को स्टेडियम से टीम इंडिया को चीयर करते हुए देखा गया हो. कई मौकों पर उन्हें टीम इंडिया के लिए चियर करते हुए देखा जा चुका है.

# मैं झुकेगा नहीं सा...', रिंकू सिंह ने जिम में किया अल्लू अर्जुन का सिग्नेचर 'पुष्पा' स्टेप, जीता फैंस का दिल


**एजेंसी।ब्रिस्बेन**

भारतीय क्रिकेट टीम के धाकड़ बल्लेबाज और फिनिशर रिंकू सिंह अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं. लेकिन अब अपने शानदार खेल के साथ-साथ उन्होंने अपने मनोरंजक अंदाज से भी फैंस का दिल जीत लिया है. हाल ही में रिंकू सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह तेलुगु फिल्म 'पुष्पा' का सुपरहिट सिग्नेचर स्टेप करते नजर आ रहे हैं. यह स्टेप फिल्म के लीड एक्टर अल्लू अर्जुन ने अपनी फिल्म 'पुष्पा' में किया था, जो कुछ ही समय में देशभर में पॉपुलर हो गया था.वीडियो में रिंकू सिंह जिम में अपने साथियों के साथ मस्ती करते हुए



इस डांस मूव को दोहराते नजर आ रहे हैं. उनके साथ अन्य लोग भी 'पुष्पा' स्टेप करके माहौल को और मजेदार बना रहे हैं. इस वीडियो को फैंस ने खूब सराहा और इसे देखने के बाद सोशल मीडिया पर उत्साह का माहौल बन गया है.क्रिकेट के मैदान के बाहर रिंकू सिंह का अंदाज फैंस के लिए किसी शॉक से कम नहीं है. इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर भी कई मौकों पर 'पुष्पा' स्टेप कर चुके हैं, लेकिन रिंकू का यह वीडियो क्रिकेट और सिनेमा प्रेमियों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है.रिंकू सिंह हाल ही में नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के लिए टी20 सीरीज में खेले थे. इसके अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने उन्हें आईपीएल 2025 के लिए पूरे 13 करोड़ रुपये में रिटेन किया है.

## न्यूज अपडेट



### पाकिस्तान के फास्ट बॉलर मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने शनिवार को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है. 32 वर्षीय आमिर ने इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के कुछ ही महीनों बाद संन्यास लेने का फैसला किया है। आमिर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया, सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का कठिन निर्णय लिया है. ये निर्णय कभी भी आसान नहीं होते, लेकिन अपरिहार्य होते हैं. मुझे लगता है कि अगली पीढ़ी के लिए यह सही समय है कि वे पाकिस्तान क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं! अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और हमेशा रहेगा. मैं ईमानदारी से पीसीबी, अपने परिवार और दोस्तों और सबसे बढ़कर अपने प्रशंसकों को उनके निरंतर प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं. मो. आमिर, जिन्होंने 2009 में एक विलक्षण किशोर के रूप में पदार्पण किया था, सभी प्रारूपों में अपने नाम 271 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेकर रिटायर हुए हैं - टेस्ट में 119, वनडे में 81 और टी20 में 71। उन्होंने पाकिस्तान के 2009 टी20 विश्व कप अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और कई यादगार प्रदर्शन किए थे, जिसमें भारत के खिलाफ 2017 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उनका मैच जीतने वाला स्पैल भी शामिल है.

### केन विलियमसन का करियर खत्म करने पर तुला मैथ्यू पॉट्स, हेमिल्टन टेस्ट में ये अर्धशतक से चूके

**नयी दिल्ली।** केन विलियमसन की गिनती मौजूदा समय में दुनिया के टॉप-4 बल्लेबाजों में की जाती है. खासतौर से टेस्ट मैच में उनका दबदबा रहता है. अच्छे से अच्छे गेंदबाज भी उनके सामने घुटने टेक देते हैं. लेकिन 34 साल के इस दिग्गज किवी बल्लेबाज को इंग्लैंड के मैथ्यू पॉट्स ने परेशान कर दिया है. पॉट्स ने करियर के आखिरी में पड़ाव में खेल रहे विलियमसन के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं. हेमिल्टन टेस्ट में भी उन्होंने विलियमसन को खुद के पैर पर कुल्हाड़ी मारने पर मजबूर कर दिया. इसकी वजह से वह 44 रन पर ही आउट हो गए और अर्धशतक से चूक गए. मैथ्यू पॉट्स ने 2022 में इंग्लैंड की टीम के लिए टेस्ट डेब्यू किया था. उसके बाद से वो अभी तक 9 टेस्ट मैच खेल चुके हैं. वहीं 10वां मैच हेमिल्टन में खेल रहे हैं. इस दौरान विलियमसन और उनके बीच 5 बार आमना-सामना हो चुका है, जिसमें उनका पलड़ा भारी रहा है. इस दौरान पॉट्स ने विलियमसन को 50 गेंदें फेंकी और 4 बार आउट किया. वहीं किवी बल्लेबाज सिर्फ 11 रन बना सके.दुनिया के सिर्फ 5 गेंदबाजों ने ही टेस्ट में 4 या उससे ज्यादा बार विलियमसन का शिकार किया है. इसमें भारत के आर अश्विन और प्रज्ञान ओझा का नाम शामिल है. दोनों ने उन्हें 5-5 बार पवेलियन भेजा. इन दोनों के अलावा वेस्टइंडीज के कीमार रोच ने उन्हें 5 बार आउट किया है. टेस्ट में विलियमसन को सबसे ज्यादा इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन 9 बार और स्टुअर्ट ब्रॉड ने 6 बार अपना शिकार बनाया है.

### ओलंपिक चैंपियन एन से-यंग बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के सेमीफाइनल में पहुंचीं



**हांग्जो।** पेरिस ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया की एन से-यंग ने शुक्रवार को यहां 2024 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में महिला एकल के अंतिम चार में जगह पक्की कर ली. गुरुवार को ग्रुप बी में जापानी दिग्गज अकाने यामागुची से हारने के बाद, एन ने चीन की हान यू पर 21-11, 21-15 से आसान जीत हासिल की और आगे बढ़ी। बाद में भी दो जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया. जापान की अया ओहोरी और चीन की वांग झीयी भी ग्रुप ए से अंतिम चार में पहुंची. पुरुष एकल में, डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन और चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन ग्रुप ए से सेमीफाइनल में पहुंचे, जबकि घरेलू पसंदीदा शि यूकी और इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी ग्रुप बी से अंतिम चार में पहुंचे।वहीं, ओलंपिक चैंपियन चीन के झेंग सिवेई और हुआंग याकियोंग ने मिश्रित युगल स्पर्धा में सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि चेन किंगचेन और जिया यिफान महिला युगल सेमीफाइनल में पहुंच गईं.

### बांग्लादेश के शाकिब को ईसीबी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से किया गया निलंबित

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को ईसीबी द्वारा आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया है, क्योंकि लॉफबोरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र परीक्षण सुविधा द्वारा उनके गेंदबाजी एक्शन को अवैध पाया गया था. बाएं हाथ के इस स्पिनर को सितंबर में टॉन्टन में समरसेट के खिलाफ काउंटी मैच में सरे के लिए खेलने के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया था. मैदानी अंपायर स्टीव ओ'शॉघनेसी और डेविड मिल्स ने शाकिब के गेंदबाजी एक्शन में खामी पाई, जिन्होंने उस खेल में नौ विकेट लिए थे, और बाद में उन्हें अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच करवाने के लिए कहा गया. ईसीबी की विज्ञप्ति में कहा गया, शाकिब ने इस महीने की शुरुआत में लॉफ़बोरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र मूल्यांकन पूरा किया, जिसमें पाया गया कि उनके गेंदबाजी एक्शन में कोहनी का विस्तार विनियमों में परिभाषित 15 डिग्री की सीमा से अधिक है. यह निलंबन 10 दिसंबर 2024 को स्वतंत्र मूल्यांकन की प्राप्ति से प्रभावी होगा, और संदिग्ध अवैध गेंदबाजी एक्शन के साथ रिपोर्ट किए गए गेंदबाजों की समीक्षा के लिए ईसीबी के विनियमों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करेगा.

### लंका टी10 सुपर लीग में मैच फिक्सिंग का आरोप

**कोलंबो.** श्रीलंका टी10 लीग में गाले मार्वल्स टीम के मालिक प्रेम ठाकुर को मैच फ़िक्सिंग के आरोप में गिरफ़्तार किया गया है. ठाकुर को गुरुवार को गिरफ़्तार किया गया, जो टूर्नामेंट शुरू होने के एक दिन बाद की घटना है. शुक्रवार को उन्हें कोलंबो मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 16 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. श्रीलंका पुलिस ने ईएसपीएन क्रिकइंफो को बताया, भारतीय नागरिक ठाकुर को 2019 के मैच से संबंधित अपराधों की रोकथाम अधिनियम के तहत श्रीलंका स्पोर्ट्स पुलिस यूनिट द्वारा गिरफ़्तार किया गया. उन्हें कैंडी में एक होटल से गिरफ़्तार किया गया, जहां लंका टी10 टूर्नामेंट चल रहा है. जानकारी के अनुसार एक विदेशी खिलाड़ी ने ठाकुर द्वारा की गई फ़िक्सिंग की पेशकश की सूचना दी थी. इस साल की शुरुआत में एलपीएल (लंका प्रीमियर लीग) की तरह इस टूर्नामेंट की निगरानी के लिए आईसीसी की एंटी-करप्शन यूनिट का एक प्रतिनिधि भी श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अनुरोध पर मौजूद था. हालांकि एसएलसी ने इस मामले पर कोई बयान नहीं दिया है. लंका टी10 टूर्नामेंट के निदेशक सामंथा डोडनवेला ने पुष्टि की है कि टूर्नामेंट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगा. यह इस साल श्रीलंका में दूसरा फ्रेंचाइज़ी टूर्नामेंट है, जिसमें किसी टीम के मालिक को देश के खेल भ्रष्टाचार रोधी कानून के तहत गिरफ़्तार किया गया है. इससे पहले मई में एलपीएल फ्रेंचाइज़ी दाम्बुला थंडर्स के सह-मालिक तमीम रहमान को मैच फ़िक्सिंग के आरोपों में गिरफ़्तार किया गया था.

- टीम का मालिक गिरफ्तार

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी : लगातार बारिश ने रोका पहले दिन का खेल

# गाबा टेस्ट में बारिश बनी विलेन

**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

शनिवार को गाबा में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के पहले दिन लगातार बारिश ने खेल को रोक दिया. बारिश के कारण खेल रद्द होने से पहले ऑस्ट्रेलिया ने 13.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए थे. उस्मान ख्वाजा 19 और नाथन मैकस्वीनी 4 रन बनाकर नाबाद रहे. बीसीसीआई ने जानकारी दी, आज का खेल बारिश के कारण रोक दिया गया है. खेल अब रविवार सुबह 9:50 बजे (स्थानीय समय) से शुरू होगा और हर दिन कम से कम 98 ओवर फेंके जाएंगे.

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बताया कि शनिवार के दिन के लिए खरीदे गए टिकटों की पूरी राशि लौटाई जाएगी,क्योंकि केवल 15 ओवर से कम का खेल हो सका. बारिश के लंबे ब्रेक के चलते दर्शक मैदान छोड़कर चले गए. सीए की नीति के अनुसार, अगर 15 ओवर से कम खेल होता है और किसी भी दिन मैच का परिणाम नहीं निकलता,तो टिकट धारकों को पूरा रिफंड दिया जाता है. शनिवार सुबह 9 बजे से ब्रिस्बेन में 66.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई. मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को 50% बारिश की संभावना है.

सोमवार से बुधवार तक बारिश की संभावना और ज्यादा है,लेकिन यह स्थिति बदल भी सकती है. इससे पहले, सुबह बादलों से घिरे मौसम में भारत ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. टीम में बदलाव के तहत रवींद्र जडेजा और आकाश दीप को अश्विन और हर्षित राणा की जगह शामिल किया गया. जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने सही लाइन और लेंथ खोजने की कोशिश की, लेकिन पिच से सीम मूवमेंट नहीं मिला.

उस्मान ख्वाजा ने सिराज की एक शॉर्ट बॉल को मिड-विकेट पर आसानी से चौके के लिए भेज दिया. बारिश ने पहली बार 5.3 ओवर के बाद खेल रोका, जिसके कारण खिलाड़ी 30 मिनट तक मैदान से बाहर रहे.ब्रेक के बाद भारतीय गेंदबाजों ने फुलर गेंदें डालने की कोशिश की, जिससे कुछ मूवमेंट मिला. लेकिन ख्वाजा और मैकस्वीनी ने मजबूती से खेल जारी रखा. फिर बारिश के कारण जल्दी लंच कर दिया गया और और अंततः पूरे दिन का खेल खत्म कर दिया.



**स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर- 28/0**

### दर्शकों का वापस किया जाएगा पैसा

गाबा टेस्ट के पहले दिन बारिश की वजह से सिर्फ 13 .2 ओवर का खेल हुआ. फैंस ने 90 ओवर का खेल देखने के लिए टिकट लिया था. ऐसे में अब फैंस को उनके पैसे वापस किए जाएंगे. अगर 15 ओवर से ज्यादा का खेल होता तो फैंस को टिकट के पैसे वापस न दिया जाते, लेकिन 15 ओवर से कम का खेल होने की वजह से टिकट के पैसे वापस दिए जाएंगे.

### दूसरे दिन बारिश की संभावना बेहद कम

भारत और ऑस्ट्रेलियाई फैंस के लिए अच्छी खबर है. दूसरे दिन बारिश की संभावना बेहद कम है. मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइट के अनुसार, रविवार को बारिश कि संभावना मात्र 8 प्रतिशत है, लेकिन पूरे दिन आसमान में बादल छाए रह सकते हैं. फिर भी कई मौकों पर हल्की बारिश के कारण खेल रोके जाने की संभावना बनी रहेगी.

### बदल गया भारत-ऑस्ट्रेलिया के तीसरे टेस्ट का समय

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश की भेंट चढ़ गया. भारी बारिश की वजह से इस टेस्ट मैच के पहले दिन सिर्फ 13 .2 ओवर का खेल हुआ. इस दौरान ऑस्ट्रेलिया ने बिना कोई विकेट गंवाए 28 रन बनाए. उस्मान ख्वाजा 19 और नाथन मैकस्वीनी 04 रनों पर नाबाद हैं. इस टेस्ट को भारतीय समय के अनुसार सुबह 5 :50 बजे शुरू होना था, लेकिन बारिश की वजह से अब टाइमिंग में बदलाव किया गया है .पहले दिन सुबह के सत्र में बारिश से दो बार व्यवधान देखने को मिला. पहले करीब 30 मिनट के लिए खेल रुका. फिर दोबारा जब बारिश आई तो फिर लंबे इंतजार के बाद दिन का खेल जल्द रद्द करना पड़ा. इस दौरान फैंस काफी निराश दिखे. दूसरी बार बारिश आने के बाद मैच शुरू नहीं हो सका और फिर लंबे इंतजार के बाद अंपायर्स ने दिन का खेल खत्म करने की घोषणा कर दी. अच्छी बात यह है कि दूसरे दिन के समय में बदलाव किया गया है. इस टेस्ट मैच के सभी दिन नियमित रूप से भारतीय समय के अनुसार सुबह 5 :50 बजे मैच शुरू होना था, लेकिन अब बाकी दिन सुबह 5 :15 बजे मैच शुरू होगा. इससे एक दिन में करीब 98 ओवर का खेल कराया जाएगा और आज के दिन की भरपाई की जा सकेगी.

# टिम साउदी का अद्भुत रिकॉर्ड

- दबंग बैटर्स की लिस्ट में बनाई जगह, टॉप-5 में एक भी भारतीय नहीं

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

न्यूजीलैंड के टिम साउदी ने अपने करियर के आखिरी टेस्ट को यादगार बना दिया है. स्विंग गेंदबाजी के लिए जाने जाने वाले टिम साउदी ने शनिवार को अपने बैट का स्विंग दिखाया. टिम साउदी ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में तीन छक्के जड़े. इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में क्रिस गेल की बराबरी कर ली है.अब दुनिया में सिर्फ तीन बैटर ही ऐसे हैं जिन्होंने टिम साउदी से ज्यादा छक्के लगाए हैं. हैरानी की बात यह है कि जितने छक्के टिम साउदी ने लगाए हैं, उतने तो किसी भारतीय बैटर ने भी नहीं लगाए हैं. एक ऐसे खिलाड़ी को जिसे कभी ऑलराउंडर भी नहीं माना गया, उसका दबंग बैटर्स की लिस्ट में चौथे नंबर पर रहना किसी को भी हैरान कर सकता है. जिस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा, एमएस धोनी, वीरेंद्र सहवाग ना हो और टिम साउदी हों, तो यही कह सकते हैं कि कमाल है.टिम साउदी ने न्यूजीलैंड-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले ही अपने संन्यास का ऐलान कर दिया था. उन्होंने कहा था कि सीरीज का तीसरा टेस्ट उनका आखिरी इंटरनेशनल मैच भी होगा. यह मैच शनिवार, 14 दिसंबर से हैमिल्टन में शुरू हुआ. न्यूजीलैंड ने मैच के पहले दिन खेल खत्म होने तक 9 विकेट पर 315 रन बनाए.न्यूजीलैंड की ओर से कप्तान टॉम लेथम ने सबसे अधिक 63 रन बनाए. मिचेल सैंटनर ने 50 रन की नाबाद पारी खेली. लेकिन सबसे अधिक चर्चा बटोरी टिम साउदी ने. उन्होंने महज 10 गेंद पर 23 रन ठोक डाले. साउदी ने 10 गेंद की अपनी पारी में 3 छक्के और एक चौका लगाया. टिम साउदी ने इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट में अपने छक्कों की संख्या 98 पहुंचा दी है.

# हेंडरिक्स का शतक, द. अफ्रीका ने पाकिस्तान को हराया

**सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई**

**एजेंसी। सेंचुरियन**

दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को तीन गेंद बाकी रहते सात विकेट से हराकर दो साल से अधिक समय में पहली बार टी20 सीरीज जीत ली. सलामी बल्लेबाज रीजा हेंडरिक्स ने 63 गेंद में 117 रन बनाए, जिससे मेजबान टीम ने 206 रन के लक्ष्य के जवाब में तीन विकेट पर 210 रन बना लिए. इससे पहले पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज सैम अयूब के 57 गेंद पर नाबाद 98 रन की मदद से पांच विकेट पर 206 रन बनाए थे. अयूब बदकिस्मत रहे कि अपना शतक पूरा नहीं कर सके. उन्हें पारी की आखिरी नौ गेंद खेलने का मौका ही नहीं मिला.दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज एक मैच बाकी रहते 2-0 से अपने नाम कर ली. यह अगस्त 2022 के बाद टी20 सीरीज में उसकी पहली जीत है. दोनों टीमों ने मिलकर 416 रन बनाए जो उनके आपसी टी20 इतिहास में 17 साल में पहली बार हुआ है. एक वक्त दक्षिण अफ्रीका ने दो विकेट 28 रन पर गंवा दिए थे. उन्होंने अपनी पारी में 10 छक्के और सात चौके जड़े. उन्होंने रसी वान डर डुसेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 157 रन की साझेदारी की. डुसेन 38 गेंद में 66 रन बनाकर नाबाद रहे.



### दक्षिण अफ्रीका की पारी

207 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरुआत खराब रही. रेयान रिकेलटन दो और मैथ्यू ब्रीजके 12 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद रीजा और डुसेन ने पारी संभाली. रीजा के आउट होने के बाद डुसेन ने कप्तान हेनरिक क्लासेन के साथ मिलाकर टीम को 19 .3 ओवर में जीत दिलाई. क्लासेन पांच गेंद में आठ रन बनाकर नाबाद रहे. डुसेन ने अपनी पारी में तीन चौके और पांच छक्के लगाए. पाकिस्तान की ओर से जहानदाद खान ने दो विकेट लिए. वहीं, अब्बास अफरीदी को एक विकेट मिला.

**पाकिस्तान की पारी :** पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था. इस मैच में रिजवान नए ओपनर अयूब के साथ उतरे। पहले टी20 में वह बाबर आजम के साथ ओपनिंग उतरे थे. हालांकि, पाकिस्तान टीम की शुरुआत खराब रही और रिजवान 13 गेंद में 11 रन बनाकर पवेलियन चलते बने. बाबर ने कुछ अच्छे शॉट्स लगाए, लेकिन 20 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 31 रन बनाकर आउट हो गए. उस्मान खान तीन रन और तैयब ताहिर छह रन बना सके. इरफान खान ने 16 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 30 रन बनाए. इसके अलावा अब्बास अफरीदी चार गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 11 रन बनाकर नाबाद रहे. अयूब ने 57 गेंद में 11 चौके और पांच छक्के की मदद से 98 रन की नाबाद पारी खेली. दक्षिण अफ्रीका की ओर से डी गैलियम और ओटनील बार्टमैन ने दो-दो विकेट लिए. वहीं, जॉर्ज लिंडे को एक विकेट मिला.

## रियल कबड्डी लीग | 4000 साल पहले तमिलनाडु से शुरू हुआ था कबड्डी

# अब दुबई के रेगिस्तान में बिखरेगा जलवा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कबड्डी के खेल की जड़ें बहुत गहरी हैं, जिसने अब दुबई में एंट्री मारी है.दुबई में स्थित अल अली स्पोर्ट्स क्लब में एग्जीबिशन मैच के जरिए रियल कबड्डी लीग का आगाज होने जा रहा है.यह मैच रविवार शाम 6 बजे से खेला जाएगा. इस इवेंट के लिए 2 डमी टीम तैयार की गई है, जिनके नाम इंडियन वॉरियर्स और गल्फ ग्लैडिएटर्स हैं. इस इवेंट का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को दुनियाभर में लोकप्रियता दिलाना है. इस मुहिम को दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल का समर्थन प्राप्त है.

अब तक कबड्डी का खेल भारत, ईरान और बांग्लादेश समेत कुछ ही देशों में अपनी छाप छोड़ पाया था. मगर अब अरब देशों में भी यह 2 टीमों के बीच खेले जाने वाला स्पोर्ट जलवा बिखेरने को तैयार है. ये इतिहास में पहली बार है जब दुबई में कोई कबड्डी मैच खेला जाएगा. बता दें कि अब तक भारत आरकेएल के तीन सीजनों की मेजबानी कर चुका था, लेकिन ये पहली बार दुबई में एंट्री लेने जा रहा है.

रियल कबड्डी लीग के सह-संस्थापक लविश चौधरी ने कहा, ₹आरकेएल का उद्देश्य हमेशा से युवा टैलेंट को अवसर प्रदान करने का रहा है. हम उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने का मंच देना चाहते हैं.₹ उनके अलावा आरकेएल के संस्थापक शुभम चौधरी का कहना है कि ये एग्जीबिशन मैच गल्फ देशों में कबड्डी की नींव रखने का काम कर रहा है. उन्हें विश्वास है कि अरब के लोग इस खेल को बहुत प्यार देंगे.




### भारत के तमिलनाडु में हुई थी कबड्डी की शुरुआत

सदियों पहले भारत के तमिलनाडु में जलीकट्टू नाम का खेल खेला जाता था. इसी से प्रेरणा लेकर कबड्डी का खेल इजात हुआ और बताया जाता है कि गौतम बुद्ध को भी इस खेल से लगाव था. कबड्डी का इतिहास 4000 साल पुराना बताया जाता है. बताया जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण से अर्जुन ने भी कबड्डी के गुर सीखे थे. नियमों की बात करें तो पारंपरिक कबड्डी मिट्टी में खेली जाती है, लेकिन अब इसे मैट पर खेला जाता है. एक मैच दो टीमों के बीच खेला जाता है और प्रत्येक टीम में 7 खिलाड़ी होते हैं. एक खिलाड़ी को विपक्षी टीम के प्लेयर को छू कर मैट के बीचोंबीच सफेद रेखा को पार करके अपनी टीम के पाले में वापस आना होता है.

# बेन करन ने अपने भाइयों सैम और टॉम से राहें की जुदा

- इंग्लैंड नहीं, जिम्बाब्वे के लिए खेलते दिखेंगे

**एजेंसी। हरारे**

इंग्लैंड के दो स्टार ऑलराउंडर सैम करन और टॉम करन के छोटे भाई बेन करन भी अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने जा रहे हैं. हालांकि, उन्होंने अपने भाइयों के इतर अलग रास्ता चुना है। उन्होंने इंग्लैंड के लिए नहीं, बल्कि जिम्बाब्वे के लिए खेलने का फैसला किया है. टॉम,सैम और बेन तीनों पूर्व क्रिकेटर केविन करन के बेटे हैं. केविन जिम्बाब्वे से ही खेल चुके हैं. उन्होंने 1983 और 1987 के बीच जिम्बाब्वे के लिए 11 वनडे मैच खेले थे. इसके अलावा वहव 2005 से लेकर 2007 तक जिम्बाब्वे टीम के कोच की भूमिका भी निभाई थी. बेन को घरेलू क्रिकेट में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है. 2018 और 2022 के बीच नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेलने वाले बेन को प्रभावशाली घरेलू सत्र के बाद अपना पहला कॉल-अप मिला. वह जिम्बाब्वे की 50 ओवर की घरेलू प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और इस सीजन में उनका औसत 64.50 का है.



**जिम्बाब्वे की टी20 टीम:** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ट्रेवर ग्वांदू, तखोदजवानाशे कैतानो, वेस्ले मधेवेरे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमानी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, न्यूमैन न्यामहुरी.

**जिम्बाब्वे की वनडे टीम:** क्रेग इर्विन (कप्तान), ब्रायन बेनेट, बेन करन, जॉयलॉर्ड गम्बी, ट्रेवर ग्वांदू, टिनोटेंडा मापोसा, तादिवानाशे मारुमानी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड नगरवा, न्यूमैन न्यामहुरी, विक्टर न्याउची, सिकंदर रजा, शॉन विलियम्स.

### शिलान्यास के दौरान सांसद और विधायक ने कहा था कि अस्पताल से जिले वासियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा

# 16 सालों से भूत बंगला बना है कुडू रेफरल अस्पताल

नवाज खान ।कुड़ू/लोहरदगा

जिले के कुड़ू प्रखंड मुख्यालय के समीप मुख्य चौक के बगल में चार करोड़ रूपये की लागत से बनाई जा रही रेफरल अस्पताल पिछले 16 सालों से अधूरा पड़ा हुआ है. कार्य में प्रगति नहीं होने के कारण अब यह अस्पताल भवन धीरे-धीरे जर्जर और भूतों का बंगला बन गया है. ज्ञात हो कि साल 2008 के तत्कालीन सांसद व वर्तमान विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, तत्कालीन विधायक व वर्तमान सांसद सुखदेव भगत के कर कमलों से शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न कराया गया था. इस बीच कुड़ू प्रखंड के अलावा जिलेवासियों में काफी हर्ष बना हुआ था यह सोचकर कि कुड़ू में रेफरल अस्पताल का निर्माण कार्य हो जाने से क्षेत्र वासियों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा.



जर्जर रेफरल अस्पताल.

### सांसद सुखदेव भगत ने ये कहा

कुड़ू रेफरल अस्पताल मामले को लेकर लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि अस्पताल निर्माण कार्य को पूरा कराए जाने में हर संभव सकारात्मक भूमिका निभाई जाएगी. सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि कुड़ू रेफरल अस्पताल निर्माण कार्य को पूरा कराने हेतु केंद्रीय और झारखंड प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर यथाशीघ्र सकारात्मक कार्रवाई किए जाने की बात रखी जाएगी, निश्चित रूप से अस्पताल का निर्माण कार्य को अंजाम दिलाया जाएगा.

लेकिन शिलान्यास के 16 साल बीत जाने के बाद भी अस्पताल का निर्माण कार्य हाशिए में लटका हुआ है. यहां पर बता दें कि शिलान्यास के दौरान जनता को आश्वस्त कराते हुए सांसद और विधायक ने कहा था कि लोहरदगा जिला के कुड़ू में निर्मित होने वाली इस रेफरल अस्पताल से प्रखंड के अलावा जिले वासियों को बेहतर और शत-प्रतिशत स्वास्थ्य लाभ मिलेगा, परंतु सांसद और विधायक के सकारात्मक प्रयासों को भी योजना लेने वाली कंपनी ने अनदेखा कर दिया और इतने लंबे समय गुजर जाने के बाद भी आज तक रेफरल अस्पताल का निर्माण कार्य को पूरा नहीं किया गया है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कुड़ू में बनने वाली रेफरल अस्पताल भवन को पूर्ण कराने में चार पूर्व मुख्यमंत्री और दर्जन भर डीसी बदल गए नहीं, बावजूद अस्पताल भवन पूर्ण नहीं हो पाया है.

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस मामले को लेकर संज्ञान लेते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, इसके बावजूद भी अस्पताल भवन अपूर्ण होना सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है. अब इससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि रसूखदार लोगों को कुड़ू में रेफरल अस्पताल बने या फिर नहीं बने इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है.

## न्यूज अपडेट



### 15 एकड़ अवैध अफीम की खेती को किया नष्ट

**मनातू( पलामू)**। थाना अंतर्गत ग्राम सिकड़ा और सिकनी के वन क्षेत्रों में वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15 एकड़ में फैली अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया. सिकड़ा के वन क्षेत्र में करीब 10 एकड़ और सिकनी के वन क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही थी. गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर इन दोनों क्षेत्रों में छापेमारी की। अभियान के दौरान वन विभाग और पुलिस के कर्मियों ने अफीम के पौधों को जड़ से उखाड़कर नष्ट कर दिया. इस दौरान सुरक्षात्मक उपायों का भी पालन किया गया ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो.

### बीडीओ ने प्रचार वाहन को किया रवाना

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय से इफको प्रचार वाहन को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतीमा कुमारी द्वारा विधिवत रूप से नारियल फोड़कर तथा हरी झंडी दिखाकर शनिवार को रवाना किया गया. यह प्रचार वाहन पूरे प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर किसानों को नैनो यूरिया के बारे जागरुक करेगा. प्रचार वाहन में किसानों को एलईडी टीवी के माध्यम से भी जागरूक किया जाएगा. मौके पर बीटीएम प्रियांशु मिंज और एसएफए अनित कुमार कुंदन ने बताया कि भारत सरकार से अनुमोदित नैनो यूरिया तरल नैनो तकनीक पर आधारित एक अनूठा उर्वरक है, इसे विश्व में पहली बार इफको ने विकसित किया है नैनो के प्रयोग से फसल के उत्पादन व गुणवता में वृद्धि के साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है. उन्होंने कहा कि कम लागत के साथ इसका प्रयोग करना भी आसान है. यह सभी तरह के फसलों के लिए उपयोगी, सुरक्षित व पर्यावरण के अनुकूल है सूखे में भी फसल के लिए असरदार, वातावरण प्रदूषण की समस्या से मुक्त के साथ टिकाऊ खेती के लिए उपयोगी है, मौके पर बाबर अंसारी, जलील अंसारी, संदीप उरांव, देवदीप उरांव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे.

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**लोहरदगा** । नेशनल हाईवे 75 कुड़ू - चंदवा मुख्य पथ पर कुड़ू विधुत पावर सब स्टेशन के समीप शनिवार को बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए.दोनों का कुड़ू सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रैफर किया गया है. बताया जाता है कि लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के पाली गांव निवासी तीन युवक छोटे उरांव, छोटे लाल तथा एक अन्य युवक एक बाइक में सवार होकर बालुमाथ से कुड़ू की तरफ आ रहें थे. इसी बीच कुड़ू विद्युत पावर सब स्टेशन के समीप हाइवा वाहन की चपेट में आ गए. घटना के बाद दो युवक छोटे उरांव तथा छोटे लाल गंभीर रूप से घायल हो गए.दोनों को ग्रामीणों के सहयोग से कुड़ू सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### दो दिनी अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** जिले के उर्सुलाइन शिक्षिका प्रशिक्षण महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन शनिवार को किया गया. अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 था. मानव क्षमताओं को बढाने के लिए समग्र और बहुविषयक शिक्षा को एकीकृत करने के उदेश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संतजेवियर्स कालेज के प्रिंसिपल प्रो नाबोर लकड़ा, मुख्य वक्ता डा. रवि मेढ़ाने भी अपने –अपने विचार रखें. इसके बाद इस विषय परप्रश्न उत्तर कार्यक्रम चला. इस सेमिनार में अतिथियों के अलावा प्राचार्या डा.शिला,सिस्टर वंदना, सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, तथा छात्राएं उपस्थित थीं. मंच संचालन डा. पूनम मिश्रा, डा. सि. निर्मला सामुएल और सिस्टर विनसेन्सिया ने किया. अन्यबी एड महाविद्यालयों से व्याख्याताओं ने भी इस विषय पर अपनी अपनी प्रस्तुति दी. समापन सत्र में दो दिनों के विचारों का निचोड़ डा. सिस्टर प्रभा तथा डा. सिस्टर क्लारा ने दिया. प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए और अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई.

## मानव सेवा ही मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसायटी का मुख्य उद्देश्य : मोहेमिन



- सोसाइटी ने की गरीब मरीज के इलाज में आर्थिक मदद

संवाददाता । लोहरदगा

जिले में संचालित मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसायटी ने आए दिन आम आवाम और सभी वर्गों के हक हुकूक में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाने का सराहनीय कार्य करते आई है. यहां पर बता दें कि शहरी क्षेत्र के रहने वाले इम्तियाज खान के बेटी नगमा निगार का इलाज रांची के क्लीनिका केयर अस्पताल में चल रहा है. इस बीच परिजनों ने मरीज का इलाज में काफी पैसे की खर्चा लगने की बात मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसायटी के जिलाध्यक्ष मोहेमिन उर्फ बब्बन से संपर्क स्थापित कर बताया. इधर परिजनों द्वारा मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसायटी के जिलाध्यक्ष से मदद की गुहार लगाते हुए बताया कि पैसे की कमी के वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. तत्पश्चात मुस्लिम यूथ वेल्फेयर सोसाइटी के जिलाध्यक्ष मोहेमिन उर्फ बब्बन के सकारात्मक प्रयासों से सोसायटी के तमाम सदस्यों ने मिलजुल कर पैसा इंतजाम कर मरीज के परिजनों को चौबीस हजार 24 हजार रूपये देकर इलाज हेतु आर्थिक मदद किया.मौके पर जिलाध्यक्ष मोहेमिन उर्फ बब्बन ने कहा कि मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसायटी का गठन मानव सेवा और सर्वधर्म की समस्यायों को दूर करने हेतु ही किया गया है. उन्होंने कहा कि सोसायटी भविष्य में जरूरतमंदों की निस्वार्थ भाव के साथ सेवा प्रदान करते रहेगी. मौके पर संस्थापक सैय्यद वसीम, अध्यक्ष मोहेमिन उर्फ बब्बन, सचिव सज्जाद खलीफा, नायाब सदर अरफात अंसारी, नायाब सेक्रेटरी हैदर अली, मिडिया प्रभारी तुफैल अंसारी, कोषाध्यक्ष नसीम अंसारी, वैश अख्तर आदि मौजूद थे.

### पोषण समिति की बैठक डीडीसी की अध्यक्षता में संपन्न, कहा

# एनीमिया रोग के प्रसार में कमी लाना सरकार का मुख्य उद्देश्य

संवाददाता । लोहरदगा

पोषण अभियान अंतर्गत सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत किशोरी बालिकाओं एवं 0 से 5 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान करने वाली माता के पोषण संबंधी परिणाम में सुधार एवं अपेक्षित परिणाम हेतु शनिवार को विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के लिए जिला पोषण समिति की बैठक उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में की गई. बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा जानकारी दी गई कि पोषण अभियान का मुख्य उद्देश्य 0 से 6 वर्ष के बच्चों के अल्प पोषण से बचाव एवं इसमें प्रतिवर्ष दो प्रतिशत की दर से कमी लाना, 6 माह से 59 माह के बच्चों में एनीमिया के प्रसार में प्रतिवर्ष तीन प्रतिशत की दर से कमी लाना उद्देश्य है.

इधर बैठक में जिला पोषण समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि जिले में कुपोषण एवं एनीमिया पर नियंत्रण के लिए यह अति आवश्यक है कि विभिन्न संबंधित विभाग जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायती राज कृषि, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग हर स्तर पर आपसी समन्वय से काम करें. उप विकास आयुक्त ने सही पोषण के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध फलों, साग-सब्जियों, जंगली वन उत्पाद की सूची बनाने एवं उसके न्यूट्रीशन वैल्यू का प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया.

संबंधित विभागीय पदाधिकारी कर्मियों को पोषण अभियान मार्गदर्शिका के अनुसार निर्धारित समय पर लक्ष्य प्राप्ति हेतु एक्शन प्लान तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. यहां पर बैठक में स्टेट लीड संस्था के संदीप श्रीवास्तव द्वारा पीपीटी के माध्यम से समन्वय संबंधी विषयों की संक्षिप्त जानकारी दी गई. इस बीच राजेश कुमार शर्मा एविडेंस एक्शन के द्वारा एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के अध्ययन स्थिति की जानकारी दी गई.बैठक में सिविल सर्जन डॉ शंभू नाथ चौधरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता, डीपीएम जेएसएलपीएस, पिरामल फाउंडेशन के सभी सदस्य एवं सभी महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थे..



पोषण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीडीसी.

### ओडीएफ प्लस की श्रेणी में गांवों को शामिल करें : डीडीसी

**लोहरदगा।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई. बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और निर्देश दिए गए. गांवों को ओडीएफ प्लस की श्रेणी में लाने के लिए किए जा रहे कार्य में तेजी लाने, ग्राम स्तर पर प्लास्टिक कचरा के उठाव के लिए कर्मी का भुगतान 15वें वित्त आयोग की राशि से किये जाने, आईएचएचएल निर्माण हेतु ग्रामवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए पूर्ण करना सुनिश्चित करने, पंचायत स्तरीय सेग्रिगेशन शेड निर्माण हेतु स्थल चयन कर एक सप्ताह में उपलब्ध कराने, ग्राम स्तर पर व्यक्तिगत निर्मित सोक पिट निर्माण मनरेगा से कराने व 15 वें वित्त आयोग से एसएलडब्ल्यूएम स्ट्रक्चर से निर्माण करते हुए ग्राम को ओडीएफ प्लस कराने का निदेश दिया गया. बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलीन टोप्पो, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, एपीआरओ आशीष कुमार, स्वच्छ भारत मिशन की ओर से परवेज आलम समेत अन्य उपस्थित थे

### हथियार के साथ तीन गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस को लुटेरों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है. दो लोडेड देशी कट्टा और लूटे हुए सामान के साथ तीन लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. गिरफ्तार आरोपितों में शैलेश कुमार साहू, राजेन्द्र महली और इमरोज अंसारी शामिल है. लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह करवाई की गई. पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के बाद छापेमारी टीम का गठन किया गया और तीनों लुटेरों को सदर थाना क्षेत्र के जुरीया रोड स्थित एक भाड़े के मकान से दो लोडेड देसी कट्टा और लूटे हुए चोरी के दो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन, एक लैपटॉप के साथ गिरफ्तार किया गया है.लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपी डकैती की योजना बना रहे थे और सभी का अपराधिक इतिहास रहा है. पूर्व में सभी जेल जा चुके है.

### प्रोफेसर-11 ने रोमांचक मुकाबले में वीसी-11 को हराया

# स्वस्थ जीवन शैली में है फिटनेस का राज : कुलपति

**फिट इंडिया वीक-2024**

संवाददाता ।हजारीबाग

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के फिट इंडिया वीक-2024 के तहत शनिवार को विश्वविद्यालय के स्टेडियम के मैदान में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया. प्रो-11 ने शानदार खेल दिखाते हुए एक रोमांचक मुकाबले में वीसी-11 को 3 रनों से पराजित किया. प्रो-11 टीम की कप्तानी डॉ. विनोद रंजन ने की,जबकि वीसी-11 का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ.) पवन कुमार पोद्दार ने किया.मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया. प्रो-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 98 रन बनाए.

इसके जवाब में वीसी-11 की टीम 95 रन ही बना सकी. डॉ उमेंद्र की धुआंधार बल्लेबाजी, डॉ नवीन चंद्र की चुस्त-दुरुस्त गेंदबाजी और डॉ विनोद रंजन का जानदार विकेट-कीपिंग ने सब का दिल जीत लिया.मैच को और भी रोचक और यादगार बनाया अर्थशास्त्र के शोधार्थी पुष्कर कुमार पुष्प की शानदार कमेंट्री ने,विद्यार्थी रिशु कुमार ने अंपायरिंग का दायित्व संभाला.मौके पर राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मइत्रा, डॉ.के.के. गुप्ता (सीसीडीसी), सुरेंद्र कुमार कुशवाहा (एफ.ओ.), डॉ.एच.एन. सिन्हा (डीन,विज्ञान संकाय), डॉ.सुबोध सिंह शिवगीत, डॉ. केदार सिंह,डॉ गंगानाथ झा, डॉ.राजू राम उपस्थित थे.



लगभग 300 से अधिक छात्रों ने मैच का आनंद लिया.छात्र-छात्राएं अभिषेक,आरती,अदिति, पल्लवी, रंजन, अविनाश, ज्योति,रंजना ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कुलपति प्रो(डॉ.) पवन कुमार पोद्दार ने खिलाड़ियों की खेल भावना और ऊर्जा की सराहना की.उन्होंने फिट इंडिया मूवमेंट के तहत स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया.दर्शकों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस आयोजन का आनंद लिया.

### वाहन चालक यथाशीघ्र टैक्स जमा करें: सुधीर

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार पूरे झारखंड प्रदेश में राजस्व संग्रह हेतु जिला परिवहन विभाग लगातार कार्रवाई में जुटी हुई है. इसी निमित लोहरदगा जिला परिवहन पदाधिकारी सुधीर प्रकाश के द्वारा शनिवार को ऑटो स्टैंड एवं कचहरी चौक पर वैसे ऑटो चालकों को रोका गया, जिनका टैक्स की बकाया राशि बहुत ज्यादा हो गई है और वह टैक्स नहीं जमा कर रहे हैं. परिवहन विभाग द्वारा सभी जिलों के परिवहन पदाधिकारी को सख्त निर्देश प्राप्त है कि जल्द से जल्द सभी टैक्स डिफॉल्टर से टैक्स की राशि की वसूली की जाए. इसे लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सभी ऑटो चालकों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वह अपना टैक्स एक सप्ताह के अंदर जमा कर दें नहीं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि यह चेकिंग अभियान अभी निरंतर जारी रहेगी और सभी व्यावसायिक वाहन को भी यह निर्देश दिया कि वह अपना टैक्स जल्द से जल्द जमा कर दें.

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 41 हजार 769 मामले का निस्तारण

- 47 करोड़ 14 लाख 18 हजार 653 रुपए का मामला सेटल

संवाददाता ।मेदिनीनगर

झालसा के दिशा निर्देश पर शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया.लोक अदालत में 41 हजार 769 मामले का निस्तारण किया गया. वहीं47 करोड़ 14 लाख 18 हजार 653 रुपए का मामला सेटल हुआ .राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 15 पीठो का गठन किया गया था. इसमे 13 पीठ सिविल कोर्ट पलामू में बना था जबकि एक पीठ संख्या 14 हुसैनाबाद अनुमंडलीय कोर्ट के मामले का निस्तारण किया गया मामले का निस्तारण एसडीएम पीयूष सिन्हा व अधिवक्ता रामचंद्र सिंह कर रहे थे .वही पीठ संख्या 15 में छतरपुर अनुमंडलीय न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार कर रहे थे. राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रि लिटीटिगेशन के 38,242 मामले का निस्तारण किया गया. वहीं कोर्ट में लंबित 3,578 मामले का निस्तारण किया गया . इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास,,डीजे प्रथम विनोद कुमार सिंह,डीजे द्वितीय अखिलेश कुमार, शंकर महाराज स्वेता ढींगरा, आयशा खान,आनंद सिंह, संदीप निशित बारा, संजय सिंह यादव,अर्पित श्रीवास्तव, रीतू कुजूर, रोजलिना बारा, परमानंद उपाध्याय, कमल प्रकाश,अमित आकाश, प्रागेश निगम,समीरा खान,एल ए ड़ी सी के चीफ अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पाण्डेय, वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज समेत बैंक, उत्पाद, वन विभाग, बीएसएनएल,के अधिकारी कर्मी समेत सैकड़ो वादकारी उपस्थित थे.

**लोक अदालत** व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

# एक हजार 446 केस का किया गया निष्पादन

- एक हजार 446 केसों का किया गया निष्पादन
- एक करोड़ 55 लाख 94 हजार 249 रुपसे की हुई वसूली

संवाददाता ।लोहरदगा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार वर्ष का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया.

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, उपायुक्त डा वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी एवं बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. वहीं बताया गया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छह बेंचो का गठन किया गया था. जिसमें बेंच संख्या 1 बिजली से संबंधित वादों के लिए डीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में गठित किया गया. साथ ही बेंच संख्या 2 मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए डीजे टू नीरजा आसरी, बेंच संख्या 3 क्रिमिनल कंपाउंडेडल केसेज, माइंस एंड मिनरल्स, एक्साइज केसेज, एनआई एक्ट, मिनिमम वेजेस एक्ट जैसे वादों के निपटारे के लिए सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी, बेंच संख्या 4 एमवी एक्ट, म्युनिसिपल लॉ, रेवेन्यू केसेज आदि मामलों के लिए सीजेएम सह एसीजेएम सिविल जज सीनियर डिविजन द्वितीय कृष्ण कांत मिश्रा, बेंच संख्या 5 बैंक संबंधी मामलों के लिए एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता और बेंच संख्या 6 कंज्यूमर फोरम से संबंधित मामलों के लिए कंज्यूमर फोरम सदस्य नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में गठन किया गया था. इस अवसर पर पीडीजे ने कहा कि लोक अदालत में छोटे- छोटे मामलों का निष्पादन किया जाता है. वहीं एक दिन में ही मामला समाप्त हो जाता है. राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सचिव श्री राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे. वहीं उन्होंने आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1446 केसों का निष्पादन किया गया, जबकि 1,55,94,249 रूपए की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई. निस्तारित किए गए वादों में कुल 256 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे. मौके पर एसडीओ अमित कुमार, अधिवक्ता संघ के सचिव लाल दीपक कुमार, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, मध्यस्थता केंद्र के अधिवक्ता, विभिन्न बैंकों व विभागों के पदाधिकारी, पीएलवी सहित वादों के निष्पादन के लिए पहुंचे लोग उपस्थित थे.



# अशोक लीलैंड कंपनी का सेल एंड सर्विस सेंटर का हुआ उद्घाटन

संवाददाता ।बालूमाथ

बालूमाथ-रांची मुख्य पथ स्थित रेलवे ओवरब्रिज के पास अशोक लीलैंड कंपनी के सेल एंड सर्विस सेंटर का उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने फीता काटकर किया. मौके पर बोलते हुए गिरीनाथ सिंह ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में मगध एवं तेतरियाखांड दो कोयला खदान स्थित है. इसलिए यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं. सर्विस सेंटर खुलने से यहां के वाहन चालकों को सहूलियत होगी. वहीं उन्होंने कहा कि बालूमाथ का जिस तेजी से विकास हो रहा है. ऐसी स्थिति में बालूमाथ को अनुमंडल होना चाहिए, लेकिन यह राजनीति की भेंट चढ़ गया है. वही मौके पर कंपनी के मैनेजर अभिषेक सिंह ने कहा कि अशोक लीलैंड कंपनी निरंतर नए आयाम को छू रही है. हम लोग का पूरे झारखंड में कई जगहों पर सेल्स एंड सर्विस का सेंटर खुल गया है. जिससे अब अशोक लीलैंड कंपनी का गाड़ी इस्तेमाल करने वाले लोगों को सहूलियत होगी. वही मौके पर आए अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता देकर एवं शौल ओढ़ा कर किया गया. कंपनी के सेल्स मैनेजर रवि रंजन सिंह, शिशिर सिंह, वर्कशॉप मैनेजर रमेश कुमार,वर्कशॉप असिस्टेंट मैनेजर रमेश कुमार राय समेत मनोज यादव, दीपक यादव, चंद्रदीप साहू, प्रकाश सिन्हा, मो.जुनैद, बबलू चौरसिया, पंकज केशरी, अरुण केशरी, हनी खान, गोविंद यादव, दिलीप पासवान समेत कई लोग मौजूद थे.



## न्यूज अपडेट

### सीरिया के भविष्य पर जॉर्डन में चर्चा शुरू, कई अरब देशों के नेता मौजूद

**जॉर्डन ।** सीरिया के भविष्य पर जॉर्डन के प्रमुख शहर अकाबा में बैठक हुई. बैठक में सीरिया में संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन के अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ, तुर्किये और अरब देशों के विदेशमंत्री मौजूद हैं. सभी का मानना है कि सीरिया में राजनीतिक प्रक्रिया संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संकल्प 2254 के दायरे में शुरू होनी चाहिए. अरबी न्यूज बेवसाइट +963 ने जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के हवाले से जानकारी दी है कि बैठक में जॉर्डन, सऊदी अरब, इराक और लेबनान के विदेशमंत्री भी हिस्सा ले रहे हैं. यूरोपीय संघ ने कहा कि विदेश नीति के लिए ब्लॉक के उच्च प्रतिनिधि, काया कैलास भी चर्चा में भाग लेंगे.

### डिफेंस काउंटर इंटेलिजेंस कमांड के पूर्व प्रमुख येओ इन-ह्युंग गिरफ्तार

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया के डिफेंस काउंटर इंटेलिजेंस कमांड के पूर्व प्रमुख येओ इन-ह्युंग को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया. उन पर तीन दिसंबर को राष्ट्रपति यून सुक येओल की मार्शल लॉ की घोषणा में शामिल होने का आरोप है. इससे पहले इस प्रकरण में देश के पूर्व रक्षामंत्री किम योंग-ह्यून को गिरफ्तार किया जा चुका है. द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार येओ पर नेशनल असेंबली और राष्ट्रीय चुनाव आयोग में सैन्य और पुलिस बलों को तैनात करने के लिए अभियान चलाने का आरोप है. साक्ष्य से पता चलता है कि उन्होंने नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वू वोन-शिक और प्रमुख राजनीतिक नेताओं की तत्काल गिरफ्तारी का आदेश दिया, क्योंकि विधायिका मार्शल लॉ हटाने के लिए मतदान करने के लिए तैयार थी.

### इजराइल गाजा पट्टी में चिकित्सा टीमों को बना रहा निशाना

**गाजा पट्टी ।** यूरो-मेड ह्यूमन राइट्स मॉनिटर ने कहा कि इजराइल गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार के साथ चिकित्सा टीमों को निशाना बना रहा है. इजराइल लगातार बमबारी कर रहा है. यूरो-मेड ह्यूमन राइट्स मॉनिटर ने शनिवार दोपहर एक्स हैंडल पोस्ट में फोटो और विवरण साझा किया है. यूरो-मेड मॉनिटर ने संयुक्त राष्ट्र और सभी देशों से दखल देने की मांग की है. यूरो-मेड के अनुसार, इजराइली सेना ने गुरुवार को डॉ. सईद जोदा को निशाना बनाया. वह मरीजों का इलाज करने कमाल अदवान अस्पताल से अल-अवदा अस्पताल जा रहे थे. उन पर गोली चलाई गई. यह जानते हुए कि वह उत्तरी गाजा पट्टी में एकमात्र आर्थोपेडिक चिकित्सक थे.

### जेद्दा जा रहे इंडिगो के विमान की कराची में इमरजेंसी लैंडिंग

**कराची ।** भारत की राजधानी नई दिल्ली से जेद्दा जा रहे इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान को मेडिकल इमरजेंसी के कारण पाकिस्तान के कराची स्थित जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा. यह विमान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में था तब एक 55 वर्षीय पुरुष यात्री गंभीर रूप से बीमार पड़ गया था. जियो न्यूज चैनल ने विमानन सूत्रों के हवाले से इसका विवरण शनिवार सुबह प्रसारित किया. विवरण के अनुसार जब विमान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में था तब एक 55 वर्षीय मुस्लिम यात्री गंभीर रूप से बीमार पड़ गया. फ्लाइट क्रू ने यात्री को ऑक्सीजन मुहैया कराई, लेकिन उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई.

### इंडिगो इस्तांबुल में फंसे यात्रियों को वापस लाने के लिए भेजेगी दो विमान

**नयी दिल्ली ।** इंडिगो एयरलाइन तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में फंसे यात्रियों को वापस लाने के लिए दो विमान भेज रही है. शुक्रवार को तकनीकी समस्या के कारण इस्तांबुल से दिल्ली आने वाली उड़ान रद्द कर दी गई थी, जिससे इंडिगो के सैकड़ों यात्री इस्तांबुल हवाई अड्डे पर 24 घंटे से ज्यादा समय तक फंसे रहे. एयरलाइन ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा, यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक विमानों की व्यवस्था की गई है. बयान में कहा कि हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है. इस मामले में उनकी समझदारी की सराहना करते हैं. इंडिगो ने इस्तांबुल से दिल्ली के लिए उड़ान संख्या 6ई 12 को तकनीकी वजह से रद्द कर दिया था.

### नवी मुंबई में 12 करोड़ रुपये की ड्रग जब्त, 16 अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई ।** नवी मुंबई पुलिस ने बीती रात अफ्रीकी नागरिकों के विरुद्ध विशेष कार्रवाई करते हुए 12 करोड़ रुपये की ड्रग जब्त की है. पुलिस ने इस दौरान 16 अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार भी किया है. इनमें तीन अफ्रीकी नागरिक फर्जी पासपोर्ट और बिना बीजा के नवी मुंबई में रह रहे थे. सहायक पुलिस आयुक्त भाऊसाहेब ढोले ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर नवी मुंबई आयुक्तालय की सीमा के भीतर 25 स्थानों पर छापे मारे गए. इस मुहिम में 16 अफ्रीकी नागरिकों के पास से लगभग 12 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं. इस कार्रवाई में नवी मुंबई अपराध शाखा के एएनसी और ईओबी के कुल 150 अधिकारियों और पुलिस वालों ने भाग लिया.

## पंजाब के किसानों का दिल्ली कूच तीसरी बार असफल

# तंबू में लौटे किसान ने निगली सल्फास हालत गंभीर, आज बनेगी रणनीति



**चंडीगढ़ ।** हरियाणा-पंजाब सीमा पर स्थित शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने शनिवार को तीसरी बार दिल्ली कूच का प्रयास किया गया, जिसे हरियाणा पुलिस ने विफल कर दिया. पुलिस के बल प्रयोग, वॉटर कैनन के इस्तेमाल तथा आंसू गैस के गोले चलाए जाने के चलते किसान घग्गर नदी पुल से आगे नहीं बढ़ सके. इस बीच एक किसान ने सल्फास निगल कर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिसे गंभीर हालत में पटियाला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को 101 किसानों का जत्था दिल्ली कूच के लिए रवाना हुआ. किसान जैसे ही घग्गर नदी के पुल पर चढ़े तो हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया. यहां कई घंटे तक किसानों तथा पुलिस के बीच खींचतान चलती रही. पुलिस ने कई बार वॉटर कैनन का इस्तेमाल करके किसानों को पीछे खदेड़ा. पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोली भी दागे. करीब तीन घंटे की जद्दोजहद के बाद किसान वापस पंजाब की सीमा में अपने तंबुओं की ओर वापस लौट गए. किसानों ने दावा किया है कि हरियाणा पुलिस ने उन पर एक्सपायर डेट आंसू गैस के गोले छोड़े हैं. पुलिस की लाठीचार्ज में आज दस किसान घायल हुए हैं. किसानों का आरोप है कि पुलिस ने रॉकेट लांचर से भी बम-गोलियां चलाई हैं.

## लोकसभा में राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर बोला तीखा हमला

# ये लड़ाई मनुस्मृति व संविधान के बीच, 50% आरक्षण की दीवार तोड़ेंगे

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर शनिवार को लोकसभा में जोरदार बहस चला. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बहस में हिस्सा लिया. राहुल गांधी ने लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान बोलते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और केंद्र पर संविधान पर हमले का आरोप लगाया. राहुल गांधी ने कहा कि 'जब हम संविधान को देखते हैं तो हम देख सकते हैं कि संविधान में महात्मा गांधी, डॉ. आंबेडकर, पंडित नेहरू के विचार दिखते हैं, लेकिन ये विचार कहां से आए? ये विचार भगवान शिव, गुरु नानक, भगवान बासवन्ना, कबीर आदि से आए. हमारा संविधान बिना हमारी प्राचीन विरासत के बिना नहीं बन सकता था.

राहुल गांधी ने कहा कि 'सावरकर ने अपने लेखों में साफ लिखा है कि हमारे संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं हैं. लड़ाई मनु स्मृति और संविधान के बीच की है. अब सवाल ये है कि आप सावरकर की बात को मानते हैं या फिर संविधान को. क्योंकि जब आप संविधान की तारीफ करते हैं तो आप एक तरह से सावरकर का विरोध करते हैं. जैसे पहले हिंदुस्तान चलाया जाता था, वैसे ही आप आज भी चलाना चाहते हैं. राहुल गांधी ने एकलव्य का उदाहरण देते हुए कहा कि गुरु द्रोणाचार्य ने एकलव्य को सिखाने से मना कर दिया था और कहा था कि आप स्वर्ण जाति से नहीं है तो मैं आपको नहीं सिखा सकता. इसके बाद भी एकलव्य ने गुरु द्रोणाचार्य की मूर्ति बनाकर धनुष चलाना सीखा. जब एकलव्य ने धनुष चलाना सीख लिया तो द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा मांग लिया.'

राहुल गांधी ने कहा 'जब आप अदाणी को धारावी का बिजनेस देते हैं तो आप धारावी के छोटे व्यापारियों का अंगूठा काटते हैं. जब आप बंदरगाह, एयरपोर्ट अदाणी को देते हैं तो जो लोग ईमानदारी से व्यापार करते हैं आप उनका अंगूठा काटते हैं. लेटेरल एंट्री देकर देश के युवाओं का अंगूठा काटते हैं. देश के युवा प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी करते हैं. तो पेपर लीक कराकर आप उनका अंगूठा काटते हैं. देश के हजारों युवा सेना में जाने के लिए मेहनत करते थे, तो आपने अग्निवीर लाकर उनका अंगूठा काटा. किसान आपसे एमएसपी मांगते हैं, मगर आप अदाणी-अंबानी को फायदा पहुंचाते हो, तो आप किसानों का अंगूठा काटने का काम करते हैं. संविधान में कहीं नहीं लिखा कि एकाधिकार होना चाहिए, अग्निवीर होना चाहिए. संविधान में ये नहीं लिखा कि देश के युवाओं का अंगूठा काटना चाहिए.'

राहुल ने हाथरस दुष्कर्म का जिक्र कर पूछा कि 'ये संविधान में कहां लिखा है कि जो दुष्कर्म करता है, वो बाहर घूमें और जिसका दुष्कर्म हुआ है, उसके परिवार को बंद कर दिया जाए. ये आपकी किताब मनुस्मृति में लिखा है, संविधान में नहीं. हाथरस में संविधान नहीं मनुस्मृति लागू हो रही है. मैं पीड़ित परिवार से मिलने गया था, परिवार ने मुझे बताया कि यूपी सरकार ने उन्हें कहीं ओर रहने की जमीन देने का वादा किया था, लेकिन चार साल हो गए और आज तक उनका पुनर्वास नहीं हुआ है. वो आज बाहर निकलते हैं और जिन्होंने दुष्कर्म किया, वो उन्हें धमकाते हैं. अगर आप नहीं करेंगे तो, इंडी गठबंधन वाले लोग मिलकर उस परिवार का पुनर्वास करेंगे. हम देश के हर व्यक्ति से कहना चाहते हैं कि आपकी रक्षा संविधान करता है, लेकिन भाजपा के लोग संविधान पर हमला करते रहते हैं.'

उन्होंने आरोप लगाया कि 'आप एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाते हैं. ये संविधान में कहां लिखा है? मुझे दिखाइए. हमारी विचारधारा, इंडी गठबंधन की विचारधारा, वो देश में संविधान की रक्षा करते हैं. आज ये बात सबके सामने है कि राजनीतिक समानता खत्म हो गई है. सामाजिक समानता, आर्थिक समानता नहीं रही. इसलिए हमारा अगला कदम जातीय जनगणना होगा. हम देश को दिखाना चाहते हैं कि आपने किन लोगों का कहां-कहां अंगूठा काटा है. उसके बाद हिंदुस्तान में एक नए तरीके का विकास होगा और नई तरीके की राजनीति होगी.' राहुल गांधी ने ये भी कहा कि '50 फीसदी आरक्षण की दीवार भी हम तोड़ेंगे.'

## संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू बोले-

# हमारे शब्दों व कार्यों से वैश्विक मंच पर भारत की छवि खराब नहीं होनी चाहिए

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को लोकसभा में कहा कि हमारे शब्दों और कार्यों से वैश्विक मंचों पर भारत की छवि खराब नहीं होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि भारत ने सभी को समान मताधिकार दिया है लेकिन कुछ लोग (विपक्ष) दावा करते हैं कि देश में अल्पसंख्यकों को कोई अधिकार नहीं है. संविधान अंगीकार करने के 75 वर्षो की गौरवशाली यात्रा पर शनिवार को दूसरे दिन चर्चा की शुरुआत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि भारत अल्पसंख्यकों को न केवल कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है बल्कि उनके हितों की रक्षा के लिए सकारात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान करता है. उन्होंने सेंटर फॉर पॉलिसी एनालिसिस के सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि 48 प्रतिशत लोग, जिनमें से अधिकांश इस्लाम धर्म का पालन करते हैं, यूरोपीय संघ में भेदभाव का सामना कर रहे हैं. फ्रांस में सिर पर स्कार्फ़ बांधने वालों और मुस्लिम समुदाय से आने वालों के साथ भेदभाव की कई रिपोर्टें हैं.

### छह स्कूलों को बम की धमकी वाला ईमेल मिला

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 30 से अधिक स्कूलों को बम की धमकी मिलने के एक दिन बाद शनिवार को फिर दिल्ली के कई स्कूलों को उसी तरह की धमकी भरे ईमेल मिले. दिल्ली पुलिस ने बताया इस सप्ताह में यह तीसरी कॉल है. शनिवार को फिर से डीपीएस आरके पुरम, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, वसंत कुंज सहित छह स्कूलों को बम की धमकी वाला ईमेल मिला. पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह स्कूलों को एक समूह मेल मिला. जिसमें बैरी अल्लाह के नाम से एक समूह मेल मिला. बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद स्कूलों ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी. पुलिस साइबर सेल की तरफ से जांच-पड़ताल की जा रही है.

### दिल्ली और उप्र पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात सोनू मटका ढेर

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस और उप्र एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई ने बदमाश सोनू मटका को मुठभेड़ में मार गिराया. मटका ने फर्श बाजार में चाचा भतीजे की हत्या की थी. उसके बाद से ही पुलिस की टीमें सोनू मटका की तलाश में जुटी हुई थीं. पुलिस सूत्रों के मुताबिक ये मुठभेड़ बागपत-मेरठ मार्ग पर हुई है. शनिवार तड़के दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम को सोनू मटका के मेरठ के टीपी नगर थाना क्षेत्र इलाके में होने की सूचना मिली थी. सूचना को पुख्ता कर टीम ने घेराबंदी की. आरोपित को सरेंडर करने के लिए कहा लेकिन उसने पुलिस पर गोली चला दी. जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से सोनू मटका घायल हो गया. उसे अस्पताल ले जाया गया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. सोनू मटका कुख्यात हासिम बाबा गैंग का शूटर था. उसके खिलाफ उप्र और दिल्ली में लूट और हत्या के छह केस दर्ज हैं. उल्लेखनीय है कि दिवाली की रात फर्श बाजार थाना क्षेत्र के बिहारी कॉलोनी इलाके में दिवाली मना रहे 40 साल के एक शख्स और उसके 16 साल के भतीजे को बदमाशों ने गोली मार दी थी. इस हमले में आकाश शर्मा और उनके भतीजे ऋषभ शर्मा की मौत हो गई.

### लोस में सरकार लाएगी 'एक देश एक चुनाव' पर दो विधेयक

**नयी दिल्ली ।** लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने से जुड़े दो विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किए जाएंगे. संसद की कार्य सूची के अनुसार केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विधेयक पेश करेंगे. पहला संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए और दूसरा विधेयक दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुदुचेरी में विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए होगा. इस बीच, अर्जुन राम मेघवाल संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक 2024 भी पेश करेंगे ताकि संघ राज्य क्षेत्र अधिनियम 1963, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 में और संशोधन करने के लिए विधेयक पेश किया जा सके.

## जम्मू-कश्मीर में पहली बर्फबारी



### कड़ाके की ठंड शुरू; मौसम विभाग का अलर्ट जारी

**एजेंसी । जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों के कई इलाकों में गुरुवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई. इससे लंबे समय से शुष्क मौसम का दौर खत्म गया. हिमपात के चलते घाटी में अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में सुधार हुआ. ऊंचाई वाले इलाकों में बुधवार से शुरू हुई बर्फबारी शनिवार दोपहर बाद भी कई स्थानों पर जारी रही. शोपियां, पुलवामा और बारामुला के मैदानी इलाकों के साथ-साथ अनंतनाग, बड़गाम और बांडीपोरा के ऊपरी इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई. जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में तड़के दो मिनट के लिए बर्फबारी की हल्की झलक दिखाई दी. गुलमर्ग समेत घाटी के ऊपरी इलाकों में छह से 10 इंच तक बर्फ जमा हो गई है.

# मुस्लिम बहुल इलाके में बंद मिला 46 साल पुराना मंदिर

## बिजली चोरी की चेकिंग के दौरान खुलासा

**एजेंसी । संभल**



उत्तर प्रदेश में संभल हिंसा के बाद बीते दिनों उपद्रवियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया गया. इस दौरान बिजली चोरी का हाल देखकर एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई भड़क उठे थे. दरअसल, बिजली विभाग के अधिकारियों ने एसपी को बताया कि जब हम चेकिंग करने जाते हैं तो दबंग किस्म के लोग धमकाते हैं. देख लेने की धमकी देते हैं. ये बात सामने आने के बाद से पुलिस और प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण और बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की. सन 1978 का बताया जा रहा है मंदिर मस्जिदों और घरों में छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर बिजली चोरी के खुलासे हुए. लेकिन इसी दौरान शनिवार सुबह पुलिस तब हैरान रह गई जब दीपा राय इलाके में चेकिंग के समय अचानक एक मंदिर मिल गया जो कि सन 1978 का बताया जा रहा है. मंदिर में हैं हनुमान जी, शिवलिंग और नंदी तब डीएम एसपी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर थे. 46 सालों से बंद पड़ा ये मंदिर सपा सांसद जियाउररहमान बर्क के घर से 200 मीटर की दूरी पर मिला है. मंदिर के अंदर हनुमान जी की प्रतिमा, शिवलिंग और नंदी स्थापित हैं.

### गुजरात में स्वाइन फ्लू का कहर, दो माह में 22 लोगों की मौत


**अहमदाबाद ।** गुजरात में सर्दी बढ़ने के साथ ही स्वाइन फ्लू के केस में वृद्धि आई है. पिछले दो महीने से राज्य में स्वाइन फ्लू का कहर जारी है. इसमें मौत का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है. राज्य में पिछले दो माह में 22 लोगों की मौत स्वाइन फ्लू से होने की जानकारी मिली है. वहीं मौत का यह आंकड़ा स्वाइन फ्लू के मामले में देश में दूसरे नंबर पर है. राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गुजरात में स्वाइन फ्लू के पिछले दो महीने में 386 मामले दर्ज किए गए हैं. इनमें 22 लोगों की मौत हो चुकी हैं. इस साल अक्टूबर तक स्वाइन फ्लू के 1682 मामले दर्ज किए गए थे, वहीं इनमें 55 लोगों की मौत हुई थीं. राजकोट से मिले आंकड़ों के अनुसार सर्दी बढ़ने के साथ ही यहां मौसमी बीमारियों का जोर बढ़ा है. शहर में पिछले 8 दिनों में सर्दी, खांसी, श्वास लेने में तकलीफ संबंधी 2500 केस दर्ज हुए हैं.

## सवाल-जवाब

## ओवैसी ने सदन में बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए उठाई आवाज

# विदेश मंत्री बोले-बांग्लादेश सरकार के सामने उठाया है मुद्दा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**





बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से ही अल्पसंख्यकों को निशाना बना जा रहा है. हिंदुओं और मंदिरों पर लगातर हमले हो रहा है. बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर जारी हमलों का मुद्दा अब लोकसभा में भी गूंज रहा है. संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान हैदराबाद से लोकसभा सांसद ओवैसी ने सरकार से बांग्लादेशी हिंदुओं के मुद्दे पर सवाल पूछा. इस दौरान उन्होंने पूछा कि सरकार वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर क्या कर रही है. उनके सवाल का जवाब देते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हम नजर बनाए हुए हैं.

**सरकार नजर बनाए हुए है :** लोकसभा सांसद ओवैसी के सवाल का जवाब देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, 'बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा पर हमारी सरकार लगातार नजर बनाए हुए है. इस मुद्दे को हमने बांग्लादेश की सरकार के सामने भी उठाया है. अभी हाल में ही हमारे विदेश सचिव भी बांग्लादेश के दौरे पर गए थे. इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश सरकार के सामने इन मुद्दों को उठाया था.

**सीडीपीएचआर ने पेश की रिपोर्ट :** मानवाधिकार संगठन 'सेंटर फॉर डेमोक्रेसी, प्लुरलिज्म एंड ह्यूमन राइट्स' (सीडीपीएचआर) ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट पेश की, जिसमें अगस्त 2024 में बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद अल्पसंख्यकों की स्थिति पर प्रकाश डाला गया है. 'बांग्लादेश माइनॉरिटीज अंडर सीजः ए वेक-अप कॉल फॉर द इंटरनेशनल कम्युनिटी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में राजनीतिक परिवर्तनों के मद्देनजर देश में हिंदू समुदाय को प्रभावित करने वाली हिंसा और अशांति की घटनाओं का विवरण दिया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक, हसीना के इस्तीफे के बाद पांच से नौ अगस्त के बीच लूटपाट के 190 मामले दर्ज किए गए, 32 घरों में आग लगा दी गई, 16 मंदिरों को अपवित्र किया गया और यौन हिंसा की दो घटनाएं दर्ज की गईं. इसमें कहा गया कि 20 अगस्त तक सामने आईं घटनाओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई जिसमें हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के कुल 2,010 मामले, 69 मंदिरों को अपवित्र करने और 157 परिवारों पर हमलों की घटनाएं शामिल हैं.

**'इस्कॉन के लिए परिस्थितियां कठिन' :** इस्कॉन की कोलकाता ईकाई के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर जारी हमलों के कारण वहां संगठन के लिए परिस्थितियां कठिन हैं. दास ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों में कमी नहीं आने और कई बांग्लादेशी नेताओं द्वारा दिए गए कट्टरता को बढ़ावा देने वाले बयानों पर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए इस तरह की बयानबाजी पर रोक लगनी चाहिए.

### फडणवीस मंत्रिमंडल का विस्तार आज

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंत्रिमंडल का विस्तार आज होगा. नागपुर के राजभवन में शाम चार बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होने की संभावना है. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भाजपा के 21, शिवसेना के 12 और राकांपा के 10 विधायकों को मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. संभावित मंत्रियों को फडणवीस फोन कर इसकी जानकारी देने वाले हैं. महाराष्ट्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को भारी बहुमत मिलने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने पांच दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान पर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी. उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी. बताया गया है कि इन तीनों सहयोगी दलों के बीच विभागों को लेकर सहमति बन गई है.

# मणिपुर में केसीपी कैडर धराया भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**एजेंसी । इंफाल**



मणिपुर पुलिस ने बमडियार अवांग लेकाई से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय कैडर कोंथौजम जीवन मैतेई (43) को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान आरोपित के ठिकाने से भाड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए. अभियान में एक एसएलआर राइफल और एक मैगजीन, दो .303 राइफल, एक पंप एक्शन गन (बी/आर), तीन स्लीपिंग बैग, केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के 40 बैज, दो हैंडसेट चार्जर, एक मोबाइल चार्जर, एक बीपी कवर, एक टोपी, एसएलआर की दो जिंदा गोलियां, .303 राइफल की दो जिंदा गोलियां, पंप एक्शन गन की 12 जिंदा गोलियां, तथा दो बोरे बरामद हुए. पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. वहीं, एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने एक एमए 4 असॉल्ट राइफल, एक 12 बोर सिंगल बैरल गन, एक 9 मिमी पिस्तौल, एक .32 पिस्तौल, पांच हैंड ग्रेनेड, पांच आर्मिंग रिंग, दो डेटोनेटर, 30 नग 5.56 मिमी गोला-बारूद, दो 12 बोर गोला-बारूद, तीन 9 मिमी गोला-बारूद, दो .32 मिमी गोला-बारूद, एक इंटरनेट सैटेलाइट एंटीना, एक इंटरनेट सैटेलाइट राउटर और एफटीपी केबल बरामद किया गया है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)